आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज

जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड के प्रस्ताव को एलजी की मंजूरी

नेशनल पेज: 12

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 20 अक्टूबर, 2024 / पेज: 12+1 (वेब संस्करण) मूल्य ₹3.00/ लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 10 www.janexpresslive.com/epaper

करवा चौथ व्रत आज रखेंगी सुहागिन महिलाएं 03

## उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने की अहम बैठक

# जीतेंगे सभी सीटें: सीएम

- सीएम ने उपचुनाव को जीतने के लिए तय की मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां
- हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का सीएम ने दिया मंत्र

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है। मिल्कीपुर सीट का मामला कोर्ट में होने के कारण चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान नहीं किया है। यूपी उपचुनाव को लेकर सपा के साथ ही बीजेपी ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सभी राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और प्रभारी मंत्रियों के साथ बैठक हुई है। बैठक खत्म होने के बाद मंत्री जेपीएस राठौर ने दावा किया कि हरियाणा की तरह यूपी उपचुनाव में भी बाजी पटलने जा रही है। अखिलेश यादव तय कर लें, मिल्कीपुर सीट अभी हारना है या दो महीने बाद। बीजेपी सभी 10 सीट जीतने जा रही है।



### बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक

सीएम योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि उपचुनाव की सभी सीटें जीतने को लेकर बैठक में चर्चा हुई है। उपचुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता लगे इसको लेकर सीएम योगी, यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बीजेपी सभी 10 सीट पर अपनी तैयारी कर रही है। हम नहीं मान कर चल रहे है कि 10वीं सीट पर चुनाव नहीं है। वहीं मिल्कीपुर सीट पर मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सपा सांसद अवधेश प्रसाद की ओर से वकीलों को लगाया गया और चुनाव को रुकवाने का पूरा प्रयास किया गया है।

### हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से जुटें

बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी न छोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए।

### प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी 9 सीटों के लिए पूरी तैयारी कर चुकी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। चौधरी ने विश्वास जताया कि पार्टी न सिर्फ 9 घोषित सीटों पर विजय प्राप्त करेगी बल्कि जल्द ही दसवीं सीट भी घोषित होगी और वह भी भाजपा के खाते में ही जाएगी।

### इन सीटों पर होना है उपचुनाव

बता दें कि जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं उसमें 5 सपा और 5 एनडीए गठबंधन के पास थी। बीजेपी के खाते में 3 सीट थी। एक आरएलडी के पास थी और एक निषाद पार्टी के पास थी। कटेहरी, करहल, सीसामऊ, कुंदरकी सीट सपा ने 2022 में जीती थी। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट भी सपा के खाते में थी। जिस पर अभी तारीख नहीं आई है। इसके अलावा फूलपुर, मझवां, गाजियाबाद सदर, खैर, मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है।

### लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें

बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए।

### 'मिल्कीपुर सीट सपा को हारना ही है'

जेपीएस राठौर ने कहा कि समाजवादी पार्टी और उनके सांसद तय कर लें कि मिल्कीपुर सीट पर चुनाव अभी हारना है या दो महीने बाद हारना है। मिल्कीपुर सीट सपा को हारना है। बीजेपी सभी 10 की 10 सीट जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि अवधेश प्रसाद के द्वारा वकालतनामा लगाकर उनके 4 वकील वहां पर गए हैं उनके नाम हैं। इसका पूरा रिकार्ड है। उसके बाद भी सपा मुखिया झूठ बोल रहे हैं। मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव 2024 चुनाव में एक बार झूठ बोल चुके हैं, अब दोबारा झूठ चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव मिल्कीपुर चुनाव कराना चाहते हैं तो निर्वाचन आयोग को लिखकर दें। बीजेपी चुनाव कराना चाहती है।

### 'पूरा पीडीए बीजेपी के साथ है'

मंत्री ने आगे कहा कि पूरा पीडीए बीजेपी के साथ है उनके साथ कोई नहीं है। ये सिर्फ झूठ के सहारे चुनाव जीते थे। खटाखट, आरक्षण और संविधान का नेरेटिव बनाकर जनता को बरगलाकर और छलावा करके चुनाव जीतने का काम किया है। हरियाणा के बाद अब यूपी चुनाव में भी बाजी पलटने वाली है। बता दें, बैठक में सभी 10 सीटों के प्रभारी मंत्री मौजूद थे। सीएम योगी ने उपचुनाव को लेकर सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। यूपी में करहल, सीसामऊ, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवा और मीरापुर पर 13 नवंबर को वोट पड़ेंगे। हालांकि 10वीं सीट मिल्कीपुर सीट पर अभी चुनाव की तारीख का एलान नहीं हुआ है।

## सहारनपुर में गैस सिलेंडरों में ब्लास्ट

### घर में लगी आग, 12 से अधिक सिलेंडर धमाके के साथ फटे, दूर खेतों में जाकर गिरे

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के तल्हेड़ी गांव में शनिवार को एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। वहां सिलेंडरों से लदी पिकअप भी आग की चपेट में आ गई। इससे सिलेंडरों में तेज धमाकों के साथ आग लग गई। धमाकों के बीच सिलेंडर दूर खेतों में जाकर गिरे। स्थानीय लोगों ने दमकल और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया।

### घर के नीचे खोल रखा है रेस्टोरेंट

देवबंद क्षेत्र के गांव तल्हेडी में पनियाली रोड पर स्वर्गीय मीर हसन के पुत्रों नदीम, कलीम, वसीम, मुकर्रम, अकरम, मीर हसन आदि का मकान है। बताया जाता है कि मकान के बाहर ही इन लोगों ने एक छोटा सा रेस्टोरेंट खोल रखा है। जिसमें चाऊमीन पिज्जा आदि बेचते हैं। शनिवार को लगभग 4ः00 बजे शाम घर में रखे सिलेंडर में अचानक आग लग गई। यह आग रेस्टोरेंट के कारण लगी या कोई और कारण है इसका भी पता नहीं चल पाया है। बताया यह भी जाता है कि घर के एक साइड में एक पिकअप खड़ी थी। जिसमें लगभग एक दर्जन सिलेंडर रखे हुए थे।



### घर से होता है सप्लाई का काम

बताया जाता है कि इस घर से गैस सिलेंडर की सप्लाई का काम भी किया जाता है। पिकअप में सप्लाई करने के लिए ही गैस सिलेंडर रखे हुए थे। बताया जाता है कि इन सभी सिलेंडरों में आग लग गई। बहुत तेज विस्फोट हुए कुछ सिलेंडर तो खेतों में जा गिरे। हादसे से पूरे मकान में आग लग गई। आग लगते देख घर के सभी लोग बाहर आ गए। फायर ब्रिगेड की कई टीम मौके पर हैं। आग को बुझाने में जुटी हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया मकान के मालिक ने यहां पर एक मिनी गैस सप्लाई सेंटर खोल रखा था, आज गैस की गाड़ी आई थी और उसी वक्त यह दुर्घटना हुई है।

## खुद को तकनीकी विकास के साथ अपडेट रखें: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसेवकों से कहा कि उन्हें नवीनतम तकनीकी विकास की जानकारी रखनी चाहिए। इससे वे सरकारी कामकाज के मानकों को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोक सेवकों को हमेशा नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण पर फोकस करना चाहिए। यहां अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोक सेवकों को नए विचारों (आइडिया) के लिए स्टार्टअप्स, शोध संस्थानों और युवाओं की मदद लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास के साथ जानकारी को संभालना आसान हो गया है, जिससे नागरिकों को जानकारी देना और सरकारी गतिविधियों पर नजर रखना संभव हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, लोक सेवकों को नवीनतम तकनीकी विकास क साथ अपडेट रहना चाहिए, ताकि वे सरकार के बढ़ते मानकों को पूरा कर सकें। मिशन कर्मयोगी इस दिशा में मददगार साबित हो सकता है। मिशन कर्मयोगी को सितंबर 2020 में शुरू किया गया था, जिसका मकसद लोक सेवकों की क्षमता का विकास करना है। उन्होंने नवाचार और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विभागों से फीडबैक तंत्र बनाने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा कि दुनिया एआई को एक अवसर के रूप में देख रही है। भारत के लिए यह एक चुनौती और अवसर दोनों प्रदान करता है। उन्होंने एआई और आकांक्षी भारत के बीच संतुलन बनाने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि अगर हम सफलतापूर्व एआई का उपयोग आकांक्षी भारत के विकास के लिए करते हैं, तो यह क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। उन्होंने लोक सेवकों के प्रशिक्षण संस्थानों में तालमेल की कमी की ओर भी इशारा किया और कहा कि हमने उनके बीच भागीदारी और सहयोग को बढ़ाने का प्रयास किया है।



## एक्सप्रेस खबरें...

### भारत ने अमेरिका को दिया खनिज साझेदारी समझौते का प्रस्ताव, इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों को मिलेगा लाभ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। भारत ने अमेरिका को महत्वपूर्ण खनिज साझेदारी समझौते का प्रस्ताव दिया है। इससे भारत की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों को अमेरिकी बाजार में बड़ा लाभ मिलेगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि हाल ही अमेरिका यात्रा के दौरान मैनें भारत की ओर से यह मुद्दा उठाया। हालांकि इस दौरान भारत-अमेरिका के बीच खनिज आपूर्ति बढ़ाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैंने महत्वपूर्ण खनिज एमओयू को साझेदारी समझौते में बदलने का सुझाव दिया है। यह मुक्त व्यापार समझौते की दिशा अहम पहल होगी। हालांकि अमेरिका अभी किसी भी देश के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अमेरिका और जापान ने खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### अंडमान सागर पर चक्रवाती प्रसार के कम दबाव में बदलने की संभावना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवाती प्रसार मध्य अंडमान सागर के ऊपर बना हुआ है। इसके चलते 21 अक्तूबर के आसपास बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके बाद ऐसा हो सकता है कि हवाएं उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ें और 23 अक्तूबर के आसपास और तीव्र दबाव में तब्दील हो जाएं। मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि 21 अक्तूबर के आसपास कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद ही चक्रवात की सही तस्वीर सामने आएगी। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने इस बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की है कि क्या सिस्टम चक्रवाती तूफान में विकसित होगा। चूंकि अक्तूबर को चक्रवातों के महीने के रूप में जाना जाता है और कुछ मौसम मॉडल चक्रवात की संभावना का संकेत दे रहे हैं।

## करवा चौथ पर इतराया शहर का बाजार 150 करोड़ की हुई साड़ियों की बिक्री



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

रविवार को करवा चौथ के त्योहार को लेकर शनिवार को बाजारों में खूब रौनक रही। सराफा से लेकर साड़ी बाजार तक। गिफ्टिंग आयटम्स से लेकर बर्तन की दुकानों तक। मेंहदी से लेकर मेकअप व खील बताशों की दुकानों तक पर महिलाओं की खूब भीड़ रही। ज्वैलरी शॉप पर पतियों ने जहां अपनी पत्नियों को गिफ्ट देने के लिए मंगलसूत्र और ब्रेसलेट खरीदे तो वहीं साड़ी की दुकानों पर महिलाओं ने लाल, सुनहरी, मरून जैसे चटख रंगों की साड़ियां खरीदीं। गिफ्टिंग में अपनी पत्नियों को देने के लिए एनालॉग व प्रीमियम रेंज की खूब घड़ियां भी बिकीं। जबकि, मुख्य आकर्षण सोने व चांदी के करवा रहे। सोने का करवा जहां 12 लाख रुपये में बिका तो चांदी का डेढ़ लाख का। इसके अलावा पीतल व मिट्टी के करवा की दुकानों पर भी मध्यम वर्ग की महिलाओं की भीड़ रही। अनुमान के मुताबिक अकेले करवा चौथ पर ही शहर के अलग अलग सेक्टर से 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ।

## मुरादाबाद में महिला कॉन्स्टेबल की हत्या

### सिर धड़ से 50 मीटर दूर मिला, सिपाही पति हिरासत में, दोनों रामपुर में तैनात थे

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मुरादाबाद में 17 अक्टूबर को रामगंगा के किनारे मिली सिरकटी लाश पुलिस कॉन्स्टेबल की थी। उसका नाम रिंकी था और रामपुर के महिला थाने में तैनात थी। वह 15 दिन से गायब थी। मायके वालों ने रामपुर के सिविल लाइंस थाने में रिंकी के पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने बेटी की हत्या कर लाश छिपा देने का आरोप लगाया था। स्क्र सिटी रणविजय सिंह ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- रिंकी का पति सोनू कुमार रामपुर में ही स्पेशल ब्रांच (इंटेलिजेंस यूनिट) में तैनात है। सोनू ने रामपुर के सिविल लाइंस थाने में पत्नी की गुमशुदगी 15 अक्टूबर को दर्ज कराई थी। कहा था- पत्नी बिना बताए कहीं चली गई है। उसको पुलिस ने हिरासत में लिया है। रिंकी और सोनू दोनों बिजनौर जिले के रहने वाले थे। रिंकी बिजनौर के थाना चांदपुर के गांव दरबड़ की रहने वाली थी। सोनू कुमार बिजनौर के इसी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर का रहने वाला था। 2013 में दोनों की शादी हुई थी। रिंकी की मां हरवती देवी ने पुलिस को बताया कि रिंकी के 2 बच्चे हैं। बड़ा बेटा आरव कुमार 12 साल का है, जबकि छोटा बेटा अक्षित 9 साल का है। स्क्र सिटी ने बताया- दोनों की पोस्टिंग रामपुर में ही थी। महिला की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और दूसरे दस्तावेज रामपुर की सिविल लाइंस पुलिस के हवाले कर दिए गए हैं। वहां पहले से इस मामले में केस दर्ज है। इसलिए इस केस की विवेचना अब रामपुर पुलिस करेगी। रिंकी की मां हरवती ने पुलिस को बताया- मेरा दामाद सोनू कुमार बेटी के चरित्र पर शक करता था। इसी बात को लेकर वो अक्सर उसे परेशान करता था और मारपीट भी करता था। सोनू कुमार को शक था कि रिंकी के बिजनौर में अपने ही गांव के रहने वाते ओमपाल से अवैध संबंध हैं।



### 30 दिन से छुट्टी पर थी रिंकी

रामपुर की महिला थाना प्रभारी ने बताया- कॉन्स्टेबल रिंकी 2011 बैच की सिपाही थी। वह 30 दिन के छुट्टी पर थी। उसे 14 अक्टूबर को ड्यूटी जॉइन करनी थी, लेकिन ड्यूटी पर नहीं लौटी। इसके बाद पुलिस लाइन में उसकी गैरहाजिरी दर्ज की गई थी।

### 17 अक्टूबर को झाड़ियों में मिला था शव

कटघर के देवापुर गांव के लोग 17 अक्टूबर को खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें रामगंगा नदी किनारे झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा दिखा था। सूचना मिलने पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और एसओजी को भी मौके पर बुलाया गया। टीमों ने आसपास सर्च ऑपरेशन चलाया तो घटनास्थल से 50 मीटर की दूरी पर महिला का सिर पड़ा मिला था। पुलिस टीमों ने इसके बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी रखा था। इस दौरान कल्याणपुर बाईपास पुल के पास रामगंगा में करीब 7 साल के बच्चे का भी शव मिला था। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया था।

**रिपोर्ट** आरोप है कि अखिलेश यादव सरकार में खनन मंत्री रहने के दौरान गायत्री प्रजापति ने इन संपत्तियों को घोटाले की रकम से अपने करीबियों के नाम खरीदा था

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की फजीहत बढ़ी

- लखनऊ में चार और बेनामी संपत्ति इनकम टैक्स विभाग की ओर से जब्त की जाएंगी
- इन संपत्तियों की खरीद-परोख्त पर भी रोक लगाने के लिए रजिस्ट्री ऑफिस को पत्र भेजा गया है

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। सपा सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की फजीहत और बढ़ने जा रही है। पूर्व मंत्री की लखनऊ में चार और बेनामी संपत्ति इनकम टैक्स विभाग की ओर से जब?त की जाएंगी। इतना ही नहीं, इन संपत्तियों की खरीद-परोख्त पर भी रोक लगाने के लिए रजिस्ट्री ऑफिस को पत्र भेजा गया है। आरोप है कि अखिलेश यादव सरकार में खनन मंत्री रहने के दौरान गायत्री प्रजापति ने इन संपत्तियों को घोटाले की रकम से अपने करीबियों के नाम खरीदी थीं।



### गायत्री प्रसाद प्रजापति की 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त हो चुकी है

सपा शासन काल में 2012 से 2016 के बीच गायत्री प्रसाद प्रजापति खनन मंत्री थे। उनके खनन मंत्री रहने के दौरान 100 करोड़ का घोटाला सामने आया था। इस मामले की सीबीआई जांच कर रही है। साथ ही, आयकर विभाग भी जांच कर रहा है। खनन के इस घोटाले में कई आईएएस अफसर के भी नाम सामने आए थे। इस मामले में सपा मुखिया अखिलेश यादव से भी सीबीआई पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की करीब 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब?त कर चुकी है। जांच में सामने आया कि पूर्व मंत्री ने घोटाले की कमाई से कई संपत्तियां खरीदी थीं।

### लखनऊ के मोहनलालगंज, आशियाना और गोमती नगर में संपत्तियां खरीदीं

अब इनकम टैक्स विभाग भी पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के नाम पर खरीदी गई संपत्तियों का ब्योरा खंगाल रहा है। जांच में पाया गया कि गायत्री प्रसाद और उनके बेटों ने कई फर्जी कंपनियां बनाकर मुंबई और पुणे में कीमती विला और फ्लैट खरीदे। इसके अलावा पूर्व मंत्री ने अपने करीबियों के नाम पर लखनऊ के मोहनलालगंज, आशियाना और गोमती नगर में संपत्तियां खरीदीं। ये सभी आवासीय भूखंड हैं। इनकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अब इन संपत्तियों की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने के लिए लखनऊ रजिस्ट्री ऑफिस को भी पत्र भेजा है।

### नाबालिग से रेप केस मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे

पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति जेल में बंद है। वह नाबालिग से रेप केस मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। साल 2017 में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। चित्रकूट की एक महिला ने गायत्री प्रजापति समेत 6 लोगों पर अपनी नाबालिग बेटी के साथ गैंगरेप का आरोप लगाया था। नशीला पदार्थ मिलाकर नाबालिग से रेप का आरोप था।

## हिरासत में लिए गए केंद्रीय मंत्री बंडी संजय

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना पुलिस ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार को हिरासत में लिया। मंत्री तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीपीएससी) की समूह-1 परीक्षा के अभ्यर्थियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होने इस समूह-1 की मुख्य परीक्षा को टालने की मांग को लेकर हैदराबाद में एक धरना आयोजित किया और %सचिवालय चलो% रैली आयोजित की थी। यह विरोध प्रदर्शन अशोक नगर में हुआ, जो लोक सेवा के कोचिंग संस्थानों का केंद्र है। मंत्री ने छात्रों के साथ मिलकर परीक्षा को फिर से कराने को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने लोगों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश की।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सहायक ऑपरेटर चयन में फर्जीवाड़े का आरोप

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मऊ तहसील के बरिया निवासी बल्देव प्रसाद ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में सचिव द्वारा सहायक आपरेटर का चयन फर्जी तरीके से किया गया है। आरोप लगाया कि आवेदिका की मां ग्राम पंचायत सदस्य थी। जिनका इस्तीफा फर्जी तरीके से कराकर दो वर्ष तक इस पद का चयन रोककर शासन-प्रशासन को गुमराह किया गया। इस चयन में शासनादेशों की धज्जियां उड़ाते हुए ग्राम प्रधान के मन मुताबिक चयन न होने पर दोबारा आवेदन लिए गए। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

### अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को 46 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसमें थाना पहाड़ी के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनीष कुमार तथा उनके हमराही आरक्षी आनन्द प्रताप सिंह ने आरोपी प्रेमकुमार निवासी बछरन थाना पहाड़ी को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक राजेश कुमार तथा उनके हमराही आरक्षी बब्बू राजा, आरक्षी चालक पवन यादव द्वारा आरोपी कंचन सिंह पुत्र कुबेर सिंह निवासी बसिला थाना रैपुरा को 26 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### सुनी गई शिक्षकों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शनिवार को शिक्षक समस्या समाधान दिवस का आयोजन बीआरसी रामनगर में किया। जिसमें लगभग 21 शिक्षकों की समस्याएँ प्राप्त हुई। जिसमें खंड शिक्षाधिकारी ने कुछ समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कार्यवाही की और शेष समस्याओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय व वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय को अग्रसारित किया। शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का ध्येय है कि हर शिक्षक समस्या विहीन हो और वह पूरे मनोयोग से कार्य करे। इस मौके पर ब्लाक मंत्री व्यास नारायण त्रिपाठी, उपाध्यक्ष सतीश सिंह, अनुराग पांडेय, रामशंकर सिंह, सुधीर मिश्रा, विराग शुक्ला, अरुण कुमार वर्मा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### राजकीय पॉलिटेक्निक में रिक्त सीटों पर स्पॉट काउंसलिंग से मिलेगा सीधा प्रवेश

**जन एक्सप्रेस/बरगढ़, चित्रकूट।** राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी राजकीय अनुदानित एवं प्राइवेट पॉलिटेक्निक में तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग तथा अन्य पाठ्यक्रमों (फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर) में सातवें चरण की काउंसलिंग के पश्चात, रिक्त रह गई सीटों पर प्रवेश के लिए 22 अक्टूबर को स्पॉट काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। इस स्पॉट काउंसलिंग में प्रवेश परीक्षा 2024 में सम्मिलित ऐसे छात्र, जिन्होंने अभी तक किसी भी पॉलिटेक्निक में प्रवेश नहीं लिया है, प्रवेश के लिए पात्र होंगे। रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाइट पर 21 अक्टूबर दी जाएगी। ऐसे में प्रवेश के इच्छुक छात्र 22 अक्टूबर को प्रातः नौ से दोपहर दो बजे तक अपनी इच्छित पॉलिटेक्निक संस्था में उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### खेलकूद समारोह संपन्न

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** एकल अभियान के तहत आयोजित खेलकूद समारोह शनिवार को किया गया। रामनगर, मऊ, मानिकपुर, कर्वी, पहाड़ी, बबेरु, कमासिन व तिंदवारी के बाल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत दिव्यजीवनदास, राजेश्वर और अर्चना ने किया। आयोजन की अगुवाई कर रहे सम्भाग दक्षिण उत्तर प्रदेश के ग्राम विकास शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रहलाद ने बताया कि बालक वर्ग दौड़ में 100 मी. में पंकज, 200 मी. में अभिलाष यादव, 400 मी. में पंकज कुमार, बालिका वर्ग दौड़ में 100 मी. में अर्चना, 200 मी. में गंगा देवी, 400 मी. में रीतू देवी ने पहला स्थाना प्राप्त किया। इस मौके पर कोच देवनारायण, ज्ञान सिंह, ओम प्रकाश, राजेश व नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### भतीजे की हत्या कर फरार हत्यारोपी चाचा गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र में अपने ही भतीजे की हत्याकर फरार हुए आरोपी चाचा को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर मे 29 सितंबर को अरुण कुमार 26 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद को उसके चाचा बाबू मिस्त्री ने घरेलू विवाद के चलते मंदिर से सांग उठाकर हमला बोल कर मौत के घाट उतार दिया था और आरोपित भाग गया था।

# न परमिशन न रॉयल्टी : माफियाओं ने खोद डाली करोड़ों की मिट्टी

## रात के अंधेरे में माफिया कर रहे हैं अवैध खनन, जिम्मेदार बने अनजान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मानिकपुर तहसील अंतर्गत रमपुरिया में खनन माफिया तेजी से सक्रिय है। बिना परमिशन और रॉयल्टी के ही खनन माफियाओ ने 10 से 15 फीट तक गहरे गड्ढे कर भारी मात्रा में मिट्टी खोद डाली गई। वही खनन में लगे ट्रैक रात को यमराज का रूप धर दौड़ते हैं, जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। अगर कोई माफियाओ के वाहनों के सामने आता है तो वह वाहन चढ़ाने से भी परहेज नहीं करते। वही जब इस मामले को लेकर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया की इस मामले की जानकारी हुई है। बिना परमीशन लिए त्रिशूल कंट्रक्शन भोपाल द्वारा अवैध खनन कराया जा रहा है। जिनके द्वारा लगभग 20 हज़ार 320 घन मीटर अवैध खनन किया गया है। जल्द ही नोटिस देकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



**मौके पर अवैध खनन करते मिला ठेकेदार**

अवैध खनन की शिकायत पर एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा द्वारा राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेज कर जांच कराई गई तो वहां रेलवे दोहरी करण के लिए ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से बड़े एरिए में मिट्टी खनन किया जा रहा था। जांच करने मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने ठेकेदार को अवैध खनन करते पाया है। जहां मशीनरी लगाकर बड़े एरिए में बगैर परमीशन के अवैध तरीके से मिट्टी निकाली जा रही है। उपजिलाधिकारी मानिकपुर ने कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सड़क हादसे में घायल हुए वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर शुक्रवार की रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हमीरपुर के राठ थाना क्षेत्र के ग्राम वकरई निवासी कदीर उर्फ मुन्ना 65 गुरुवार को हमीरपुर के धनौरा गांव जा रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। लोगों ने उसकी पहचान करने के बाद सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। जहां पर शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि उसके पांच बेटियां व दो बेटे हैं और वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सलमा व बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मेडिकल कॉलेज में वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



**जन एक्सप्रेस । उरई**

मेडिकल कॉलेज में शनिवार को प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी के नेतृत्व में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु समस्त चिकित्सकीय टीम की उपस्थिति में वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रधानाचार्य डा. त्रिवेदी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रत्येक वर्ष मेडिकल कॉलेज में छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जैसे क्रिकेट, इन्डोर गेम्स, आउटडोर गेम्स, रंगोली, डांसिग, सिंगिंग, आर्ट इत्यादि के विभिन्न कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगितायें होंगी। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां की जायेगी। इस दौरान कला के ढेरों रंग देखने को मिलेंगे। जहां एक ओर नाट्य व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तो वहीं दूसरी ओर हिंदी, अंग्रेजी की साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं की मजबूत व सोच से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इस दौरान कार्यक्रम में डा. प्रशांत निरंजन चिकित्सा अधीक्षक, डा. जीतम सिंह राजपूत, डा. चरक सांगवान, डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह, डा. अरूण अहिरवार, डा. रविंद्र राजपूत, डा. सुधांशु, डा. शैलेश वर्मा, डा. सुनित सचान, डा. कुलदीप इत्यादि समस्त चिकित्सा शिक्षक व छात्र एवं छात्राए उपस्थित रहे।

# चार चोरियों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बरगढ़, चित्रकूट**

बरगढ़ क्षेत्र में लगातार नियमित अंतराल में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। साथ ही चोरी किए गए माल समेत दो चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

बरगढ़ थाना प्रभारी राकेश मौर्या ने बताया कि बीती शाम प्राप्त सूचना के आधार पर एसओजी एवं थाना बरगढ़ की पुलिस टीम ने चोरी के आरोपी बरगढ़ निवासी अबरार तथा नीरज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात व तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पूंछतांछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि दोनों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर करीब तीन माह पहले पनिहाई रोड मौजा सेमरा में एक घर के अन्दर से जेवरात व रुपये तथा रोड के किनारे सो रहे व्यक्तियों के पास से छह मोबाइल चोरी किए थे। इसके बाद करीब दो माह पूर्व मस्तान साहब बाबा की कुटी के पीछे एक मकान से जेवरात व रुपये चोरी किए थे। इस घटना के 10-12 दिन बाद बरगढ के स्टेशन रोड कार्तिकेय स्कूल के बगल में स्थित मकान से जेवरात व रुपये चोरी किए थे।

इस घटना के 22-23 दिन बाद स्टेशन रोड पर ही कोलमजरा मोड के पास स्थित एक मकान से जेवरात, लैपटॉप व रुपये चोरी किए थे। बताया कि इन चारों चोरियों से प्राप्त रुपयों को आपस मे बाँट लिया था तथा सारा जेवरात पकडे जाने के डर से रखे हुए थे। चोरी में प्राप्त लैपटॉप किसी अंजान व्यक्ति को बेच दिया तथा चोरी के सभी जेवरात लेकर प्रयागराग बेचने के लिए लेकर जा रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना बरगढ़ में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत गए है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसओजी के प्रभारी निरीक्षक एमपी. त्रिपाठी, आरक्षी रोहित सिंह, रोशन सिंह, पवन राजपूत, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा व पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य, उपनिरीक्षक पवन प्रधान, राधेश्याम सिंह, मुख्य आरक्षी चालक रमेश चन्द्र व आरक्षी रंजीत यादव शामिल रहे।

## अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बाइक, बाबा व नातिन घायल

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में बगरा रोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अंनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। जिससे बाइक सवार बाबा व नातिन घायल हो गई। जिन्हें ग्रामीणों ने सीएचसी में भर्ती कराया। गम्भीर चोट लगने से बाबा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के गांव दवकाई निवासी दयाराम राजपूत 54 वर्ष अपनी नातिन राशि 13 वर्ष के साथ बाइक से माधौगढ़ बाजार करने आए थे। बताया गया कि वह बाजार करने के बाद दोपहर को घर वापस लौट रहे थे। तभी बाइक अचानक अंनियन्त्रित होकर बंगरा नहर में गिर गई और दोनों लोग घायल हो गए। हादसा देखकर ग्रामीणों ने दोनों को वाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

# भागवत कथा का दूसरा दिन : भूमंडल का अत्यंत पवित्र तीर्थ है चित्रकूट धाम : दीक्षित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन पांडव चरित्र, शिव विवाह की कथा का रसपान भागवताचार्य ने श्रोताओं को कराया। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास में स्नान, दान, पूजन व कथा सुनने का विशेष महत्व है। इसी माह गोवर्द्धन पूजा, दामोदर लीला, तुलसी विवाह की तिथियां आती हैं। चित्रकूटधाम भूमंडल का अत्यंत पवित्र तीर्थ है।

धर्मनगरी के सीतापुर स्थित राष्ट्रीय रामायण मेला प्रेक्षागृह में स्व छंगूलाल जोशी की स्मृति में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि हिमालय की पुत्री पार्वती से शिव का विवाह हुआ तो समस्त देवी देवताओं ने आर्शीवाद प्रदान किया। शिव बारात में भूत, प्रेत, पिशाच को देखकर पार्वती की मां अत्यंत विचलित हो जाती है। यह देख भोलनाथ ने मनोहारी रूप धारण किया। शिव के इस रूप को देवताओं ने चन्द्रशेखर नाम दिया। फिर धूमधाम से शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। इसी क्रम में कथा व्यास ने पांडव चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि चित्रकूट में मंदाकिनी



नदी जीवनदायिनी है। इसी तट पर स्वयंभू शिवलिंग विराजमान हैं। प्रभु श्रीराम, सीता नित्य यहां निवास करते हैं। इसलिए चित्रकूट में कथा श्रवण करने का अत्यधिक महत्व है। यह क्षेत्र कथा, यज्ञ, साधना के लिए अतिश्रेष्ठ माना जाता है। इस मौके पर कथा परीक्षित विद्या देवी के अलावा बड़ी तादाद में श्रोतागण मौजूद रहे।

## दलित समाज के किसान नौजवानों ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**जन एक्सप्रेस । उरई**

कांग्रेस कार्यालय रामनगर शहीद भवन में शनिवार को जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में नदी गांव ब्लॉक से दलित समाज के नौजवान किसान साथियों ने कांग्रेस का दामन थामा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सभी साथियों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराकर कांग्रेस की पटिका पहनाकर सभी का जोरदार स्वागत किया।

कहा कि आप लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। आप लोगों की रक्षा और सम्मान का दायित्व का काम अब हमारा है। आप लोग कांग्रेस का साथ दोगे तो कांग्रेस हमेशा ही कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी है। कभी भी किसी प्रकार की तकलीफ पर जिला कांग्रेस कमेटी आप सभी के दुख सुख में साथ रहेगी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव संतराम नीलांचल ने जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के कार्य करने की शैली के शुभ संकेत आगे भविष्य में जनपद जालौन में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी सदस्यता ग्रहण करने वालों में तुलाराम वर्मा, बालक राम जाटव, अमित कुमार जाटव, संतराम वर्मा, शिवपाल कदेरे, राजेश कुमार, जितेंद्र करण, आकाश जाटव, शैलेंद्र, शिवपाल सिंह वर्मा, मुन्नालाल जाटव आदि लोगों ने सदस्यता ग्रहण की कांग्रेस में आस्था व्यक्ति की।

# पुलिस ने विश्वासघात कर गेंहूं चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में राजापुर थाना पुलिस ने व्यापारी के साथ विश्वासघात कर गेंहूं की चोरी करने वाले दो आरोपियों को को 346 बोरी गेहूं, ट्रक व बिक्री के 50 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

राजापुर थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने बताया कि बीते 10 अक्टूबर को पराको निवासी गल्ला व्यापारी उमेश चन्द्र साहू पुत्र राधेश्याम ने सूचना दी थी कि बीती 30 सितम्बर को उनके द्वारा मोटर मालिक कृष्ण कुमार पाल के ट्रक पर 600 बोरी (361 क्विंटल 60 किलो) गेहूं लादकर पूने अहमद नगर महाराष्ट्र के लिये रवाना किया था। पांच दिन बाद उनके द्वारा सम्पर्क करने पर पता चला कि निर्धारित जगह पर उनका गेंहूं नहीं पहुंचा तथा ट्रक मालिक कृष्ण कुमार



का भी मोबाइल बंद मिला। इस सूचना पर थाना राजापुर में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा आरोपियों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के लिए राजापुर थाना टीम को लगाया गया। जिस पर बीती रात बोड़ी पोखरी चैराहे से सम्बन्धित ट्रक को ट्रक मालिक/चालक कृष्ण कुमार पाल निवासी मोठीन थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ व सहायक चालक करम अली निवासी रामापुर थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। ट्रक से 346 बोरी गेहूं बरामद किया गया तथा आरोपियों के कब्जे से 50,060 रुपये बरामद किए गए। पूंछतांछ करने पर गाड़ी मालिक/चालक कृष्ण कुमार पाल ने बताया गया कि काफी कर्ज हो जोने के कारण उसकी नीयत खराब हो गयी थी। बताया कि 600 बोरी में से 254 बोरी गेहूं बेंच दिया है तथा बचे हुये माल को बेंचने के लिए सतना ले जा रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक इमरान खान, उपनिरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह, आरक्षी प्रकाश मिश्रा व अजय मिश्रा शामिल रहे।

## प्रेमी जोड़े ने एक साथ एक ही कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**

- लंबे समय से दोनों में चल रहा था प्रेम प्रसंग, शादी ना हो पाने के कारण परेशान थे दोनों लोग

कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ागांव में शादी ना हो पाने से परेशान प्रेमी जोड़े ने एक ही कमरे में एक साथ गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली।कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी 24 वर्षीय कुंवर लाल पुत्र गोपीलाल का पड़ोस में रहने वाली 18 वर्षीय पूनम पुत्री रामप्रकाश के साथ करीब तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया गया है कि दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी उनके घरवालों को थी लेकिन पड़ोस का मामला होने के कारण दोनों परिवार बात को दबाए रहे। इसी प्रेमी युगल छुप-छुपकर मिलते रहे लेकिन शादी न हो पाने के कारण वह परेशान रहते थे। शुक्रवार की रात को कुंवर लाल अपने घर के बाहर वाले कमरे में लेटा था। इसी दौरान रात में उसकी प्रेमिका पूनम भी घरवालों से छिपकर उसके कमरे में आ गई। बताया कि रात में ही दोनों ने रस्सी के फंदे से एक साथ लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पूनम की मां कमला उर्फ रामप्यारी ने घर में जाकर देखा तो उसकी पुत्री नहीं थी। लेकिन उसने आसपास खोजा पर युवक के घर नहीं गई। सुबह जब युवक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसके परिजनों ने खिड़की से देखा तो युवक व युवती दोनों एक ही फंदे पर लटके हुए थे। एक साथ दोनों को फांसी पर लटकता हुआ देखकर घर में चीख पुकार मच गई। घर में मचा शुगर गुल सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की खबर मिलते ही सीओ एके सिंह, थानाध्यक्ष प्रभात सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने घटना की हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल कर शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क पर मवेशी आने से अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, एक की मौत-एक घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बाइक गोविंदम के पास सामने मवेशी आ जाने से अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरेखी निवासी 65 वर्षीय किसान शंभू सिंह 65 वर्ष गुरुवार की रात को चालक शैलेन्द्र सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर उरई से अपने घर जा रहा था। तभी देर रात उसकी बाइक हाईवे स्थित गोविंदम के पास पहुंची तभी सामने गोवंश आने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दोनों घायल हो गए। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने मामले की खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए दोनों लोगों को गंभीर हालत में उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर शंभू सिंह की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। जहां पर हालत में सुधार न होने पर उसे झांसी से ग्वालियर भेज दिया गया। जिसने ग्वालियर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दमतोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव मेडिकल कालेज वापस लाए जहां पर चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से किसान के दो पुत्र शिवकुमार व नीलू व पत्नी रामदुलारी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ग्रामीण ने की जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** मऊ तहसील के मंडौर निवासी संवारे ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि विकासखंड मऊ के ग्राम पंचायत मंडौर में मनरेगा से खेत समतलीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके बम्बुरा गांव के खेत में मनरेगा योजना के अंतर्गत समतलीकरण के नाम पर धन का बंदरबांट किया गया है। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# गुणवत्ता के साथ कराएंगे समस्याओं का निस्तारण : डीआईजी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र चित्रकूट धाम मंडल बादा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार कर्वी में आयोजित किया गया।

समाधान दिवस में पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि राजस्व के साथ अन्य विभागों की जो समस्याएं आती है, उनके समाधान के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि मिले। जनपद की रैंकिंग निर्धारित करने में इसका फीडबैक भी लिया जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण कराए एवं आपके निस्तारण से फरियादीयो को संतुष्टि भी मिलना चाहिए। सभी अधिकारी अपने विभागों की समस्याओं का समय से निस्तारण कराए।

कहा कि एक हफ्ते बाद जनपद में दीपावली का उत्सव लगभग पांच दिनों तक चलेगा, जो बुंदेलखंड का महत्वपूर्ण पर्व है। कहा कि मेले से संबंधित अधिकारी मेला परिक्षेत्र में भ्रमण करते हुए मेले को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग व विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि समय-समय पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखें। उपमहानिरीक्षक ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से कहा कि आप लोग भी भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखें। इस दौरान तहसील समाधान कर्वी में प्राप्त 80 समस्याओं में से चार का मौके पर



निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, अधिसाशी अभियन्ता विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल यादव आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार राजापुर में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम और उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने जनसमस्याएं सुनीं। यहा प्राप्त 67 प्रार्थना पत्रों में से पांच का निस्तारण मौके पर किया गया। इसके अलावा मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद व उपजिलाधिकारी पंकज वर्मा तथा मऊ में उपजिलाधिकारी सौरभ यादव ने जनसमस्याएं सुनीं।



### देश में लगातार बढ़ रही विमानों में बम की...

देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी शनिवार के दिन देखी गई है, जानकारी के मुताबिक सिर्फ शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों में बम की धमकी मिली है। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# बाजरा बोने वाले किसानों की बल्ले बल्ले

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मोटे अनाजों में शामिल बाजरा बोने वाले किसानों की बल्ले बल्ले होगी। इसी तरह चना बोने वाले किसानों को भी चैन मिलेगा। साथ ही गन्ना किसानों के लिए गन्ने की मिठास और बढ़ जाएगी। साथ ही मूंगफली की मांग बढ़ने से उत्पादक क्षेत्र के किसानों को भी लाभ होगा।



### योगी सरकार एक फैसले से होगा इतना सब कुछ

यह सब कुछ होगा योगी सरकार द्वारा लिए गए एक हालिया निर्णय के नाते। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि वह प्रदेश के 1.57 लाख परिषदीय प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले करीब 1.48 करोड़ बच्चों को मध्यान्ह भोजन के गुरुवार के मीनू में बेहतर पोषण के मद्देनजर बदलाव करेगी। इसके तहत अब बच्चों को हर गुरुवार को बाजरे/रामदाने का लड्डू देगी। अन्य विकल्प होंगे गुड़ और तिल (तिलवा), भुना चना, मूंगफली की चिक्की और गजक। सरकार फिलहाल इस पर 95 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसमें केंद्र और प्रदेश का हिस्सा क्रमशः 57 करोड़ और 38 करोड़ रुपए होगा।

### बढ़ेगी किसानों की आय, बच्चों की सेहत बोनस में

यकीनन योगी सरकार के इस फैसले से संबंधित फसलों की मांग बढ़ेगी। मांग बढ़ने पर वाजिब दाम मिलने से उत्पादक किसानों को वाजिब दाम भी मिलेंगे। बतौर बोनस सबसे बड़ा लाभ तो इससे होने वाला बच्चों का स्वास्थ्य है। उल्लेखनीय है कि खाद्यान्न सुरक्षा के बाद अब पोषण संबंधी सुरक्षा ही महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों और महिलाओं में। इसमें भी सर्वाधिक ध्यान प्रोटीन और आयरन पर देने की जरूरत है। सरकार ने योजना के तहत जिन अनाजों का चयन किया है उनमें प्रोटीन और आयरन के साथ अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता का भी ध्यान रखा है। मसलन मूंगफली, चना, रामदाना में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन उपलब्ध होता है। बाजरा अन्य पोषक तत्वों के साथ आयरन का अच्छा सोर्स है।

### एक नजर चयनित अनाजों के पोषक तत्वों पर

- **मूंगफली:** इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन और फैट मिलता है। इसमें इनकी उपलब्धता क्रमशः 25 और 50 फीसद की होती है। इसके अलावा 10 फीसद फाइबर,विटामिन ई, मैग्नीशियम- मूंगफली में मैग्नीशियम, पोटैशियम,आयरन, जिंक और कॉपर भी होता है।
- **चना:** अन्य दलहनी फसलों की तरह चना भी प्रोटीन का अच्छा सोर्स है। इसमें चने में लगभग 19 फीसद प्रोटीन होता है। इसके अलावा 10 फीसद फाइबर, 2 फीसद फैट, विटामिन बी 6 मैग्नीशियम, चने में मैग्नीशियम, पोटैशियम, आयरन, जिंक और कॉपर मिलता है।
- **रामदाना:** में भी करीब 20 फीसद प्रोटीन होता है।
- प्रोटीन के अलावा इसमें, फाइबर, फैट, विटामिन बी6,
- मैग्नीशियम,पोटैशियम,जिंक, कॉपर और आयरन मिलता है।
- **बाजरा:** इसमें भी करीब 12-15 फीसद प्रोटीन होता है। यह आयरन का अच्छा सोर्स है। उम्र, लिंग और स्वास्थ्य के अनुसार सबको प्रति दिन अलग अलग मात्रा में आयरन की जरूरत होती है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं और गर्भवती महिलाओं को अधिक आयरन की जरूरत होती है। प्रति 100 ग्राम बाजरे में लगभग 4-5 मिलीग्राम आयरन होता है। इसके अलावा बाजरे में फाइबर- बाजरे में फाइबर, फैट, विटामिन बी6, मैग्नीशियम- बाजरे में मैग्नीशियम, आयरन- बाजरे में आयरन, जिंक और कॉपर भी होता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

अपोलो नवी मुंबई में कार्यरत वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तृप्ति दूबे के अनुसार आयरन की कमी से होने वाली एनीमिया आम है। खासकर किशोर उम्र की लड़कियां और गर्भवती महिलाओं में। इनको इस तरह के अनाज और फल, सब्जियां खाने की सलाह दी जाती है। इसी तरह मांसपेशियों के निर्माण में प्रोटीन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह शरीर में होने वाले टूट फूट को भी रिपेयर करता है। हर उम्र के लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके 2020 में हुए एक सर्वे के मुताबिक करीब तीन चौथाई भारतीयों में प्रोटीन की कमी है। योगी सरकार के इस फैसले से बच्चों और की सेहत पर दूरगामी असर पड़ेगा। साथ ही विविधिकरण के जरिए खेतीबाड़ी का भी कायाकल्प होगा।

## सीएम योगी फिर बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए सक्रिय सदस्य के रूप में फिर से स्वयं को पार्टी के प्रति समर्पित किया है। सीएम योगी ने यह नवीनीकरण भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत किया है, जिसे पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित होकर आरंभ किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान में शामिल होकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि वे विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य के रूप में गर्व महसूस कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर अपने सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़ें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अभियान न केवल पार्टी को मजबूत करेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शिक्षकों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं: महेंद्र

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह का शनिवार को रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित कई शिक्षकों ने माला पहनाकर, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह ने सभी शिक्षकों का स्वागत करने पर आभार व्यक्त किया और इस अवसर पर उन्होंने कहा शिक्षा भवन में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी, शिक्षकों के लंबित प्रकरणों पर जल्द विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर प्रकरण का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा शिक्षकों का उत्पीड़न कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। स्वागत समारोह में प्रधानाचार्य एस के यादव, राघवेंद्र सिंह सचान, राजीव गुप्ता, रामशंकर, इंकलेश यादव, अरुण सिंह, संध्या शर्मा, अनुपमा सोनकर, माया टुन्नु, किरण लता, अनीता वर्मा, रचना, पूनम गुप्ता, रामलाल, धीरेन्द्र कुमार, विकास कुमार, राजीव तिवारी सहित कई शिक्षक,शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए प्रयासरत है बीजेपी: चौधरी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक को अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान हेतु समर्पित भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कर उन्हें मंगलकामनाएं दी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता एवं रामप्रताप सिंह चौहान साथ रहे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य बनकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने हेतु सहभागिता करें।

### राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई अलीगंज राज कुमार यादव ने बताया कि लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024 के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों के लिए प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर सायं 05 बजे तक है।ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन किया है, लेकिन प्रवेश नहीं ले सके हैं अथवा जिनका चयन नहीं हुआ है, वे जनपद के किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को अपना प्रार्थना पत्र, ऑनलाइन किया हुआ आवेदन पत्र, रैंक पत्र और शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र साथ लाना होगा।

### गोरखपुर मंडल के जनपदों में जन सूचना कार्यों की समीक्षा

लखनऊ। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने पिछले दिनों क्रमशः गोरखपुर मंडल के सभी चार जनपदों में जन सूचना संबंधी कार्यों की समीक्षा सम्पन्न की। उन्होंने गोरखपुर एनेक्सी भवन और देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज कलेक्ट्रेट में जन सूचना अधिकारियों के साथ संवाद किया। राज्य सूचना आयुक्त ने निर्धारित समय सीमा में आवेदकों को सूचना देने के निर्देश दिए। कहा कि सूचना के माध्यम से गरीबों और पीड़ितों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। बैठक में जन सूचना अधिकारियों ने सूचना आयुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि कतिपय लोग अनवरत सूचना मांगते रहते है। इससे कार्यालय के अन्य कार्य प्रभावित होते है। कई बार मांगी गई सूचना अत्यधिक विस्तृत होती है। ऐसा भी लगता है कि इन लोगों की दिलचस्पी जन सूचना प्राप्त करने की जगह दबाव बनाए रखने में होती है। राज्य सूचना आयुक्त ने इन समस्याओं पर विचार करने का आश्वासन दिया।




## ग्राम चौपालों में 04 लाख 21 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का किया गया निस्तारण

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- अब तक 01 लाख 05हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन
- शुक्रवार को 1292 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या -गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं? के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1292ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3594 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3331ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5913 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 75 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 05 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 73 लाख 93 हजार से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 21 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## नामांकन वापसी एवं प्रत्याशियों की अन्तिम सूची तैयार होने के 3 दिन के भीतर उपलब्ध होगी मतदाता सूची

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है मतदाता सूची की प्रविष्टि में संशोधनों की सूचियां

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को मतदाता सूची दिए जाने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत आलेख्य एवं अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूचियां समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती रही हैं। इसके क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 24 के आधार पर हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के अन्तर्गत आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर 2023 एवं अन्तिम प्रकाशन 23 जनवरी 2024 की प्रकाशित मतदाता सूचियां समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी थीं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के अन्तिम प्रकाशन-2024 अर्थात् 23 जनवरी 2024 के पश्चात् से प्रारम्भ हुए निरन्तर पुनरीक्षण की अवधि में परिवर्द्धित या विलोपित किए गए नामों तथा मतदाता सूची की प्रविष्टि में संशोधनों की सूचियां जन सामान्य के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर प्रत्येक माह की उपलब्ध हैं, जहां से सम्बन्धित सूचियां प्राप्त की जा सकती हैं।अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ हो रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 की अवधि में आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों की दो प्रतियां हार्ड एवं साफ्टकापी में निःशुल्क सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी जाएंगी एवं मतदाता सूची बिना फोटो की पीडीएफ मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर जन सामान्य हेतु उपलब्ध रहेंगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित सूचियां प्रत्येक सप्ताह समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी जाएंगी तथा यह सूचियां जन सामान्य हेतु भी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेंगी।

### अज्ञात वाहन से बुजुर्ग व्यक्ति की हुई मौत, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

शिवपुरी गांव निवासी बैजनाथ वर्मा इटौंजा से सामान खरीद कर सिंहपुर से अपने घर शिवपुरी जा रहे थे, वहीं रास्ते में अहमदपुर खेड़ा गांव के पास उनका अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया। बता दें कि एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय ही उनकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। जब घर शव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस के मुताबिक शिवपुरी गांव के बैजनाथ वर्मा उम्र 55 वर्ष पिता स्व तन्नू वर्मा स्कूटी यूपी 32 एच क्यू 6122 से अपनी बहन के यहां करवा देने के लिए सिंहपुर गांव गए थे लौटते समय खेड़ा के पास एक अज्ञात वाहन पीछे से उनकी स्कूटी में टक्कर मार दीं। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े और अस्पताल ले जाते समय उकी मौत हो गई। आगे की विधिक कार्यवाहीं की गई।

## करवा चौथ व्रत आज रखेंगी सुहागिन महिलाएं सुबह से लेकर शाम चंद्रमा निकलने तक रहेगा व्रत

- सुहागिन महिलाएं चंद्रमा देखकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर, व्रत करेंगी पूर्ण

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

लखनऊ। महिलाएं अपने पति की लंबी आयु दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखती है। शनिवार से ही रविवार को मनाए जाने वाले करवा चौथ के त्योंहार के लिए महिलाएं तैयारियों में जुटीं दिखाई दी। लखनऊ डालीगंज, बीकेटी, इटौंजा, कुंम्हरावां,सैरपुर, अन्य बाजारों एवं मार्केटो की दुकानों पर खरीदारी करने वाली महिलाओं की भीड़ लगी हुईं दिखाई दीं। बता दें कि मेहंदी लगाने वाली दुकानों व ब्यूटी पार्लरों पर भी महिलाओं का जमावड़ा देखने को मिला। करवा चौथ के त्योंहार का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है और अनादि काल से चले आ रहे इस करवा चौथ व्रत त्योंहार को लेकर महिलाएं काफी दिन पहले तैयारीयां शुरू कर देती हैं। नए कपड़े, आभूषण व श्रृंगार के सामान की महिलाएं जी भर के खरीददारी करतीं दुकानों पर दिखाई दीं। आपको बताते चलें कि महिलाएं 16 श्रृंगार कर अपने पति की लंबी (दीर्घायु) आयु के लिए पूजा-अर्चना करती है। पूरा दिन निर्जला व्रत रखने के बाद देर शाम को चंद्रमा के निकलने पर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर अपने पति के हाथ से पानी की एक घूंट पीकर महिलाएं उपवास खोलती है। करवाचौथ के दिन सुहागिन महिलाएं सुहाग से जुड़ा सामान खरीदती हैं, तो उनके वैवाहिक जीवन के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इस दिन लाल साड़ी या चूड़ी, बिंदी आदि खरीदना शुभ होता हैं, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक होता है, सोने-चांदी के आभूषण भी करवा चौथ पर खरीदना बहुत शुभ माना गया है। करवा चौथ की पूजा सामग्री बाजारों में खरीदती हैं, तो ये बहुत शुभ होता है। इस दिन आप करवा, दीया, कपूर, रोली, चावल, चंदन, मिठाई, और फूल जैसी सामग्रियों की खरीदारी करते हैं। करवा चौथ की पूजा में छलनी का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इसी के माध्यम से महिलाएं चांद और पति को देखती हैं। जो शादी-शुदा जिंदगी के लिए बहुत शुभ साबित होता है।



### करवा चौथ पर दुकानों व बाजारों में लोगों ने की खूब खरीदारी, पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था

लखनऊ से लेकर सैरपुर, बीकेटी, इटौंजा, महिगवां के बाजारों एवं मार्केटो में महिलाओं व पुरुषों की काफी भीड़ देखने को मिली। जहां महिलाओं व लोगों द्वारा कपड़े, आभूषण, पूजा की सामग्री,मिठाई, चूरा,घुटिया, बताशा, खरीदे दिखाई दिये। वहीं बाजारों में फूलों की माला, कलश, सींक, अन्य व्रत पूजा में उपयोग होने वाली समान की लोग खरीदारी करते दिखाई दिये। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के जवान मार्केटों एवं बाजारों में गस्त करते नजर आये। वहीं रविवार को पड़ने वाले महापर्व करवा चौथ के व्रत को लेकर लोगों ने खूब खरीदारी की। करवा चौथ निर्जला व्रत रहकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

### ग्राम चौपालों में 04 लाख 21 हजार से अधिक प्रकरणो का निस्तारण

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

## संगमनगरी का कायापलट देख अचंभित रह गए देशी और विदेशी पर्यटक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- महाकुंभ 2025 से पहले ही संगमनगरी में बड़ी संख्या में आ रहे तीर्थयात्री
- वाराणसी और अयोध्या के बाद संगमनगरी में हो रहे विकास कार्यों पर जताई खुशी
- मलेशिया से आए समूह ने प्रयागराज में हो रहे बदलाव पर सीएम योगी का किया गुणगान

उत्तर प्रदेश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम प्रदेश कैसे बनाया, ये जानने के लिए देश-विदेश से लोग प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी प्रयागराज पहुंच रहे हैं। जनवरी-फरवरी में होने वाले महाकुंभ 2025 के आयोजन से पहले ही बड़ी संख्या में प्रदेश के बाहर यहां तक कि मलेशिया से भी लोग यहां सीएम योगी द्वारा किए गए कार्यों के साथ ही प्रयागराज संगम में डुबकी लगाने आ रहे हैं। मलेशिया से आया एक समूह संगम पर स्नान ध्यान करने के साथ ही प्रदेश में हो रहे बदलाव के गुणगान करता नजर आया। इसके साथ ही संगम तट पर दक्षिण भारत के लोगों का भी एक समूह था। इनमें कोई आईटी प्रोफेशनल तो कोई सीए था। विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले ये सभी लोग प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या दर्शन कर महाकुंभ 2025 की तैयारियां देखने गंगा किनारे पहुंचे। इसके बाद इनकी तैयारी बाबा विश्वनाथ की नगरी जाने की है।



### पहले से ज्यादा सुरक्षित है यूपी

देश और विदेश से आए पर्यटक उत्तर प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्य देखकर दंग हो गए हैं। अभी दशक भर पहले यहां की स्थितियां देखकर गए लोग जब वापस लौटे तो संगमनगरी की चौड़ी सड़कें और स्वच्छता देखकर अचंभित रह गए। उनका कहना है कि ये सब यहां के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ही कमाल है, जो संगमनगरी का कायापलट हो गया है। इतने बड़े राज्य में सख्त कानून व्यवस्था के ही कारण ही देश विदेश से यहां आने में लोगों को अब कोई संकोच नहीं होता है।

### अब काशी की बारी है, अपनी पूरी तैयारी है

यूपी में तेजी से हो रहे विकास कार्य के साथ त्रिवेणी माता के दर्शन को निकले चेन्नई के गोपालकृष्णन काफी लंबे समय से प्रयागराज दर्शन का कार्यक्रम बना रहे थे। उनका कहना है कि प्रभु ने ऐसा संयोग बनाया कि हमारा पूरा परिवार एक साथ उत्तर प्रदेश घूमने चल पड़ा। सबसे पहले गोपालकृष्णन अपने परिवार को लेकर प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या पहुंचे। वहां भगवान राम का दर्शन करने के बाद महाकुंभ 2025 का आनंद लेने यहां पहुंचे हैं। यहां की छटा देखकर वो बहुत उत्साहित हैं। उनका कहना था कि अब काशी की बारी है, अपनी पूरी तैयारी है।

### कुंभ नगरी पहुंचे मुंबई के दो इंजीनियर साथी

महाराष्ट्र में नवी मुंबई के निवासी दो इंजीनियर मित्रों हर्षित पटेल और राम नायक ने भी उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का प्लान बनाया। सबसे पहले पावन नगरी अयोध्या और इसके बाद प्रयागराज के संगम में दोनों साथियों ने मां गंगा को शीश नवाया और काशी के लिए निकल पड़े। उन्होंने बताया कि संगम के दर्शन कर वह खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं। अगर अवसर मिला तो महाकुंभ के दौरान यहां जरूर आएंगे और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ ही एक बार फिर संगम में डुबकी लगाएंगे।

### विदेशों में रहने वाले रिश्तेदार यूपी को लेकर उत्साहित

महाकुंभ 2025 को लेकर देश के साथ साथ विदेश में भी लोगों में भारी उत्साह है। इसीलिए महाकुंभ की विधिवत शुरुआत से पहले ही लोग कुंभनगरी पहुंचने लगे हैं। मलेशिया के क्वालालंपुर से आई रानी नायर ने यहां लेटे हुए हनुमान (बड़े हनुमान) के दर्शन किए। उनके पति जीएन नायर क्वालालंपुर में ही सीए हैं। ये लोग संगम में स्नान के बाद आसपास के तीर्थ स्थलों को देखने निकले। नायर ने कहा कि हम लंबे समय से प्रयागराज के बारे में सुनते आ रहे थे। उन्होंने बताया कि अब विदेशों में रहने वाले उनके रिश्तेदार उत्तर प्रदेश को लेकर बहुत उत्साहित रहते हैं। उन्हें इस बात की बड़ी खुशी होती है कि देश के सबसे बड़े राज्य के मुखिया संत हैं।

### काश देश के हर राज्य में योगी जैसा सीएम हो

केरल से आई रती देवी तो यहां की कानून व्यवस्था से बड़ी प्रभावित हैं। उनका कहना है कि यहां योगी सरकार के काम और उनकी खबरें पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक रोजाना सुनती हैं। उनका कहना है कि काश देश के हर राज्य में योगी जैसा सीएम हो, जिससे देश की तस्वीर बदल जाए।

# शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




पीड़ित की शिकायतों के निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें डीएम ने पीड़ितों की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।तहसील गौरीगंज में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 शिकायतों का, तहसील तिलोई में 29 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 03 का, तहसील अमेठी में 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का तथा तहसील मुसाफिरखाना में 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, एसडीएम गौरीगंज दिग्विजय सिंह,तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# उर्वरक बिक्री केंद्र का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने संयुक्त रूप से थोक उर्वरक विक्रेता मेसर्स किस्तूरमल मुल्तान चन्द थोक उर्वरक गोदाम तथा मेसर्स जगदीश बहादुर सिंह खुदरा उर्वरक विक्रेता उर्वरक बिक्रि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स किस्तूरमल मुल्तान चन्द जैन के यहाँ पर उपलब्ध उर्वरकों का अभिलेखों से मिलान/सत्यापन करने पर कई अभिलेखीय कमियां पायी गयी। विक्रेता को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा दो नमूने एन0पी0के0 एवं एस0एस0पी0 के लिये गये। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि यूरिया एवं उर्वरकों की विक्री निर्धारित एम0 आर0पी0 पर पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से बिना किसी प्रकार की टैगिंग के सुनिश्चित की जाय उर्वरकों का क्रय लाईसेंस पर अंकित स्रोत से ही किया जाय और निर्धारित चौहद्दी पर ही उर्वरकों का भंडारण कर बिक्री किया जाय ऐसे उत्पाद जो राज्य सरकार अथवा उर्वरक कार्बनिक अकार्बनिक या मिश्रित नियन्त्रण आदेश 1985 के अन्तर्गत अधिसूचित नहीं कि विक्री कदापि न करें। सभी फुटकर विक्रेता स्टॉक रजिस्टर, विकी रजिस्टर अपडेट रखें तथा उर्वरकों का वितरण फसलों की संस्तुति के अनुरूप जोतबही के अनुसार करें। साथ ही सभी विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर अपनी फर्म का नाम, प्रोप्राइटर का नामगोबाईल नम्बर अंकित कराये तथा स्टॉक बोर्ड, रेटबोर्ड पर प्रतिदिन उपलब्ध उर्वरकों का नाम, उपलब्ध मात्रा तथा विक्रय दर अंकित करेंसाथ ही फास्फेटिक उर्वरकों में डी0ए0पी0 के साथ एन0पी0के0, एवं सिंगल सुपर फास्फेट तथा उर्वरक के वैकल्पिक साधन नैनो यूरिया एवं नैनो डी0ए0पी0 को बढ़ावा देने हेतु कृषकों को जागरूक करें तथा उसके फायदे बतायें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रर्वतन कार्यवाही के समय निर्देशों का उल्लंघन पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता, संस्था के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहकर उर्वरक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की निगरानी सतत् रूप से करने के निर्देश दिये गये।

# समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

## कुल 40 शिकायतों में से छः का मौके पर निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद की सभी तहसीलों में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। डलमऊ तहसील में डीएम हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उनके सामने कुल 40 शिकायतें आई जिनमें से छः का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी के सामने सर्वाधिक राजस्व विभाग से संबंधित मामले आये। जिसका निस्तारण करने के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त डीएम के सामने पेयजल, सुरक्षा, विद्युत, चिकित्सा, पेंशन, सड़क, जल निकासी, पशु और शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायतें आयीं। डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। जमीनी विवाद के मामले को निस्तारित करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए अगर किसी मामले में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त जांच आदि की आवश्यकता हो तो टीम बनाकर मामले की जांच कराई जाए। बेवजह लोगों को परेशान ना किया जाए। जनता की समस्याओं का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने डलमऊ मेले की तैयारियों का लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले प्रसिद्ध डलमऊ मेले की तैयारियों का जायजा लियायहां उन्होंनेमेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए साफ-सफाई सुरक्षा व्यवस्था बिजली पानी शौचालय आदि चल रही व्यवस्थाओं की तैयारियों को देखा जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में लोगों की सुविधाओं के लिए सभी जरूरी व्यवस्था पूरी करा ली जाए। स्नान करने के स्थान पर नदी में बेरिकेडिंग करा ली जाए। जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। पर्याप्त मात्रा में नाव और गोताखोर लगाए जाएं। महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाए। कपड़े बदलने के लिए अलग से चेंजिंग रूम बनाया जाए। पर्याप्त संख्या में महिला सुरक्षाकर्मी तैनात किया जाए। महिला और पुरुष शौचालयो का अलग अलग निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। वाहनों के पार्किंग स्थल का पहले से ही चिन्हांकन कर लिया जाये और नियमित कतारों में ही वाहनों को खड़ा करने का निर्देश दिया जाए। मेले के दिन लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जरूरी सूचनाएं लगातार दी जाए। स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस के साथ हर समय उपस्थित रहे।

# दीपोत्सव में इस बार बनेंगे दो नए विश्व रिकॉर्ड, 25 लाख दीपों से प्रकाशमय होगी रामनगरी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार दीपोत्सव में बहुत कुछ बेहद खास होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 25 लाख दीप प्रज्जवलित करने का तो नया विश्व रिकॉर्ड बनेगा ही, साथ में भजन संध्या स्थल पर भी छह लाख दीये जलाए जाएंगे।

1100 लोगों की ओर से एक साथ सरयू आरती कर एक और गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी है। यह जानकारी कमिश्नर गौरव दयाल ने दीपोत्सव की तैयारी को लेकर आयुक्त कार्यालय के सभागार में हुई बैठक में दी। कमिश्नर ने कहा दीपोत्सव मेला को और अधिक भव्य बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग और अफसर प्रयास करें। राम की पैड़ी के 55 घाटों को चिन्हित कर उनकी मैपिंग हो चुकी है। दीप प्रज्ज्वलन के लिए 30,000 वालंटियर तैनात हो चुके हैं।

इनके पहचान पत्र बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया चल रही है। राम की पैड़ी पर दीप प्रज्जवलन के लिए लगाए जाने वाले वालंटियरों के आने व जाने के लिए तय रूट रहे। उन्हें पहले से ही ब्रीफ कर दिया जाए कि दीप प्रज्जवलन के बाद किस स्थान पर बैठना है। सूचना एवं पर्यटन विभाग की ओर से निकाली जाने वाली झांकियां व शोभायात्रा आकर्षक हों। राम की पैड़ी पर चलने वाले लेजर शो और पुराने सरयू पुल पर कराए जाने वाले आतिशबाजी शो की सभी तैयारियां समय से कर ली जाएं।

# एयर इंडिया के विमान में बम होने की सूचना से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जयपुर से एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से अयोध्या के लिए उड़ान भरने वाले सभी 139 यात्री जब तक हवा में रहे तो बम से बेखबर रहे। यहां तक की क्रू मेंबर को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। ऐसे में पायलट ने डेढ़ घंटे के सफर में हिम्मत और धैर्य दोनों का बखूबी परिचय दिया। एयरपोर्ट पर उतरने के बाद यात्रियों को जब इस बारे में पता चला तो खौफजदा हो गए। विमान के जयपुर से अयोध्या के लिए उड़ान भरने के बाद एयरलाइंस की ओर से एयरपोर्ट अथॉरिटी को बम होने की सूचना से अवगत कराया गया। यह जानकारी जयपुर और अयोध्या एयरपोर्ट के अफसरों के साथ पायलट को भी थी। इसके बावजूद करीब डेढ़ घंटे के सफर में पायलट ने पूरी हिम्मत के साथ अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया। इस बीच अयोध्या एयरपोर्ट पर इमरजेंसी सुरक्षा जांच की सभी तैयारियां कर ली गईं। बीडीएस अपने जांच उपकरणों के साथ मुस्तैद हो गई। सीआईएसएफ हाई अलर्ट मोड में आ गई। एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार ने अमर उजाला को बताया कि बम की पूर्व सूचना मिल जाने के बाद विमान को सुरक्षित उतरवाकर आइसोलेशन वे में ले जाया गया। सभी यात्रियों को पहले नीचे उतारा गया। पहले यात्रियों की जांच हुई। इसके बाद सामान और विमान की सुरक्षा गाइडलाइन के अनुसार जांच की गई। उन्होंने बताया बम होने के बारे में जानकारी होने के बावजूद यह इमरजेंसी नहीं बल्कि शेडयूल लैंडिंग थी। जांच प्रक्रिया के पूरा होने में थोड़ा समय जरूर लगा लेकिन यह आवश्यक था।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बीएसए से मिला शिक्षक संघ

- शिक्षकों को दीपावली से पूर्व हो वेतन का भुगतान-धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी का एक प्रतिनिधि मण्डल धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण एवं समाधान हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी से मिलकर आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी से बिन्दुवार वार्ता किया। जिसमें मानव सम्पदा पोर्टल पर अर्जित अवकाश की अद्यतन फीडिंग कराने, शिक्षकों के पैन कार्ड संशोधन शिक्षकों को भविष्य निर्वाह निधि की लेखा पर्ची उपलब्ध कराने,रसोइयों का मानदेय दिलाने, शिक्षकों को दीपावली से पूर्व वेतन दिलाने एवं 12460 बीटीसी भर्ती में नव नियुक्त शेष शिक्षकों का वेतन निर्गत आदेश, एवं अवशिष्ट वेतन आदेश सहित आठ सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा की गयी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मण्डल में राज किशोर सिंह जिलाध्यक्ष सीनियर बेसिक शिक्षक संघ अमेठी, श्रीराम सोनी महामंत्री अतुल श्रीवास्तव जिला एकाउण्टेण्ट आदि शिक्षक संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजेता छात्र हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में द्वितीय और तृतीय स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा से इतर अन्य क्षेत्रों में भी विद्यालय के बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, खेल प्रतियोगिता में विजेता इन विद्यार्थियों से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेनी चाहिएप्रजापति ने बताया कि खेल निदेशालय, लखनऊ उत्तर प्रदेश के तत्त्वधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया और इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी लगन और कौशल का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर कक्षा 12 के अनुभव सिंह और कक्षा 7 के आयुष प्रताप सिंह ने द्वितीय तथा कक्षा 6 से सिद्धार्थ सिंह, रचित सिंह, अराल और अलतमश ने तृतीय स्थान हाशिल करविद्यालय का मान बढ़ायाइस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, कुलदीप सिंह, कामरान सहित शिक्षक /शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर एएनएम ने सीएचसी अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

- ऑनलाइन हाजिरी को लेकर एएनएम एक साथ हुए लामबंद, बड़े आंदोलन की तैयारी
- यदि मेरी मांगों को सरकार द्वारा नहीं माना गया तो हम अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुवा टप्पा में पहुंचकर एएनएम ने जताया आक्रोश, विभिन्न मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक को दिया ज्ञापन मांगे पूरी न होने पर दी धरना प्रदर्शन की बात कहीविकासखंड सतांव क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर तैनात दो दर्जन से अधिक एएनएम ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध मे विरोध प्रदर्शन किया और ऑनलाइन हाजिरी पर अपनी कड़ी आपत्ति जताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार को ज्ञापन दिया है। एएनएम ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार उप केंद्र के सामने और पीछे से फोटो खींचकर अपलोड करना है जिसे नेटवर्क समेत अन्य समस्याओं की वजह से संभव नहीं हो पाता है। उसके साथ-साथ उपकेंद्र और कर क्षेत्र में लगभग 5 से 10 किलोमीटर की दूरी होने के कारण अति कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिससे काम में बाधा आएगी हम अनम कर को सुचारू रूप से नहीं कर पाएंगे । उन्होंने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर अधीक्षक को पत्र सौंपा गया है वही हम लोग सरकार द्वारा यदि मेरी मांगों को नहीं माना गया तो अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए बाध्य होंगे।

# राम मंदिर से सटे कौशलेश सदन का होगा सौन्दर्यीकरण, 2.5 करोड़ रूपये हुए स्वीकृत, होंगी ये सुविधाएं

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निकट स्थित कौशलेश सदन में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए लगभग 2.5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसमें से 1.5 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों का प्राथमिकता के आधार पर विकास कराया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद पर्यटन में तेजी वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2024 में जनवरी से जून तक प्रदेश में लगभग 32 करोड़ पर्यटक आए थे।

# स्टेडियम ने केन्द्रीय विद्यालय द्वितीय की टीम को हराकर जीता कबड्डी फाइनल मैच

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में आठ कबड्डी टीमों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। फाइनल मैच स्टेडियम टीम ने केंद्रीय विद्यालय द्वितीय की टीम को 35-21 से हराकर जीता। प्रतियोगिता का शुभारंभ गोल्ड स्मिथ टेनिस अकादमी सचिव श्वेता सिंह ने किया। पहला मैच स्टेडियम बनाम सलोन क्लब के बीच हुआ जिसमें स्टेडियम टीम विजेता रही। दूसरा मैच मीर मीरान बनाम केंद्रीय विद्यालय प्रथम के बीच खेला गया जिसमें मीर मीरान विजयी रही। तीसरा मैच राही बनाम डीह क्लब के बीच खेला गया जिसमें राही टीम विजेता रही। चौथा मैच चंद्रा क्लब ने केंद्रीय विद्यालय द्वितीय को हराकर जीता। पांचवा मैच स्टेडियम ने मीर मीरान को हराकर जीता। छठवें मैच में केंद्रीय विद्यालय द्वितीय ने डीह क्लब को हराया। सातवें और आखरी मैच में स्टेडियम ने केंद्रीय विद्यालय द्वितीय की टीम को 35-21 से हराकर प्रतियोगिता को जीत लिया।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम, उप क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार, कबड्डी कोच पिंकू कुमार उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में रायबरेली के खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण सहित 27 पदक जीत कर जिले का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**


लालगंज के डी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ मे उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो द्वारा आयोजित राज्यस्तरीयताइक्कांडोप्रतियोगिता मे रायबरेली के खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण सहित जीते 27 पदक। सभी विजेता खिलाड़ियों को लालगंज पहुंचने पर मुँह मीठा कराकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया। 17 से 19 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो द्वारा के डी सिंह बाबू स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 17 अक्टूबर को फेसर खिलाड़ियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में रायबरेली जिले की टीम ने कोच डिम्पी तिवारी, रोमा तथा टीम मैनेजरअखंडदीप सोनकर के नेतत्व मे प्रतिभाग किया। जिसमें जिलेकेखिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण 7 रजत और 10 काँस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया सभी विजेता खिलाड़ियों का जिला सचिव अताउर रहमान ने मुँह मीठा कराकर तथा माला पहना कर स्वागत किया विजेता खिलाड़ियों मे बालिका वर्ग मे श्रुति सिंह, श्रेया सिंह, आंशिका, अगाम्या, महिमा सोनकर, मिनाक्षी रंजन, तान्या कुमारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया तो वही आराध्या, प्रीति दिवाकर, वैषणवी रंजन, दिव्यांशी मौर्या, वंदना, प्रीति ने रजत पदक हासिल किया रियांशी, आरवी मेवला, आरोही कुमारी, अविका कसौधन ने काँस्य पदक जीता बालक वर्ग मे लवांश गुप्ता, आत्रेय द्विवेदी, आयुष कुशवाहा ने स्वर्ण पदक आर्यन श्रीवास्तव ने रजत तथा आदित्य, विराट रंजन, रुद्रांश, आराध्य, आर्यन, पुष्पेंद्र ने काँस्य पदक जीतकर रायबरेली जिले का का रोशन किया इनकी कामयाबी पर मॉडर्न कोच फैक्ट्री खेल कूद संघ के मुन्ना सिंह अमजद खान संतलालप्रशांत कुमारचन्दर, जीतेन्द्र प्रजापति, पूनम यादव, महताब आलम, सलमान खान, रानू गुप्ता, किरन आदि लोगो ने खुशी जताई।



# भारतीय वायु सेना की सारंग एरोबेटिक टीम ने कानपुर के नीले आकाश को किया रोमांचित







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जब भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सारंग एरोबैटिक डिस्प्ले टीम ने भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए स्टेशन के मंच पर कदम रखा तो कानपुर का आसमान रंग और उत्साह से भर गया। आम जनता सहित हजारों दर्शकों को लुभावने हवाई दृश्यों, करतबों का आनंद मिला। ऐसा नजारा जिसने टीम के पायलटों के असाधारण कौशल और सटीकता को प्रदर्शित किया।

ग्रुप कैप्टन अरुण कुमार जुनेजा, स्टेशन कमांडर, वायु सेना स्टेशन कानपुर सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भारतीय वायु सेना, रक्षा बलों, नागरिक प्रशासन, पूर्व सैनिकों और अन्य अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। तमिलनाडु के कोयंबटूर के पास सुलूर वायु सेना स्टेशन पर स्थित सारंग टीम, एक अद्वितीय पांच-हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम है जो संशोधित एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टर संचालित करती है। दुनिया भर में 386 से अधिक स्थानों पर 1200 से अधिक प्रदर्शनों के साथ, सारंग टीम ने खुद को विमानन उत्कृष्टता के वैश्विक प्रतीक के रूप में स्थापित किया है। टीम द्वारा उड़ाया गया स्वदेशी एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टर, आत्मनिर्भरता के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है और विमानन प्रौद्योगिकी में देश की प्रगति को प्रदर्शित करता है। इस दौरान लूप, रोल और सिंक्रोनाइज्ड फॉर्मेशन सहित सारंग पायलटों द्वारा किए गए लुभावने युद्धाभ्यास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं। सारंग टीम का प्रदर्शन न केवल एक दृश्य था, बल्कि कानपुर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी था। उनके जुनून, शक्ति, व्यावसायिकता और उनके आदर्श वाक्य, उत्कृष्टता के माध्यम से प्रेरणा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी। जैसे ही टीम के हेलीकॉप्टर आसमान में उड़े, उन्होंने दर्शकों के बीच गर्व और देशभक्ति की भावना जगा दी।

# रामलीला मैदान में अवैध दो दर्जन पटाख़ा की दुकानें लगीं, पुलिस के पहुंचते भगदड़

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अवैध पटाखा की दुकानें हर कस्बे में भीड़भाड़ इलाकों में सज रही हैं अवैध पटाखा माफिया अपनी जान की परवाह किए हैं जिसके चलते खुद तो दुकान पर बैठता नहीं है इस समय महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग बैठकर दुकानों पर बेच रहे हैं हर घंटे में उसका एक आदमी बाजार में जाता है जो बिक्री होती वह पैसा लेकर चला जाता था जो माल की मांग होती है वह वहां तक माल पहुंचा देता है इस सारे कारनामे को रिहायसी इलाकों में विस्फोटक बेच रहे हैं हालांकि अभी पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं शनिवार को सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने पर अधिकारियों ने पुलिस बल भेज कर वहां पर दिखाया पहुंचते ही वहां पर महिलाएं उन्ही दुकानों पर खिलौने बेचने लगी हैं जहां पर पटाखे बेच रही थी उनको उठाकर वह झोले में रख लिए और पटाखे की जगह खिलौने रखकर बेचने लगी बाजार का पटाखा माफिया का गुर्गा अंकित सभी को गाइडलाइन एक दुकान खुद लगाकर बैठकर करता रहता है की कब कौन आदमी आ रहा है कब



पुलिस आ रही है यह सारी जानकारियां देता रहता है। पुलिस के आने पर वह झूले में और बोरी में भरकर माल बाजार से बाहर निकाल देता यह सब हो रहा है पुलिस को आते ही भाग खडा हुआ हैं देर रात तक पुलिस उसकी सरगामी से तलाश करती रही आखिरकार जनता के साथ खिलवाड़ हो रहा है किसी भी समय पर कई वर्षों पहले बिल्हौर रामलीला बाजार में आसपास पटाखा की दुकानों में आग लग गई तो भगदड़ मच गई करीब एक दर्जन से अधिक पटाखा की दुकान जल गई थी काफी पटाखा विक्रेताओं का नुकसान हुआ था लेकिन जनहानि नहीं हुई थी। उसके कुछ वर्षों बाद जीटी रोड पर रामकुमार गुप्ता ज्वेलर्स के आगे मोटरसाइकिल पर पटाखा लेकर जा रहा है दो युवक की बोरी से पटाखा नीचे गिरते ही धमाका हुआ मोटरसाइकिल सवार दो युवकों के चीथडे उड़ गए थे सर उसका तीन मंजिल पर एक गेस्ट हाउस के ऊपर मिला था इन सब घटनाओं को पटाखा माफिया जानते हैं आज बिल्हौर तहसील क्षेत्र में करोड़ों का पटाखा अवैध स्टोर है यहां तक की बिल्हौर कस्बे में करीब करोड़ का पटाखा माफियाओं के घर से लेकर गोदाम और क्षेत्र की सभी दुकानों तक माल पहुंचा दिया गया है जो कि दिवाली तक वसूली होता रहता है।

पिछले वर्ष पुलिस प्रशासन की शक्ती के चलते अवैध पटाखा बिक्री नहीं हो पाया था करीब 35 लाख का पटाखा बिल्हौर कस्बे में बिक्री होने से बच गया था।

प्रतिवर्ष दिवाली के चार दिन पहले पटाखा विक्रेताओं के प्रार्थना पत्र लिए जाते हैं उन पर विचार और जांच के उपरांत 2 दिन पहले लाइसेंस दिया जाता है लेकिन इस बार यह पटाखा माफिया पहले से ही सारे पटाखे बिक्री कर रहे हैं जिससे कि पटाखा दिवाली के बाद बच ना सके।

# सीपी इलेवन व टीएसएच के मैच से हुआ पालिका स्टेडियम का लोकार्पण



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

फ्लड लाइट की रोशनी में चमचमाता मैदान, मानकों के रूप में मैदान में हर चीज व्यवस्थित, बैठने के लिये दर्शक दीर्घा और खिलाड़ियों के लिये पवेलियन। बात हो रही सालों से खस्ताहाल पड़े पालिका स्टेडियम की जो अब एक नये रूप में अवतरित हुआ है। महापौर और नगरनिगम की सकरात्मक सोच के साथ पालिका स्टेडियम क्रिकेट की नई पाठशाला के लिये तैयार है। शनिवार को सीपी इलेवन व टीएसएच के मैच के आयोजन के साथ पालिका स्टेडियम का लोकार्पण हुआ। उद्धघाटन मैच सीपी इलेवन और टीएसएच इलेवन के बीच खेला गया। सीपी इलेवन के कप्तान पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार रहे। इसके साथ ही एडीजी



जोन एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी आलोक सिंह, डीआईजी रेंज जोगिंदर कुमार, अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर, ब्रिगेडियर हसन, डीएम कानपुर राकेश कुमार, एमडी केस्को सैमुअल, डीएम उन्नाव गौरांग, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, एडीएम सिटी राजेश, एडिशनल डीसीपी क्राइम मनीष कुमार, सिविल जज अक्षय, एसीपी बिल्हौर सुमित, एसडीएम नर्वल रिषभ, एसीपी सीसामऊ अभिषेक शामिल रहे।

**वहीं टीएसएच 11 की टीम में यह रहें शामिल**

अमल गुप्ता कप्तान, करण दवे उप कप्तान, वैभव सेठ, अनिरुद्ध गुप्ता, अनिमेष गुप्ता, नितिन गोयल, तरंग वर्मा विकेट कीपर, हर्ष ओमर, असीम जैन, अमित पांडे, वैभव भाटिया, शिखर गुप्ता शामिल रहे। शनिवार शाम साढ़े छह बजे से शुरु हुए टी-20 मैच में प्रत्येक टीम को खेलने के लिये 20-20 ओवर रखे गये थे। मैच में मैन आफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बालर, बेस्ट फील्डर, अधिकतम सिक्सर आफ द मैच के अवार्ड भी दिये गये।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटीरोमियो टीम के अंतर्गत किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना अरौल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्रांतर्गत कस्बा ज्ञान भारती कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज में महिलाओं/ बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन के विषय में महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 1098, 112, 181 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा क्ष्ह्हकऐप से प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) एवं महिला सशक्तिकरण अभियान व राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवम महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। एंटीरोमियो टीम थाना अरौल म0उ0नि0 प्रीतांजली, म0का0 सोनिया उपनिरीक्षक चंदन यादव आदि मौजूद थे।

## करवा चौथ के 1 दिन पूर्व जहरीले कीड़े के काटने से युवती की हुई दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।**

परियर। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा मझवारा गांव निवासी रामदेवी उम्र 28 वर्ष पुत्री होरीलाल की सांप के काटने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सफीपुर कोतवाली के गांव मरौंदा मझवारा निवासी राम देवी उम्र 28 वर्ष पुत्री होरीलाल घर में खाना बना रही थी। उसी समय घर की नाली में रखे बर्तन उठाने के लिए वह गई हुई थी इस वक्त नाली के पास रखें पत्थर के नीचे बैठे साप ने युवती को लगातार तीन बार काट लिया।

जिससे युवती बेहोश हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों को युवती ने सांप के काटने की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन युवती को जिला अस्पताल इलाज के लिए ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शहर में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 171 तक पहुंचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर में लगातार डेंगू संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। डेंगू रोगियों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। शनिवार को एक और मरीज में डेंगू की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब तक लगभग मरीजों की संख्या 171 हो चुकी है। वही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रोगों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई। लक्षण दिखने पर तुरंत ही डॉक्टर को दिखाएं।

डेंगू का खतरा कम नहीं हो रहा है। कानपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में लगातार डेंगू के मरीजों के मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को एक और डेंगू के मरीज के मिलने के बाद अब शहर में डेंगू मरीजों की संख्या 171 हो गई है। यह सभी शहरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। सीएमओ डॉ आलोक रंजन ने कहा कि मरीज मिलने पर जांच व बचाव अभियान में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। आसपास गंदगी कतई नहीं रहने दें। खासकर पानी का जमाव खतरनाक हो सकता है। आसपास नालियों में जहां भी हो सके कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव कराए जिससे की जानलेवा मच्छर पनप ही ना सकें। डेंगू के मरीज लगातार मिलने की वजह से जिले का स्वास्थ्य विभाग इस वक्त एक्शन मोड में है।

## श्रीबालाजी महोत्सव 9 नवम्बर से

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय श्री बालाजी महोत्सव का आयोजन 9,10 नवम्बर को बर्रा आठ एफ ब्लाक स्थित बालाजी पार्क में होगा।

उक्त विचार श्री बालाजी सेवा समिति (रजि0) के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने आलोक शिशु ज्ञानस्थली बर्रा आठ में समिति सदस्यों की बैठक में गुरुवार को व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि नौ नवम्बर शनिवार को भूमि पूजन व मंगल कलश यात्रा के साथ बालाजी महोत्सव की शुरुआत होगी। इसी दिन शाम को बाबा की भव्य आरती संगीतमयी सुन्दर कांड एवं भजन व आकर्षक झाकियों का कार्यक्रम होगा। दस नवम्बर रविवार को बाबा की आरती, सवामनी हवन एवं विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। बैठक में पंकज शर्मा, योगेन्द्र सचान, आर्यन श्रीवास्तव, शिवम सचान, अवनीश कुमार, सुमित पटेल, रमेश ओमर, सौरभ वर्मा, ललित सिंह, गोविन्द यादव, नन्दकुमार, शान्तनु शर्मा, अखिलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में मृदा, जल और ऊर्जा के वैज्ञानिकों ने शोध पत्रों का किया प्रस्तुतीकरण



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर एवं मृदा संरक्षण सोसाइटी ऑफ इंडिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चल रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी मृदा जल एवं ऊर्जा प्रबंधन द्वारा सतत कृषि और आजीविका सुरक्षा÷ विषय पर संगोष्ठी के दूसरे दिन छह तकनीकी सत्रों में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जिनमें मुख्यत- ऊर्जा, पानी एवं मृदा के बचाव पर मंथन हुआ। आज इस अवसर पर मृदा एवं जल संरक्षण समिति नई दिल्ली की आमसभा भी आयोजित की गई। जिसमें संस्था के सम्मानित सदस्यों ने बढ़कर भाग लिया। आज राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न तकनीकी छात्रों में मुख्य वक्ता प्रोफेसर जितेंद्र सिन्हा, डॉक्टर जेपी सिंह, डॉक्टर संजय अरोरा, डॉक्टर ओ0पी0 अश्वत, डॉक्टर मनी मनन एवं डॉक्टर मुकेश कुमार ने अपने शोध कार्यों को का प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर शोध पत्रों के प्रस्तुतीकरण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम आयोजक डॉ मुनीश कुमार ने बताया कि आज पोस्टर, मौखिक एवं पावर पॉइंट पर वैज्ञानिकों ने प्रस्तुतिकरण दिया है। इस अवसर पर और डॉक्टर कौशल कुमार, डॉक्टर सर्वेश कुमार सहित देश एवं प्रदेश के सैकड़ों वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम की अध्यक्षता में 99 शिकायतें आईं, निस्तारण नहीं



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 99 शिकायतें आई लेकिन मौके पर किसी भी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका शनिवार को बिल्हौर समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसीलदार तिमराज सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह, विकास खंड अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा, नयाब तहसीलदार सीपी राजपूत व रंजीत सिंह ने फरियादों की फरियाद सुनी लक्ष्मनपुर मिश्रान गांव के सहखातेदार गाटा संख्या 182/2 रकबा के अखिलेश बाजपेई, पुष्पेन्द्र बाजपेई पुत्र लक्ष्मीशंकर ने शिकायत देते हुए बताया कि एन एच 91 द्वारा बाउंड्री वॉल कर दी गई जिससे खेतों तक जाने का रास्ता बंद हो गया शिवराजपुर नगरपालिका निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र श्री नारायण अखिलेश कुमार ने शिवराजपुर स्थिति कृषि भूमि पर जाने के रास्ते काश्तकारों द्वारा अवरोध कर रास्ता रोका गया है आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें जमीन संबंधित रही मौके पर आई 99 शिकायतों में से किसी भी शिकायत का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका।

एसडीएम रश्मि लांबा ने संबंधित अधिकारियों को आदेशित करते हुए मौके पर शिकायत का निस्तारण करने के लिए कहा लापरवाह संबंधित कर्मचारियों पर शिकायत पर कार्रवाई होगी।

## 21 जातियों के हिन्दू युवा धारण करेंगे संन्यासी वृत्ति: मधुराम शरण शिवा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

गैंजेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शिवशक्ति आर्मी प्रमुख मधुराम शरण शिवा ने कहा कि, बीते दिन संगठित साहसी हिन्दू समाज की आवश्यकता है। जिस प्रकार से हिन्दू समाज जातिवाद में फंसकर राजनेताओं की कठपुतली बना हुआ है, और रोज मारा काटा जा रहा है, अब यह आवश्यक हो गया है कि हिन्दू समाज सारे भेदभाव को छोड़कर एक सशक्त शक्ति के रूप में उभरे। अब यह अनिवार्य हो चुका है कि हर हिन्दू को अपनी सुरक्षा, अपने परिवार की सुरक्षा, अपने समाज की सुरक्षा की तैयारी खुद ही करनी होगी। हर मोहल्ले में ऐसे साहसी युवाओं की टोली का निर्माण किया जाए जो हर चुनौती से तत्काल निपटने में सक्षम हो। हिन्दू समाज की बेटियां आत्मरक्षा करने में समर्थ हों और साहसी हिन्दू युवा सभी चुनौतियों का सामना करने को तैयार हों। इसी प्रकार का जन जागरण करने हेतु शिवशक्ति आर्मी के तत्वाधान में श्री हनुमान मन्दिर पनकी में आगामी 22 अक्टूबर दिन मंगलवार को 21 जातियों के 30 साहसी युवा संन्यास वृत्ति धारण कर समरस हिन्दू समाज को संगठित करने की शपथ लेंगे। हिन्दू जागरण के इस पावन अवसर पर पूज्य महंत कालीचरण जी महाराज, पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामेश्वर दास महाराज महाकाल उज्जैन, पूज्य महंत राजूदास जी महाराज, हनुमान गढ़ी, अयोध्या धाम, मदनगोपाल दास महाराज कामदगिरि प्रमुख द्वारा चित्रकूट धाम, रामहृदय जिज्ञासु महाराज, पूज्य महंत कृष्णदास जी महाराज, पूज्य शिवाकांत जी महाराज के पावन मार्गदर्शन में प्रख्यात राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, वीररस के कवि राम भदावर की गरिमामयी उपस्थिति में हजारों जागृत सनातनी हिंदुओं की उपस्थिति श्री हनुमत शक्ति का ध्यान कर यह आयोजन अपने उद्देश्य हेतु सम्पन्न होगा। पत्रकार वार्ता में पीयूष जी भी उपस्थित रहे।

# किसान को पीछे से मोटरसाइकिल ने टक्कर मारी, दो घायल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ककवन रोड पर शुभम पैलेस के सामने किसान सब्जी लेने के लिए बिल्हौर बाजार जा रहा था पीछे से मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे किसान दूर जा गिरा गंभीर रूप से घायल की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में मोटरसाइकिल सवार व राहगीर किसान को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। शाम लगभग 7.00 बजे रहमतपुर गांव निवासी किसान मुकेश शर्मा पुत्र बिहारी लाल 55 वर्षीय झोला लेकर कस्बे में सब्जी लेने जा रहा था शुभम पैलेस के सामने जैसे ही पहुंचा उसी समय पीछे से मोटरसाइकिल सवार सुरजीत पुत्र राकेश 28 वर्षीय ने किसान के पीछे से टक्कर मार दी

जिससे किसान गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगा वहीं पर मोटरसाइकिल सवार भी दूर जा गिरा वहां पर मौजूद दुकानदारों ने दोनों को उठाकर एंबुलेंस को सूचना कर सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने सुरजीत को मलहम पट्टी कर घर जाने दिया और बुजुर्ग मुकेश शर्मा को कानपुर रिफर कर दिया है

बिल्हौर थाना अशोक कुमार सरोज ने बताया कि अभी तक प्रार्थना पत्र नहीं मिला है

प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाएगी।

# सीएसए 21 अक्टूबर से छह दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण का होगा शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के निर्देश में विश्व विद्यालय स्थिति मशरूम शोध एवं विकास केंद्र पादप रोग विज्ञान विभाग के अंतर्गत छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। मशरूम शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एस.के.विश्वास ने बताया कि कोई भी व्यक्ति (कृषक, छात्र एवं शहरी लोग) जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं। तो यह उनके लिए उत्तम अवसर है। डॉ विश्वास ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण



प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग (



प्रैक्टिकल) भी कराए जाएंगे।डॉ विश्वास ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए रुपया 1000/- पंजीकरण शुल्क के साथ अपनी आईडी (आधार की कॉपी) एवं एक स्वयं की पास पोर्ट साइज फोटो देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगर कोई किसान बाहर से आता है। तो उसे रुकने की व्यवस्था होगी। लेकिन उसके लिए प्रशिक्षणार्थी को अलग से शुल्क देना होगा।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि सफलतापूर्वक प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मशरूम पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कोई भी युवक/युवतियां अधिक जानकारी के लिए 9452522504 एवं 9140717052 फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा बाजार की ताकतों पर नियंत्रण जरूरी

**यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी।**

*बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण है कि किसानों को कौन-सी फसल लेना लाभकारी रहेगा, इस पर सोच-विचार का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनकी बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। यह सरकार की सकारात्मक पहल है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए ये फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ मानव श्रम को भी शामिल किया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में अन्य प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वही है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे।**

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र, सरकार से बड़ी उम्मीदें



ललित गर्ग

**दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा।**

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा। जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल



**पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है।**

कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके। निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं। केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी।

## एक्सप्रेस कविता

*तेरे नाम से नाम मिला लेते है लोग,*
*कैसी बेमेल जोड़ी बना लेते है लोग।*
*धूप है रोशनी है ज़माने में यहाँ,*
*नकली चेहरा छुपा लेते है लोग।*
*कांटों में चला था इसी विश्वास से,*
*पत्थर में राह बना लेते हैं लोग।*

*कोयले सी कालिख जिन दिलों में*
*चेहरे पर सफेदी लगा लेते है लोग।*
*आज यहां उजाला है सूरज का,*
*म्लान मनसूबे छुपा लेते है लोग।*
*उन्हें पहचानना मुश्किल है संजीव,*
*चेहरों पर चेहरा लगा लेते हैं लोग।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सिर्फ अपनी नही बल्कि दुसरो की गलतियों से भी सीखो, क्योंकि लक्ष्य बड़ा है और समय कम*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 06:46 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 08:32 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | व्यतिपाता, 14:10 |
| सूर्योदयः | 06:24 |
| सूर्यास्तः | 17:39 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 16:15-17:39 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:39-12:24 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !


*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फैटी लिवर की समस्या से राहत पाने के लिए अपनाएं खास डाइट प्लान, लिवर बनेगा हेल्दी



**आपने** अपने आसपास कई लोगों को कहते सुना होगा कि उन्हें फैटी लिवर की समस्या हो गई है। फैटी लिवर यानी लिवर पर फैट्स सेल्स का इकट्ठा होना। ऐसे में लिवर फंक्शन स्लो हो जाता है और लिवर से जुड़ी समस्याएं भी होने लगती हैं। इस समस्या में व्यक्ति में पेट में दर्द, मतली, भूख कम लगना, वजन बढ़ना या अचानक कम होना, त्वचा में पीलापन और हाथ-पैरों में सूजन आने जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। अगर किसी व्यक्ति को अचानक से अपनी सेहत में ये लक्षण दिखने लगते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। लंबे समय तक परेशानी बनी रहने से डाइजेस्टिव प्रॉबलम्स, लिवर फेलियर, किडनी डिजीज और हार्ट डिजीज हो सकती हैं। खराब लाइफस्टाइल के कारण होने वाले हेल्थ इशुज को सही डाइट से कैसे ठीक किया जाए, इस बारे में हम 'बीमारी और डाइट सीरीज' में बात करते हैं। इस सीरीज में हम न्यूट्रिशनिस्ट, डायटिशियन से बात करके आपके लिए वीकली डाइट प्लान तैयार करते हैं।

**फैटी लिवर की बीमारी क्यों होती है?:** फैटी लिवर की बीमारी क्यों होती है यह इसके प्रकार पर निर्भर करता है। फैटी लिवर की स्थिति दो तरह की होती है। पहला अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज और दूसरा नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज। अल्कोहोलिक फैटी लिवर की स्थिति उन लोगों में देखने को मिलती है, जो लोग शराब का सेवन बहुत ज्यादा करते हैं। नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर की स्थिति जीवनशैली से जुड़ी कई खराब आदतों के कारण हो सकती हैं। फैटी लिवर की समस्या लाइफस्टाइल से जुड़ी समस्या है जिसे हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल के जरिए कंट्रोल किया जा सकता है।

**ब्रेकफास्ट में क्या खाएं?:** नाश्ते में आप वेजिटेबल उपमा या वेजिटेबल आमलेट बनाकर खा सकते हैं। इसमें टमाटर और प्याज के साथ हल्के मसाले इस्तेमाल करें। मिड मॉर्निंग स्नैक्स में कोई भी एक फल खा सकते हैं।

**लंच में क्या खाएं?:** लंच के दौरान किसी भी तरी वाली सब्जी के साथ ब्राउन राइस खा सकते हैं। इसके साथ मिक्स सलाद जरूर खाएं। शाम के स्नैक्स में स्प्राउट्स चाट ले सकते हैं।

**डिनर में क्या खाएं?:** डिनर में मूंग दाल के साथ मिक्स आटे की रोटी और कोई हरी सब्जी खा सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# क्या देश 'हमारे' मुताबिक चलेगा



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**जैसा मैंने पहले कहा कि जनहानि की पूर्ति नहीं हो सकती रामगोपाल मिश्रा पुनः वापस नहीं आ सकता। मां बाप का लाडला और उनकी बहू का पति वापस नहीं आ सकता। उसके लिए चाहे हमारा समाज या हमारी सरकार गोली मारने वाले को मौत के घाट ही क्यों ना उतार दे।**

**मेरी इस बात से लोग कतई इत्तेफाक नहीं करेंगे और इसे एक अलग एंगिल देते हुए कहेंगे की कावड़ यात्रा या शोभा यात्रा यदि हिंदुस्तान में नहीं निकलेगी तो क्या पाकिस्तान में निकलेगी। अरे भाई आराम से निकलेगी, निकलनी भी चाहिए निकालिए भी जरूर। लेकिन शोभा के साथ उससे वह और अधिक शोभायमान लगेगी। वरना इस देश में सरफिरे लोगों की कोई कमी नहीं है।**

**आज** हम बात करेंगे नवयुवकों के टेंपरामेंट के बारे में। हम बात करेंगे नवयुवको में बढ़ रहे आक्रोश और गुस्सा के बारे में। हम बात करेंगे नवजवानों द्वारा अपने मन मुताबिक सब कुछ किए जाने के बारे में । हम बात करेंगे समाज में खास तौर से नवयुवकों में बढ़ रही धार्मिकता कट्टरता के बारे में। हम बात करेंगे सामाजिक तथा धार्मिक उन्माद के बढ़ने के बारे में। हम बात करेंगे नवजवानों के द्वारा अपने स्वयं के भटकाव के बारे में, लक्ष्य के अभाव के बारे में और इसी के साथ यह भी बताएंगे कि बहराइच के महाराजगंज कस्बे में रविवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा में एक युवक रामगोपाल मिश्र की गोली लगने से हुई मौत के बारे में। इस जघन्य कांड की वैसे जितनी भी निंदा की जाए कम है क्योंकि जनहानि का कोई विकल्प नहीं है। जिसके जरिए उस हानि को पूरा किया जा सके। राम गोपाल मिश्रा की मृत्यु से संपूर्ण समाज स्तब्ध है क्योंकि बात इतनी बड़ी नहीं थी कि किसी को गोली मार दी जाए। लेकिन एक दिन पहले जिस तरह की रिपोर्ट मीडिया में आयी है वह तो और भी अधिक दिल दहलाने वाली थी उसमें मृतक राम गोपाल मिश्रा के तमाम अन्य तरह की यातनाये और उंगलियों के नाखून उखाड़ने तक की बात थी। जबकि बहराइच पुलिस की रिलीज तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऐसा कोई ब्योरा देखने या पढ़ने को नहीं मिला। फिर क्या जरूरत थी समाज में आग लगाने की नापाक कोशिश करने की। इस तरह की घटनाओं की कवरेज करना यकीनन बहुत दुष्कर होता है लेकिन अगर हम सच को सच की तरह पेश करें तो शायद कोई दिक्कत नहीं आएगी। अपनी पत्रकारिता के प्रारंभ में मेरे समाचार संपादक श्री सुरेश द्विवेदी जी ने एक बार मुझे बताया था कि समाचार लिखते समय अपराधी के नाम के साथ कोई विशेषण लगाने के बजाय उसके द्वारा की गई घटनाओं का ब्योरा देना ही पर्याप्त होता है। फिर पाठक घटनाक्रम के पढते ही कह उठना है इतना शातिर अपराधी। मैं यह बात कह कर अपने पत्रकार साथियों को कोई उपदेश नहीं दे रहा हूं बल्कि यह बताने का प्रयास कर रहा हूं कि हमारी गलत रिपोर्टिंग समाज को गलत दिशा में जाने को प्रेरित कर सकती है। वैसे अब बहराइच आहिस्ता आहिस्ता शांत हो रहा है। सीओ महसी हटाए जा चुके हैं। जिला सूचना अधिकारी को भी हटाया जा चुका है। इसी के साथ अभी करीबी एक दर्जन गैर जिम्मेदाराना व्यवहार करने वाले तथा स्थिति को पूर्व में ही ना भाप पाने वाले अधिकारियों को हटाया जाना है। लेकिन इस सब के बीच मेरा मूल सवाल तो वही है कि इससे हिंदुओं और मुसलमान को हासिल क्या हुआ? क्योंकि कोई भी समाज संयम सहिष्णुता तथा सद्भावना से ही सशक्त होता है। अगर कभी समाज इन लोकतांत्रिक भावनाओं के प्रतिकूल चलने लगता है तो न केवल हिंसा की आशंका बढ़ जाती है बल्कि समाज में भय का माहौल भी उत्पन्न हो जाता है। प्रतिमा विसर्जन के समय उत्तर प्रदेश के बहराइच तथा झारखंड के गढवा में जो हुआ उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्योंकि मुझे तो लगता है कि हर समुदाय यह मानने लगा है कि पूरे समाज या देश को उसके हिसाब से चलना चाहिए और इस काम में उनकी मदद करते हैं राजनीतिक दल । उन्हें लगता है कि यदि देश और समाज उनके हिसाब से नहीं चलेगा तो वह कानून हाथ में ले लेंगे। किसी शोभा यात्रा पर पत्थर फेंकने की घटना सामान्य नहीं है और ना ही किसी के घर की छत पर जाकर लगे झंडे को हटाकर अपनी पसंद का झंडा लगाने की घटना ही सामान्य है और ना ही इस एक्शन के रिएक्शन में झंडा बदल देने वाले की गोली मारकर हत्या कर देना ही सामान्य घटना है। यह बहुत बड़ी घटना है यह घटना बताती है कि हम कहां खड़े हैं और हम कितने सभ्य हैं। आखिर क्या हम सद्भाव के साथ नहीं रह सकते? क्या हम आपसी सामंजस्य और सद्भाव के साथ शोभा यात्रा या ताजिया नहीं निकाल सकते? क्या यह आवश्यक है कि हमारा धर्म श्रेष्ठ है इसे साबित करने के लिए हम दूसरे धर्म को गाली दे। उसका झंडा जो उसी के घर के छत पर लगा है उसे हटाकर अपना झंडा लगा दें और अपने धर्म की जय जयकार करें। जिसके घर में झंडा उतर गया उसे भी यह सोचना और समझना चाहिए की गोली चलाकर आप किसी के धर्म को या उसकी भावनाओं को कमजोर नहीं कर सकते । लेकिन इस पूरी घटना का सबसे दुखदाई पहलू यह है कि उस वक्त पुलिस क्या कर रही थी जब भीड़ छत पर झंडा हटा रहे युवक को सपोर्ट कर रही थी। यह पुलिस प्रशासन की नाकामी नहीं तो और क्या है। क्या यह नहीं संभव है कि हम शोभा यात्रा शोभा के साथ निकाले, शोभनीय ढंग से निकाले। क्या शोभा यात्रा में उग्रता, हुड़दंग, भड़काऊ नारेबाजी लगाए बिना कावड़ यात्रा या शोभा यात्रा या रामडोल सफल नहीं होगी।

# दुष्कर्म कर महिला को गोली मारने का आरोपी मुठभेड़ में पुलिस ने किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस | सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली क्षेत्र में पुलिस ने महिला से सामूहिक दुष्कर्म और उसे गोली मारने के मामले में नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लो लिया। गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार रात मुख्य आरोपी शमशाद को तमंचा बरामदगी के लिए जंगल में लेकर गई, जहां उसने भगाने की कोशिश की। उसने पुलिस पर फायर किया। मुठभेड़ के दौरान शमशाद के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।थाना मितौली क्षेत्र में एक गांव निवासी महिला से 14 अक्तूबर को गांव के ही तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। महिला के विरोध करने पर आरोपी शमशाद ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही शमशाद,देवेंद्र और राजीव के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी। शुक्रवार रात पुलिस ने तीनों आरोपियों को बीरमपुर नहर के पास गिरफ्तार कर लिया। थाना मितौली क्षेत्र में एक गांव निवासी महिला से 14 अक्तूबर को गांव के ही तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। महिला के विरोध करने पर आरोपी शमशाद ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही शमशाद, देवेंद्र और राजीव के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी। शुक्रवार रात पुलिस ने तीनों आरोपियों को बीरमपुर नहर के पास गिरफ्तार कर लिया। थाना मितौली क्षेत्र में एक गांव निवासी महिला से 14 अक्तूबर को गांव के ही तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। महिला के विरोध करने पर आरोपी शमशाद ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही शमशाद, देवेंद्र और राजीव के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी। शुक्रवार रात पुलिस ने तीनों आरोपियों को बीरमपुर नहर के पास गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जब पुलिस घटना के मुख्य आरोपी शमशाद को तमंचा बरामदगी के लिए जंगल में ले गई। वहां पर पुलिस के ऊपर शमशाद ने हमला कर दिया। उसने उसी तमंचे से पुलिस पर गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और शमशाद के पैर में गोली लग गई। एएसपी नैपाल सिंह ने बताया कि घायल शमशाद को सीएचसी मितौली में भर्ती कराया गया है।

# साहब बहुत बढ़िया है हमारा परिवार उजड़ने से बच गया

- समझौते के बाद पति पत्नी ने की अधिकारियों की प्रशंसा
- संपूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायतें आयी तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया साथ ही दो परिवार को अधिकारियों ने उजड़ने से बचाया, फरियादियों ने की प्रशंसा




जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी

तहसील सभागार में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतें आई तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया जिसमें राजस्व विभाग की तेरह, पुलिस विभाग की तेरह, विकास विभाग की तीन, समाज कल्याण, शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग से एक-एक शिकायतें आयी इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में दो शिकायतें ऐसी रही जिनका निस्तारण एसडीएम राजीव निगम व महक शर्मा ने बड़ी सूझबूझ के साथ किया जिससे दो परिवार उजड़ने से बचे। संचालित हो रहे हैं संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान महिला शिल्पी पुत्री दयाशंकर पत्नी मेलाराम ने आपबीती एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा के समक्ष रखी शिल्पी ने बताया कि उसके पति मेलाराम से उसकी कुछ कहासुनी हो गई थी जिससे उसने कुछ लोगों के बहकावे में आकर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा निघासन कोतवाली में पंजीकृत करवा दिया था लेकिन मामला जब सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम राजीव निगम के समक्ष पहुंचा तो एसडीएम राजीव निगम और महक शर्मा सीओ ने पति पत्नी को समझाया कुछ देर के बाद दोनों ने आपस में माफी मांगी और संतुष्ट हुए शिल्पी ने कहा कि उक्त बबात पर अब मेरा आपसी सुलह समझौता हो गया है मेरे पति ने अब कार की मांग नहीं की है अब हम संतुष्ट है साहब बहुत बढ़िया हैं कुछ ऐसा ही प्रकरण पूनम पुत्री रंगीलाल पत्नी संदीप निवासी जगनपुरवा का रहा जिसको एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा ने समझाया कुछ देर बाद आपसी सुलह कर लिया साथ ही संतुष्ट हुए परिवार ने एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा की जमकर की प्रशंसा वहां पर उपस्थित अन्य फरियादियों ने भी अधिकारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा इस दौरान तहसीलदार भीमचंद, नयाब तहसीलदार हरिराम, बीडीओ जयेश कुमार सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में युवक ने महिला को फावड़ा मारा

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

सदर कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक दबंग युवक ने महिला पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना शनिवार को निर्मल नगर मोहल्ले में सुबह करीब 10.30 बजे हुई, जब आरोपी अखिलेश तिवारी और महिला मीणा पत्नी रामकिशोर के बीच किसी बात पर विवाद हुआ।सूत्रों के अनुसार, आक्रोशित अखिलेश ने मीणा पर फावड़े से वार किया। जबकि स्थानीय लोगों ने बताया कि मीणा पर कांच तोड़ने का आरोप लगाते हुए आरोपी ने डंडे से भी वार किया। इस घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी 112 ने मौके पर पहुंचकर घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।पुलिस ने आरोपी अखिलेश तिवारी को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर कोतवाली पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। महिला का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## डिजिटल सेल्फ स्टडी लाइब्रेरी का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी

जे पी इण्टर कालेज रोड बाजार के पास डिजिटल सेल्फ स्टडी लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हमीदुल्ला ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात उन्होंने लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। शानदार किताबों सहित वाई फाई आदि की व्यवस्था देखकर कहा कि इसके खुलने से युवाओं को काफी सहूलियत होगी। कहा कि सही मार्गदर्शन के अभाव में युवा आज के समय में किताबों से दूर होकर मोबाइल के करीब हो गए है। ऐसे में इस तरह की लाइब्रेरी से उन्हें काफी मदद मिलेगी। इस मौके पर संचालक रविउल्ला, जकीउल्ला, मो अशरफ सिद्दीकी, एडवोकेट अनूप कुमार गुप्ता, रिजवान सहित लाइब्रेरी में पढ़ने वाले बच्चे मौजूद रहे।

# महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट की बैठक



जन एक्सप्रेस | सिंगाही खीरी



महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट की बैठक कस्बे के राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज में आयोजित की गई। यह टूर्नामेंट 17 से 24 नवम्बर तक चलेगा। राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज मे आयोजित महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट टूर्नामेंट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विकर्मेन्द्र प्रसाद भल्ला ने उपस्थित सभी सदस्यों से इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए सभी से सुझाव मांगे। महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने बैठक में पिछले साल हुए आय तथा व्यय का ब्यौरा पढ़कर सुनाया। उसके बाद सभी की सहमति से 17 से 24 नवंबर तक महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस फुटबाल टूर्नामेंट मे कई प्रदेश की टीमों को न्योता दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से फुटबॉल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। इसलिए यह विश्वास कायम रखने की जरूरत है। जिसे जो दायित्व सौंपा गया है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाए। ताकि फुटबॉल टूर्नामेंट को और भव्य तरीके किया जा सके। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने शील्ड के साथ द्वितीय पुरुस्कार देने का वादा किया। इस दौरान राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज के अध्यक्ष डॉ एन यू खान, संजय तिवारी, अतुल भंडारी, अशोक वर्मा, अनुराग पुरवार, सुमित परमार, कमेंट्रेटर सईदुररहमान, आदि लोग मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय की बैठकें सम्पन्न हुई




बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी चिकित्सालयों में एक्सरे मशीन संचालित करायी जाये। दिव्यांगों हेतु मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल वितरण के लिये पंजीकरण शिविर लगाने एवं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को दिये गये। मत्स्य अधिकारी को नियमावली एवं वित्तीय स्थिति प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी को निलम्बित दुकानों का शीघ्र संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौआश्रय स्थलों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सेक्स सार्टेड सीमेन के उपयोग को और अधिक बढ़ावा देने के निर्देश दिये गये। गन्ना भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुये गत वर्ष का शतप्रतिशत भुगतान होने पर समिति द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

पवन कुमार सिंह सभापति उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापतित्व में समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें समिति के सदस्यों कुंवर महाराज सिंह, डा केपी श्रीवास्तव व श्री उमेश द्विवेदी द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। समिति की बैठक के दौरान विधायक सिधौली मनीष रावत एवं विधायक सेवता ज्ञान तिवारी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जनपद के अन्तर्गत समस्त कार्यालय में जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2023 के मध्य सेवानिवृत्त हुये कार्मिकों से संबंधित पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति, जीपीएफ भुगतान की स्थिति एवं विगत 03 वर्षों से लम्बित मृतक आश्रितों के सेवायोजन की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त वृद्धावस्था-विधवा पेंशन के विगत 3 वर्षों से अधिक लम्बित मामलों की समीक्षा, किसानों के प्रतिकर से संबंधित विगत 03 वर्षों के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिग्रहण हो गया है, परन्तु प्रतिकर का भुगतान नहीं किया गया, की समीक्षा भी की गयी। जनपद में बिजली-पानी से संबंधित ऐसे मामलों की समीक्षा, जिनकी स्वीकृति मिलने के उपरान्त 01 वर्ष से अधिक लम्बित हैं। भवनों के मानचित्र स्वीकृति तथा भूमि सीलिंग प्रमाण-पत्र जारी किये जाने से संबंधित 01 वर्ष से अधिक समय से लम्बित मामलों की समीक्षा भी समिति द्वारा की गयी। कर्मचारियों के लंबित देयकों के संबंध में समीक्षा करते हुये समिति द्वारा स्पष्ट रूप से सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सेवानिवृत किसी कर्मचारी का पेंशन, ग्रेच्युटी, जीपीएफ व अन्य देयकों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। समिति के सभापति पवन कुमार सिंह ने कहा कि मृतक आश्रितों के सेवायोजन से सम्बंधित कोई प्रकरण लंबित न रखा जाये। जिन विभागों में लम्बित प्रकरण पाये गये, उनके अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि समयबद्ध रूप से प्रकरणों को निस्तारित कर समिति को अवगत करायें तथा भविष्य में कर्मचारियों के देयक संबंधित कोई प्रकरण लम्बित न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुये कहा कि स्वयं अपने कार्य में सुधार करें, क्योंकि अधीनस्थ अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देखकर ही कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समिति के निर्देशों के बाद भी प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण में यदि किसी विभाग द्वारा लापरवाही की जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

# एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि आज जनपद लखनऊ में स्थित जनेशवर पार्क मे युवाओं को एचआइवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए उप्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वाधान मे आयोजित राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन मे जनपद सीतापुर के आरएमपी कालेज ग्राउंड के एथलीटस पुरूष वर्ग से श्री अभिषेक द्वारा प्रथम स्थान हासिल कर व महिला वर्ग से सुश्री खुशनूर ने तृतीय स्थान हासिल कर प्रदेश में जनपद सीतापुर का नाम गौरवान्वित किया एवं अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सीतापुर जनपद को प्रदर्शित करेंगे। जिसके क्रम मे उप्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ द्वारा बधाई देते हुये प्रथम विजेता अभिषेक को रू0 10,000 की धनराशि व तृतीय विजेता सुश्री खूशनूर को रू0 5,000 की धनराशि की चेक व अन्य उपहार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये एवं जनपद सीतापुर को बधाई दी गयी एवं खिलाड़ियों का मनोबल बढाते हुये उन्हे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे घोषणा की गयी।

दिशा क्लस्टर से श्री सौरभ श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि जिला क्षय रोग अधिकारी महोदय डा0 मनोज कुमार देशमणि जनपद सीतापुर द्वारा खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने, अच्छे स्वास्थ्य व युवाओं मे जागरूकता हेतु जिले में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता करायी जाती रहती है, जिस कारण आज उन्हीं प्रतिभागियों द्वारा जनपद का राज्य स्तर पर मान बढ़ाया गया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर से कार्यालय जिला क्षय रोग अधिकारी-दिशा क्लस्टर सीतापुर से श्री सौरभ श्रीवास्तव (डीएमडीओव) श्री शिवम एथलीट कोच द्वारा जनपद सीतापुर से पुरूष व महिला वर्ग के एथलीट्स खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व किया गया एवं कार्यक्रम में उप्र राज्य एडस नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ से समस्त वरिष्ठ अधिकारीगण व लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी प्रोफेसर आलोक कुमार राय व अन्य जन मौजूद रहे।

# दबंगों से पीड़ित महिला ने लगाई पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार



जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर की एक महिला दबंग से छुटकारा पाने के लिए पिछले दो सालों से पुलिस के चक्कर लगा रही है, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिससे महिला बहुत परेशान है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई है।महिला का आरोप है कि दबंग अक्सर उसके घर घुसकर उससे छेड़छाड़ शुरू कर देता है जिससे वह आजिज आ चुकी है। विरोध करने पर उसे मारता पीटता है। 15 अक्टूबर 2022 की है। उसका पति घर नहीं था।वह घर पर थी तभी तबंगों ने उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए उसका दरवाजा खुलवा लिया और फिर तमँचा दिखा कर उससे छेड़छाड़ कर दुराचार की कोशिश की।महिला का कहना है कि उसके घर के सामने रह रहा एक दबंग उसे पर बुरी नजर रख रहा है। उसके पति की गैर मौजूदगी में वह उसे परेशान करता है। आरोप है कि 15 अक्टूबर 2022 को उसका पति घर पर नहीं था तभी दबंग ने उसके पति को गोली मार देने की धमकी देते हुए उसका दरवाजा खुलवा लिया और फिर उसे तमँचा दिखा कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसी बीच उसका पति आ गया तो दबंग अपने साथियों के साथ छत के रास्ते से भाग निकला। महिला का कहना है कि उसने 15 अक्टूबर को ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, पर कोई सुनवाई नहीं हुई।महिला ने 26 अक्टूबर 2022 को फिर तहरीर दी फिर भी कुछ नहीं हुआ।शिकायत करने के बाद पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रही है,पर उसकी कोई नहीं सुन रहा है।

## रामपुर मथुरा क्षेत्र की पांच सड़कों की जांच करने पहुंची जांच कमेटी



जन एक्सप्रेस | सीतापुर

**महमूदाबाद।** जिला पंचायत अध्यक्ष की शिकायत पर शासन द्वारा बनाई गई जांच कमेटी शनिवार को रामपुरमथुरा क्षेत्र की जिला पंचायत द्वारा बनी पांच सड़कों की जांच करने पहुंची। जांच कमेटी ने सड़कों की लंबाई-चौड़ाई नापने के साथ उसका नमूना लेकर भी जांच की। शासन द्वारा बनाई गई जांच कमेटी में पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य जिला पंचायत अधिकारी जेके दीक्षित, अभियंता जिला पंचायत बाराबंकी रवींद्र सिंह समेत सीतापुर जिला पंचायत के कई अधिकारी मौजूद रहे। जांच टीम ने सेमरी, सधुवापुर, सुकईपुरवा, तुलसीपुर बंजर और उमरिया के संपर्क मार्गों की जांच की। जांच टीम में आये अधिकरियों ने बताया कि जांच की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

# महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर शोभायात्रा निकाली गई



जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी

नगर में महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, महर्षि बाल्मीकि प्रकट दिवस नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वाल्मीकि आश्रम से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बाल्मीकि आश्रम पहुंची। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया और महर्षि बाल्मीकि से सुख शांति की कामना की गई। शोभा यात्रा में भगवान बाल्मीकि के जीवन से जुड़ी अनेक आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं रास्ते भर शोभायात्रा का स्वागत प्रसाद वितरित कर किया गया। शोभा यात्रा में बाल्मीकि भगवान की पालकी भी खासा आकर्षण का केंद्र रही।शाम को भंडारे का आयोजन किया गया राम भरोसे उर्फ बाबा जी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर बाल्मीकि समाज के एडवोकेट राजन वाल्मीकि ने कहा कि शोभायात्रा का आयोजन पिछले कई दशकों से किया जा रहा है जिसमें शहर के गणमान्य लोग भी शामिल होते हैं और धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली जाती है उन्होंने कहा कि इस यात्रा में सभी लोगों का सहयोग होता है और सभी बढ़-चढ़कर इसमें भाग लेते हैं। जिसमें मुख्य रूप से रामभरोसे उर्फ बाबा जी, रवि उर्फ डब्बू वाल्मीकि, अभिमन्यु वाल्मीकि, अर्जुन वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, श्रीनाथ वाल्मीकि आदि बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मन मसोस कर रह गए इलाके के लोग

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

सरकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव को लेकर यहां के अधिक आबादी वाले लोग सत्ता पक्ष के हस्तक्षेप के चलते मन मसोस कर रह गए हैं। जनता के लोगों का कहना है कि सत्ता पक्ष के नुमाइंदा कहे जाने वाले को अबकी बार क्या शाहजहांपुर और खुटार के ही लोग वोट देंगे। लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं जिस शख्स का गोला विधानसभा में कोई वजूद नहीं है वह जिला शाहजहांपुर के खुटार कस्बे के निकट एक गांव का रहने वाला है। उसे गन्ना समिति का अध्यक्ष बनवाकर अपने इलाके के ब्राह्मण और कुर्मी समाज की अनदेखी कर उन्हें नाराज किया है।

# बाजार सज गए हैं दुकानों में सुहाग के सामानों के खरीदार उमड़ रहे लोग

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी-खीरी



करवा चौथ पर बाजार सज गए हैं दुकानों में सुहाग के सामानों के खरीददार उमड़ रहे हैं मांग अधिक दुकानदारों ने फुटपाथ पर दुकान सजा लिए करवा चौथ पर पति की दीर्घायु और कुशलता का व्रत करवाचौथ की तैयारी शुरू हो गई है सुहागने व्रत का सामान खरीद रही हैं बाजार सुहाग के सामान से सज रहे हैं कपड़े और सुहाग की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है नगर चौराहे, रामलीला समेत छोटी बड़ी हर मार्केट में करवा चौथ का सामान मिल रहा है बाजारों में व्रत का समान दिखाई दे रहा है पानी पिलाने वाली करवा(टोइवा), चलनी, चूड़ी, छोटी चुनरी, व्रत कथा की पुस्तक वही ग्राहक अपनी खरीद क्षमता के अनुसार साड़ी कपड़े की खरीदारी भी कर रहे हैं करवा चौथ पर जहां महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी हैं वहीं पति बाजार में पत्नी के लिए उपहार खरीदने में जुटे हैं इसकी बानगी उपहार बेचने वाली दुकानों के साथ-साथ आभूषण व कपड़ों की दुकानों पर भी दिख रहे है कपड़ों के व्यापारियों का कहना है कि बहुत से पुरुष पत्नी के लिए मनपसंद साड़ियों की डिमांड कर रहे हैं इसके लिए हमने भी खास तैयारी कर रखी है।

# भारतीय किसान संगठन व क्षेत्र के समस्त किसान मिल पहुंच कर किए गए वादों को लेकर वार्ता करेंगे वार्ता

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



खंभार खेड़ा चीनी मिल के प्रबंधक से व मैनेजमेंट 21 अक्टूबर दिन सोमवार को भारतीय किसान संगठन व क्षेत्र के समस्त किसान मिल पहुंच कर किए गए वादों को लेकर वार्ता करेंगे वार्ता से अगर हल निकल रहा है तो ठीक नहीं तो अगली डेट देकर धरना प्रदर्शन जारी होगा किए गए वादों में तीन किलोमीटर तक बिजली फ्री देने का वादा किया व 10 किलोमीटर तक 24 घंटे बिजली देने का वादा किया जो सरकारी रेट में किसानों को बिजली मिल रही है इस रेट में देने का वादा किया था और 15 किलोमीटर रोड व खड़ंजा देने का वादा किया था आज तक अभी कोई कार्य संभार खेड़ा चीनी मिल नहीं किया यहां तक ही नहीं किसानों का गन्ना भुगतान भी नहीं कर पा रहे साथ ही साथ बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड चाहे खंभार खेड़ा व गोला चीनी मिल और पलिया चीनी मिल कोई भी समय से भुगतान नहीं दे पा रहे हैं बजाज ग्रुप की प्रदेश में जितनी भी चीनी मिले हैं कोई समय पर किसानों को भुगतान नहीं दे पा रही इन्हीं समस्याओं को देखते हुए खंभार खेड़ा चीनी मिल क्षेत्र के किसानों से जो वादे किए थे अगर उनका पूरा ना किया तो इस बार फैक्ट्री पर धरना प्रदर्शन कर भारतीय किसान संगठन बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड खंभार खेड़ा को चीनी मिल को ताला लगाएगा।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **11.11.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 11002024 दिनांक 18.10.2024 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 14/Sr.DEN-I/LKO/2024-25, 15/Sr.DEN-I/LKO/2024-25 | | | |
| 3 | कार्य का नाम | 1 | लखनऊ (CBW) – सहायक मण्डल इंजीनियर/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/वर्कशॉप के अनुभाग में लोको शॉप में यार्ड क्षेत्र में पथ, फर्श की भारी मरम्मत और नाली का प्रावधान। | | |
| | | 2 | सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन जर्जर पाइपलाइन के बदले नई पाइपलाइन का प्रावधान एवं अन्य जल आपूर्ति संबंधी कार्य। | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 99,93,761.98 | 2. | Rs. 2,45,75,261.14 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. | Rs. 1,99,900.00 | 2. | Rs. 2,72,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 एवं 02 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 28.10.2024 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 11.11.2024, 15:00 बजे | | | |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3244/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## फंदे से लटकती मिली किशोरी की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/पनियरा महाराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा डोमरा में एक किशोरी ने मकान में छत के कुंडी में फंदे से लटका हुआ शव मिला।ग्राम सभा डोमरा के टोला नवलपुरवां निवासी राजकुमार निषाद की बेटी आराधना उम्र लगभग 15 वर्ष शुक्रवार को देर रात मकान के छत की कुंडी से फंदे से लटकती मिली । मृतका आराधना के पिता रोजी-रोटी के लिए दिल्ली में रहते हैं। और उस समय आराधना की मां प्रमिला बाहर गयी हुयी थीं। जब वह घर वापस लौटी तो घर में घुसने के बाद देखीं की बेटी फंदे से झूल रही थी। किशोरी की मां की शोर मचाया तो आस पास के ग्रामीण जुटे और इसकी जानकारी पनियरा पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।एक महिने पुर्व मृतका किशोरी आराधना के साथ गांव के बगल के टोले? के सूरज निषाद अवैध सम्बन्ध बनाने के आरोप में पकड़ा गया था। जो इस समय जेल में बंद हैं।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जनता की फरियाद

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील पडरौना के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता की समस्याओं व शिकायतों को बारी - बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध , गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 64 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 38 में से 15 को तत्काल निस्तारित किया गया , पुलिस विभाग से संबंधित 11, विकास विभाग से संबंधित 08 तथा अन्य विभाग के 07 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 64 में से 15 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 49 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, सीओ सदर अभिषेक प्रताप, डीपीओ विनय कुमार ,बीएसए राम जियावन मौर्य, डीएसओ जी एस शुक्ला, डीआईओएस रविंद्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार पूर्णिमा सिंह, नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी, अंजू यादव सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ संत राम सरोज एवं थानाध्यक्ष गण,पूर्ति निरीक्षक, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

## अवैध पटाखे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**नौतनवा/ महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के दिशा निर्देशन के क्रम में सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह द्वारा गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर बिना लाइसेंस अवैध पटाखो की बिक्री के प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक शक्ति सिंह मय हमराह हेड का. दुर्गेश कुशवाहा, जितेन्द्र गौड़, का चन्द्रप्रकाश यादव, विशाल सिंह, विनय कुमार व अतुल पाण्डेय द्वारा फरेन्दी तिवारी बाजार से 13 बोरी व 4 कपड़े के झोले में भिन्न भिन्न प्रकार के व भिन्न भिन्न ब्राण्ड के अवैध पटाखो के साथ दो आरोपियों क्रमशः आकाश कुमार केशरी निवासी वार्ड न. 13 बाल्मिकी नगर कस्बा सोनौली व अमित मद्धेशिया निवासी वार्ड न. 11 मौलाना आजाद नगर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध धारा 5/9(B) (1) B विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व 288 BNS पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सार्वजनिक शौचालय न होने से बढ़ी परेशानी

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

सरकार नगर पंचायतों में लोगों की बुनियादी सुविधाओं के साथ साफ सफाई व स्वच्छता पर लाखों रुपए खर्च कर नगर की व्यवस्था सुधारने के लिए कटिबद्ध है, लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे है जिससे नगर पंचायतों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ऐसा ही एक मामला नगर पंचायत मथौली का है जहां सार्वजनिक शौचालय न होने से नगर की तमाम सड़के मानव मल से पटी पड़ी है। नगर में बुनियादी सुविधाओं का टोटा है, सड़के टूटी पड़ी है लेकिन जिम्मेदार इसपर ध्यान नहीं दे रहे है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली का गठन होने के बाद विकास कार्य पर करोड़ों रुपए खर्च हो गए लेकिन नगर के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। नगर में सीसी रोड व नाला निर्माण तो हो रहा है लेकिन कस्बे में सार्वजनिक शौचालय, आरओ एटीएम मशीन, शवदाह गृह, मोबाइल ट्रांसफार्मर, पशु केंद्र, रैन बसेरा आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सार्वजनिक शौचालय न होने से कस्बे में आने जाने वाली महिलाएं व युवतियां काफी परेशान होती है, लेकिन जिम्मेदार शौचालय बनवाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर पांच में अस्थाई कार्यालय है। यहां प्रतिदिन चेयरमैन, ई ओ व जेई जिस मार्ग से गुजरते है वह सड़के मानव मल से पटी रहती है। इतना ही नहीं नगर के कई वार्डो में सफाई न होने से नालिया बजबजा रही है। सड़न व बदबू से लोग परेशान है जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो गई है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। नगर में कम से कम पांच शीटर का दस शौचालय की आवश्यकता है।

# गोरखपुर में रोइंग की तैयारी हुई तेज

- शनिवार से शुरू लेन कोर्स बनाने का कार्य, 26 तक रामगढ़ ताल में नहीं चलेगी बोट

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित होने वाली 25वीं सब जूनियर रोइंग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस खास मौके पर देशभर के युवा एथलीट अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं।शनिवार से 500 मीटर का लेन कोर्स बनाने का कार्य द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता इस्माइल बेग की अगुवाई में एक 10 सदस्यीय टीम द्वारा शुरू किया गया। यह कोर्स सभी प्रतिभागियों के लिए उच्चतम मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, ताकि प्रतियोगिता की गुणवत्ता बरकरार रहे।

चैंपियनशिप के चलते ताल में पर्यटकों के लिए बोट संचालन 26 अक्टूबर तक स्थगित रहेगा। आयोजन सचिव पुनीत बालियान ने बताया कि यह निर्णय प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए लिया गया है। खिलाड़ी 22 अक्टूबर से अभ्यास शुरू करेंगे, ताकि वे अपनी फॉर्म में रह सकें।

यह चैम्पियनशिप न केवल प्रतियोगियों के लिए बल्कि स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन के लिए भी एक बड़ा अवसर है। रामगढ़ताल में आने वाले पर्यटकों के लिए यह आयोजन खास बन जाएगा, जिससे स्थानीय व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा।इस चैम्पियनशिप का उद्देश्य खेलों के माध्यम से सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना है। यह आयोजन युवाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ खेल की भावना को भी जागरूक करेगा।

# भाजपा नेता ने रामलीला मंच का किया उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस। खड्डा, कुशीनगर**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन सनातन धर्म के श्रेष्ठ कर्मों को प्रदर्शित करता है। श्रीराम के आदर्शो पर चल कर ही समरस और खुशहाल समाज की स्थापना होगी। उक्त उद्बोधन वरिष्ठ भाजपा नेता डा.निलेश मिश्र ने मठियां बुजुर्ग के 96वें वर्ष के अवसर पर प्रसिद्ध मेले के रामलीला मंचन के शुभारंभ में दिया। उक्त मेले का आयोजन सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे व उनके परिजनों द्वारा विगत नौ दशक से किया जाता है। कार्यक्रम में मेला संयोजक एवं सांसद विजय कुमार दुबे, मेला अध्यक्ष आनंद दुबे, डा.राजेश सिंह, अनुज दुबे, संदीप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र राव, कुणाल राव, कर्मवीर साहनी, योगेश शर्मा, अमरनाथ मद्धेशिया, अवधेश दुबे, ग्राम प्रधान श्रवण कुशवाहा, सुनील गुप्ता, गोरख यादव, मनिंदर सिंह सहित क्षेत्र के लब्धप्रतिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाये : डीएम

- सदर तहसील में डीएम, एसएसपी ने फरियादियों की सुनी फरियाद दस का किया निस्तारण

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



सदर तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई शनिवार को सदर तहसील में 104 फरियादियों ने अपनी अपनी फरियाद जिलाधिकारी व एसएसपी के समक्ष प्रस्तुत किये 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष बचे हुए मामलो को अगले तहसील समाधान दिवस से पहले निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने निर्देश दिये कि अधिकारी गण जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है और जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एंव समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथकिता है। आए हुए मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता नही होनी चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित है।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए दिये। इस अवसर पर सदर तहसील में कुल 104 मामले आयें जिसमें से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि वह स्वयं मौक पर जाकर शिकायतों का निस्तारण कराकर उनको रिर्पोट प्रस्तुत करे।

जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने निर्देश दिया कि आगामी त्यौहार दीपावली व छठ त्योहारों को दृष्टि गत रखते हुए एसडीएम एवं सीओं क्षेत्र का नियमित भ्रमण करते हुये सड़क के गढ़े बिजली के तारों आदि की व्यवस्था को ठीक कराये और रात्रि में भ्रमण करते हुये अपनी रिर्पोट दे।

समाधान दिवस पर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी गण सीडीओ संजय कुमार मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शशांक सिंह एसओसी शशिकांत शुक्ला सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह सदर तहसीलदार न्यायिक विकास कुमार नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह उपस्थित रहे।

# पशु मेले मे पशुओं को किया गया ईलाज, दी गई नि:शुल्क दवाएं



**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

शनिवार को रामकोला विकास खंड के बड़हरा बाबू पशु अस्पताल रामकोला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राधेश्याम दीक्षित द्वारा गौ पूजन करके मेले का शुभारंभ कराया गया।

मेले में बड़हरा, जमुनी पति, नौकोटोला, दीक्षित टोला, पासी टोला, हरिजन बस्ती, चौहान पति, दुलाहिन टोला और बड़वस्थान के पशुपालक उपस्थित रहे। मेले मे कुल बड़े व छोटे 400 पशुओं का निशुल्क ईलाज व दवा वितरण किया गया मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी डा विनय कुमार सिंह द्वारा पशुपालकों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बीमारियों से बचाव कैसे करें समय से टीकाकरण और पशुपालक अपनी आय दोगुनी कैसे करें उसे संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई मेले का संचालन सतेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु जानकारी दी।

उन्होंने मुख्य योजनाओं के बारे मे बताया कि पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, पशुधन बीमा, वर्गीकृत सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान जिसे केवल मादा पशु पैदा हो सके हेतु पशुपालकों को जागरूक किया गया।वही बताया गया कि प्रत्येक पशुपालक अपने पशुओं को टैग लगवा कर रजिस्ट्रेशन अवश्य करा ले।इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि गिरजा शंकर कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, रंजीत गोविंद राव, रविंद्र प्रसाद, शिवशंकर, रामकिशन, राधेश्याम, गोविंद आदि मौजूद रहे।

# तरकुलहा देवी मंदिर की जमीन जंगल के खाते में दर्ज होने पर व्यापारियों में हर्ष



**जन एक्सप्रेस। फुटहवा ईनार**

पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक मां तरकुलहा देवी धाम का जमीनी विवाद के मालिकाना हक का पटाक्षेप 14 अक्टूबर 2024 को उप जिलाधिकारी चौरी चौरा के ऐतिहासिक फैसले के बाद समाप्त हो गया और मंदिर व परिसर की भूमि को उसके मूल नवैयत में वापस करते हुए जंगल के खाते में दर्ज कर दिया गया। मंदिर के जमीन की विवाद की लड़ाई वर्षों पूर्व से देवीपुर ग्राम पंचायत द्वारा लड़ा जा रहा था, लेकिन 2018 में ट्रस्ट एवं मां तरकुलहा देवी व्यापार मंडल वेलफेयर सोसाइटी का गठन होने के बाद लड़ाई तेज हो गई।

### सत्य की हुई जीत, मंदिर विकास का मार्ग हुआ प्रशस्त

संगठन के पदाधिकारी द्वारा मामले को मुख्यमंत्री से लेकर के उच्च अधिकारियों के समक्ष बार-बार उठाया जाता रहा है लेकिन भूमाफियाओं की ऊंची रसूख के कारण मामला लटक जाता था अंतोगत्तवा सत्य की जीत हुई और उप जिलाधिकारी चौरी चौरा ने 14अक्टूबर 2024 को ऐतिहासिक आदेश पारित करते हुए देवी तरकुलहा मंदिर परिसर की 60.49 एकड़ भूमि को जंगल के खाते में दर्ज कर मंदिर के विकास का रास्ता साफ कर दिया।

### भक्तों ने सीएम योगी को दिया धन्यवाद

उप जिलाधिकारी निर्णय के बाद व्यापारियों ने मंदिर पर माता रानी का जयकारा लगाते हुए अबीर गुलाब तथा एक दूसरे को मिष्ठान खीला कर हर्ष व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं तथा जिलाधिकारी गोरखपुर व उप जिलाधिकारी चौरी चौरा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आने वाले समय में मंदिर का विकास होगा। बैठक में प्रमुख रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, महामंत्री राजेश जायसवाल, व्यापार मंडल महामंत्री मुन्नीलाल चौहान, उपाध्यक्ष हिमाचल साहनी, ऋषि कपूर साहनी, हरीश राजभर, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमरनाथ जयसवाल, सचिन पासवान, बबलू पासवान, दयाशंकर पासवान, ब्रजकिशोर साहनी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## संतराज ने लगाया पुलिस पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** झगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरपुर निवासी संतराज गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामबेलास ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर झगहा थाना के एक कांस्टेबल पर , एक छात्र के विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है। संतराज ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि मेरे पट्टीदार नर्वदा द्वारा मेरे बाउंड्री को तोड़ कर कचरा फेंका जाता है मना करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए और जान माल की धमकी दिए। जिसके संबंध में स्थानीय पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 0859/24 धारा 151/ (,2)/ 324 (4)/ 325(5)/352/351(2)/351(, 3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।उनका आरोप है कि स्थानीय थाने के एक सिपाही ने विपक्षी से सांठगांठ बैठा कर मेरे तथा परिवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।उनका आरोप है कि परिवार के कुछ ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज हुआ है जो गांव में नहीं रहते हैं।

# सतर्कता जागरूकता अभियान में महिलाओं को किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

रामकोला क्षेत्र के धोधरही में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के वित्तीय समावेशन निधि के अन्तर्गत बडौदा यू पी बैक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मे महिलाओ को सम्बोधित करते हुये आर एम मोहन सिह ने कहा की बैक के खाते मे छोटी सी बचत से आगे चलकर बहुत लाभ मिलेगा तथा बीस रूपये में दो लाख का बीमा 18 से 50 बर्ष तक के उर्म तक के लोगो के लिए किया जाता है।

इस दौरान लीड बैंक अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि बैको मे जिनके खाते है वे साइबर क्राइम से बचे साइबर क्राइम से अपने जाल मे फसाकर आपके खाते मे जमा पुजी पल भर मे गायब कर देगे। इसके लिए सावधानी बरते तथा अपने खातो मे मोबाइल नम्बर लगवा दे जिससे जानकारी मिलती रहेगी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिह ने कहा की बैको मे खाता रहने से ही सरकार की योजनाओ का लाभ मिलेगा इसके लिए प्राथमिक विधालय मे पढने वाले बच्चे हो या गांव की महिलाये हो सभी का खाता रहना जरूरी है। इस मौके पर प्रधान संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार मौर्य, शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्रीकांत यादव, सूरज त्रिवेदी, रविंद्र कुमार कनौजिया, दीपक यादव, पूजा, गायत्री देवी, रीमा देवी, अजोरिया, बालिका देवी तथा जादुगर उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

EXPRESSION OF INTEREST

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे, लखनऊ की तरफ से निम्न कार्य हेतु दिनांक 02.11.2024 को समय 14:30 बजे तक निर्धारित प्रोफार्मा में सीलबन्द खुली Expression of Interest आमंत्रित की जाती है। Expression of Interest का विवरण निम्नवत है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एन आई टी सं. | 104/Med/EMR/2024-2025 Date 17.10.2024 |
| 2 | कार्य का नाम | अयोध्या धाम, अयोध्या कैन्ट एवं लखनऊ स्टेशनों पर EMR की स्थापना की जा रही है। अयोध्या धाम पर EMR के लिये जगह पहले से नए रेलवे स्टेशन परिसर में चिन्हित की गई है। अयोध्या कैन्ट एवं लखनऊ में EMR के लिये स्थान और सेवा प्रदाता और रेलवे प्रशासन द्वारा पारस्परिकरूप से तय किया जायेगा। |
| 3 | लाइन्सेन्स फीस | मौजूदा नियमानुसार |
| 4 | धरोहर राशि | मौजूदा नियमानुसार |
| 5 | कार्य की पूर्ण अवधि | कार्य प्रारम्भ तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिये |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि और निविदा खुलने की तिथि | दिनांक 02.11.2024 को अपरान्ह 14:30 बजे तक। प्रपत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, चारबाग लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 02.11.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के कार्यालय का पता व तिथि | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे, मंडल चिकित्सालय चारबाग, लखनऊ। प्रपत्र प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 16:00 बजे तक दिनांक 23.10.2024 से 01.11.2024 तक एवं दिनांक 02.11.2024 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | (www.nr.indianrailways.gov.in) |
| 9 | निविदा शुल्क की लागत नगद व डाक द्वारा | निशुल्क |

पत्रांक 104/Med/EMR/2024-2025 दिनांक 17.10.2024 3230/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

- चकबंदी लेखपाल निलंबित, बीडीओ भाटपाररानी को प्रतिकूल प्रविष्टि

**जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी**

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को भाटपार रानी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं को निस्तारण में कोताही बरतने पर चकबंदी लेखपाल को निलंबित, बीडीओ भाटपार रानी को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं एक प्रधानाध्यपक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लोगों को अकारण न दौड़ाया जाए। कोताही मिलेगी तो उत्तरदायित्व तय कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ग्राम मधउर निवासी बृजनन्दन पुत्र रामप्रीत ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने चकबंदी लेखपाल अमरनाथ गुप्ता से कई बार नियमानुसार इंतखाप की दरख्वास्त दी, किंतु, लेखपाल ने नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने चकबंदी विभाग के सीओ से शिकायत की, जिसपर उन्होंने लेखपाल को तत्काल इंतखाप देने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद भी लेखपाल ने तीन बार दौड़ाया और बाद में अहस्ताक्षरित इंतखाप दिया। उन्होंने जब लेखपाल से हस्ताक्षरित इंतखाप की मांग की तो वो टालमटोल करने लगा। बृजनन्दन ने डीएम से हस्ताक्षरित इंतखाप दिलाने की गुहार लगाई। डीएम ने प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया और तुरंत प्रकरण की जांच कराई। प्रथमदृष्ट्या आरोप सही पाया गया, जिस पर उत्तरदायित्व तय करते हुए डीएम ने चकबंदी लेखपाल अमरनाथ गुप्ता को



तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही बृजनन्दन को हस्ताक्षरित इंतखाप उपलब्ध कराया गया। प्राथमिक विद्यालय पिपरा दक्षिण पट्टी के प्रधानाध्यापक रामेंद्र कुमार गौतम द्वारा ग्राम प्रधान से धोखे से हस्ताक्षर कराकर मध्याह्न भोजन निधि से एक लाख रुपये अतिरिक्त धन का आहरण कर लिया गया। ग्राम प्रधान के द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने बीएसए को संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध निलंबन की कारवाई एवं प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।ग्राम करौदा निवासी संतोष कुमार सिंह ने चकमार्ग पर अतिक्रमण से जुड़े प्रकरण के संबन्ध में प्रार्थनापत्र दिया। प्रकरण के निस्तारण के संबन्ध में डीएम ने बीडीओ भाटपाररानी को पूर्व में भी निर्देशित किया था। किंतु, बीडीओ द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न करने तथा इसके संबन्ध में उच्चाधिकारियों को सूचित न करने पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई और बीडीओ भाटपाररानी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। कृति शाही पुत्री विनय कुमार शाही ने अपने शिकायती पत्र में कहा कि पात्र गृहस्थी राशनकार्ड के लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया है, जो अभी तक नहीं मिला है। डीएम ने डीएसओ को प्रकरण जांचने के लिए कहा, जिसके कुछ मिनट बाद ही पात्र गृहस्थी राशनकार्ड की प्रिंट निकालकर डीएम ने उसे सौंपा। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारी, थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 124 प्रकरण आये, जिसमें से 10 प्रकरण का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को 7 दिन के भीतर गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। आज आए प्रकरणों में राजस्व विभाग के 88, पुलिस के 11, विकास विभाग से 8, शिक्षा विभाग से 2, स्वास्थ्य विभाग से 2 एवं अन्य विभागों से 13 प्रकरण शामिल है। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी, सीओ शिव प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार, डीएसओ संजय पांडेय, नायब तहसीलदार अभिजीत प्रताप सिंह बीडीओ भटनी परसुराम राम, बीडीओ राजीव गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी संजीव सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# जंगल झाड़ियों का शारदा नदी ने किया सफाया बाघ तेंदुआ वन्यजीव आबादी को बनाया शरणस्थली

- शारदा ने सैकड़ों एकड़ वन भूमि का पौधरोपण सहित किया सफाया करोड़ों रुपये की हुई क्षति
- सामाजिक संस्था ने वन्यजीवों के रोकथाम के लिए रेंजर को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अजय शर्मा




**हजारा।** बफर जोन संपूर्णानगर एवं हजारा थाना क्षेत्र में शारदा नदी के द्वारा वन भूमि सहित घने जंगलों का कटान करते हुए सफाया कर दिया है जिस कारण बाघ तेंदुआ सहित अन्य वन्यजीव गांव व आबादी की ओर रुख करते हुए खेतों व गन्ने में अपनी शरणस्थली बना रहे हैं। वन विभाग की ओर से लगाए गए सैकड़ों एकड़ वन भूमि पौधरोपण सहित शारदा ने कटान करते हुए सफाया कर दिया है। बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज की कबीरगंज वन चौकी एवं हजारा थाना क्षेत्र के कबीरगंज बीट के राणा प्रताप नगर, नहरोसा, कबीरगंज, मुरैना गांधीनगर, अशोक नगर आदि जंगलों का शारदा नदी ने विगत वर्षों में कटान करते हुए सफाया कर दिया है इतना ही नहीं वन विभाग के द्वारा सैकड़ो एकड़ वन भूमि पर किए गए पौधारोपण को भी शारदा ने निशाने पर लेते हुए कटान करते हुए नवीन पौधारोपण का भी सफाया कर दिया है जिसके चलते करोड़ों रुपये की राजस्व हानि हुई है नदी के द्वारा क्षेत्र में लगातार भूमि कटान किए जने से वन भूमि और जंगलों का सफाया होता जा रहा है जिस कारण बाघ तेंदुआ सहित अन्य वन्य जीव किसानों के खेतों और गन्ने के फसलों में पहुंचकर अपनी शरण स्थली बना रहे हैं साथ ही उक्त वन्य जीव गांव और आबादी की तरफ भी रुख करते हुए ग्रामीणों पर हमलावर होते हुए नुकसान पहुंचा रहे हैं क्षेत्र में वन्यजीवों के हमला के पीछे कहीं न कहीं शारदा नदी की भी भमिका है जंगल और नदियों के किनारे झाड़ियां न होने के कारण वन्य जीव किसानों के खतों और गन्ने में अपनी शरण स्थली बना रहे हैं।

वन विभाग के द्वारा हिंसक वन्य जीवों को रिहायशी इलाकों गांव और आबादी से दूर खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है तो वही पिंजरा लगाकर इन वन्य जीवों को पकड़ने के लिए विभागीय कर्मचारी जुटे हुए हैं।

उधर बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया है कि शारदा नदी के द्वारा वन भूमि सहित जंगलों का कटान कर दिए जाने के कारण वन्यजीवों को रहने के लिए जंगल झाड़ी ने होने के कारण यह किसानों के खेतों और गन्ने की फसलों को अपना अस्थाई ठिकाना बना लेते हैं और कभी-कभी ग्रामीणों पर हमलावर होते हुए नुकसान पहुंचा देते हैं विभाग लगातार निगरानी कर रहा हैं।





### सामाजिक संस्था ने वन्यजीवों के रोकथाम के लिए रेंजर को दिया ज्ञापन

बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज में वन्यजीवों के बढ़ते हमला से ग्रामीणों के बचाव के लिए एवं वन्यजीवों के रोकथाम करने के लिए प्रजा केयर फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष आदर्श सिंह परिहार ने बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपकर वन्यजीवों के हमला से ग्रामीणों के बचाव करने की मांग किया है इस दौरान संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने मटरु बिंद के मौत मामले की मजिस्ट्रेट की जांच करने का दिया आश्वासन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मटरू बिन्द पुत्र स्वर्गीय सहदेव बिन्द उम्र 50 वर्ष ग्राम बेडोना थाना शाहगंज जो कल शाम को जमिल अहमद के साथ की गई टप्पेबाजी की शिकायत पर थाने पर लाया गया था, आज सुबह 8.00 बजे बाथरूम में उसने खिड़की के जंगले से फांसी लगा ली, जिसके उपरान्त मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा थाने पर जा कर परिजनों और ग्राम प्रधान से वार्ता कर तथ्यों को अवगत कराकर उनसे बातचीत की। उनको घटना के समय की सीसीटीवी भी दिखाया। उन्होंने उक्त घटना की निष्पक्ष जांच मजिस्ट्रेट से कराए जाने का आश्वासन परिजनों को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मृतक के बिटिया की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है तथा परिवार के इस दुख की घड़ी में जिला प्रशासन उनके साथ है।

### दो ट्रैक्टरों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत

जन एक्सप्रेस । मेरठ। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में आज सुबह हुए एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। दो ट्रैक्टर की भिड़ंत के बाद ये हादसा हुआ। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस को शव निकालने से रोक दिया और हंगामा कर दिया।

## पुलिसिया कार्यप्रणाली से छुब्ध ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

- मटरू की मौत के विरोध में एक घंटे लखनऊ बलिया राजमार्ग जाम
- मौके पर एसपी सिटी एसडीएम सीओ मौजूद
- लाठी चार्ज कर घंटे भर चला जाम कराया समाप्त

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बडौना गांव निवासी मटरू बिंद की पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार की शाम को लखनऊ बलिया राजमार्ग स्थित बडौना गांव के मुख्य मार्ग पर ईट पत्थर रख कर जाम कर दिया। जाम पौने चार बजे से पौने पांच बजे तक चला। फिलहाल पुलिस प्रशासन का जमावड़ा गांव में लगा है।

सवाल उठ रहा है कि आखिर कैसे सवा पांच फिट की ऊंचाई वाले शौचालय के खिड़की से फांसी लगा मौत हो सकती है। पुलिस का कहना है कि उसने गत्ता बांधने वाले प्लास्टिक रस्सी का फंदा बनाया। आखिर रस्सी कहां से आया। जबकि पुलिस किसी को भी कोतवाली बैठाती है तो पूरी जामा तलाशी कर सब सामान ले लेती है। प्रश्न उठता है कि रस्सी कहां से आया।

प्रातः 7.44 पर सीसीटीवी कैमरे में शौचालय जातें पाया गया। जबकि पुलिस 46 मिनट बाद ढूंढने गयी। आखिर 46 मिनट तक कौन शौच करता है। आखिर लापरवाही क्यों कि गयी। मृतक की बेटी पूजा का बयान कहा कि जिस तरह से पुलिस ने हमारे पिता की हत्या की है। उसी तरह मेरा और मेरी मां की भी हत्या कर दें क्योंकि हमारे परिवार में हमारे पिता के अलावा कोई हमारा नहीं है। हमारे पिता जी राजगीर थें। उन्हें फर्जी ढंग से थाने में ले जाकर पुलिस ने हत्या कर दी।

## परंपरागत गन्ना खेती से हटकर सीडलिंग की ट्रेंच विधि से 4-5 फीट की दूरी पर गन्ना बुवाई को अपनाऐं : खुशीराम भार्गव





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में शरदकालीन गन्ना बुआई प्रगति पर है। शरदकालीन बुवाई में गन्ने की बढ़वार एवं पकने के लिए अधिक समय मिलने से 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत अधिक उपज मिलती है तथा चीनी परता भी अधिक प्राप्त होता है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि परंपरागत गन्ना खेती से हटकर, सिंगल बड या सीडलिंग की ट्रेंच विधि से 4-5 फीट की दूरी पर गन्ना बुवाई को अपनायें।

गन्ने में लाल सड़न रोग के प्रभावी नियंत्रण हेतु गन्ना किस्म को. 0238 एवं को.स. 8436 की बुवाई कदापि न करें। प्रदेश के लिए अवमुक्त नवीन गन्ना किस्मों की ही बुआई करें। लाल सड़न रोग रोधी गन्ना किस्मों जैसे को. लख. 14201, को. शा. 13235, को. शा. 17231, को. लख. 16202, को. 15023, को.0118 आदि के बीज का चयन करें। किसी एक किस्म के मोनोकल्चर के स्थान पर कम से कम 03-04 किस्मों की बुआई कर प्रजातीय संतुलन बनायें। कृषक भाइयों को सचेत रहना है कि वैज्ञानिकों द्वारा प्रदेश के लिए अवमुक्त नहीं होने वाली लाल सड़न रोग से ग्राही गन्ना किस्मों यथा- को. 11015, को. पी.बी.95 आदि गन्ना किस्मों को प्रदेश में बुआई हेतु कदापि न अपनायें। गन्ना बीज क्रय हेतु पंजीकृत कृषकों से ही बीज खरीदें। स्वस्थ एवं रोग रहित खेत/प्लाट से ही बीज का चुनाव करें। लाल सड़न रोग बीज व मृदा दोनों से ही फैलता है, इससे बचाव हेतु बुआई से पूर्व बीज का शोधन अवश्य करें। गन्ने के बीजों का उपचार करने के लिये निम्न तरीके अपनाए जा सकते हैं-गर्म जल उपचार बीजों को 52 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 30 मिनट के लिए गर्म करें। कार्बेन्डाजिम उपचाररू 112 ग्राम कार्बेन्डाजिम को 112 लीटर पानी में घोलकर, गन्ने के टुकड़ों को 5 से 10 मिनट के लिए डुबोयें। क्लोरोपायरीफास उपचार 20 प्रतिशत ईसी क्लोरोपायरफास को 3 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर, गन्ने के टुकड़ों को 15-20 मिनट के लिये डुबोएं। एजोस्पिरिलम उपचार पर्याप्त पानी के साथ एजोस्पिरिलम इनोकुलम के 10 पैकेट (2000 ग्राम/हेक्टेयर) का घोल तैयार करें और रोपण से पहले सेट को 15 मिनट के लिए घोल में भिगो दें।

गन्ने के बीजों का उपचार करने से कई फायदे होते हैं, जैसे कि बीजों के उपचार से रोगों और कीटों के प्रसार को रोका जा सकता है। इससे पौधों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और पौधों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है।पौधों की उत्पादकता और उत्पादन बढ़ता है। जनपद में एल.एच. चीनी मिल द्वारा कुल छह (चार मिल गेट पर, एक मझोला समिति एवं एक कलीनगर प्रक्षेत्र पर) एम.एच.ए.टी. संयंत्र स्थापित किये गये हैं, जहाँ किसान अपने गन्ना बीज का शोधन निःशुल्क करवा सकते हैं। इससे रेड रॉट के अलावा घासी प्रोह ( जी.एस.डी. ) एवं कँडुवा रोग की भी प्रभावी रोकथाम होती हैं। मझोला समिति में संचालित संयंत्र का निरीक्षण खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया। दिनाँक 18 अक्टूबर तक 1190 कुन्तल गन्ना बीज शोधन किया जा चुका है। प्रति दिन लगभग 200 कुं बीज का शोधन किया जा रहा है सजिला गन्ना अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिये कि कृषकों को जागरूक कर अधिक से अधिक बीज शोधन करवाया जाये। इस अवसर पर रामभद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, विजय लक्ष्मी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मझोला मझोला एवं एल.एच. शुगर फैक्ट्री से जी.एम. गन्ना के.बी. शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

### न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले सात विद्यालयों का हुआ प्री आकलन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर।

सुइथाकला। सत्र 2023-24में निपुण आकलन के दौरान न्यूनतम



प्रदर्शन करने वाले शिक्षा क्षेत्र के कुल सात विद्यालयों के विद्यार्थियों का शनिवार को डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा प्री आकलन किया गया।इस दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन प्रश्नावली के माध्यम से कक्षा 1-3तक के विद्यार्थियों का प्री आकलन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के पत्रांक के दृष्टिगत निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में हुई समीक्षा बैठक में किए गए आदेश की कड़ी में प्राचार्य डायट डॉ विनोद कुमार शर्मा के निर्देशन में शिक्षा क्षेत्र में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा शुक्रवार व शनिवार को कुल सात विद्यालयों के विद्यार्थियों का प्री आकलन किया गया। इस दौरान शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय डीह असरफाबाद, प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर खुर्द, करीमपुर विंद,भेला , शेषपुर,चेतरहा और पुरादरियाव विद्यालयों के विद्यार्थियों का आकलन किया गया। गौरतलब हो कि सत्र 2023-24में निपुण आकलन के दौरान उक्त विद्यालयों के विद्यार्थियों का प्रदर्शन कम रहा।इस दौरान एआरपी पंकज सिंह, संजय सिंह व त्रिवेणी विंद सहयोग में लगे रहे।

## फायर ब्रिगेड टीम ने कुएं में गिरी नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाला

- इस कार्य हेतु फायर ब्रिगेड टीम की लोग सराहना भी करते आए नजर।
- इस कार्य हेतु फायर ब्रिगेड टीम की लोग सराहना भी करते आए नजर।

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लौह गांव के एक कुंए में शनिवार को दोपहर करीब एक बजे एक नीलगाय का बच्चा गिर गया। लोगो की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा घंटो की कड़ी मशक्कत से खेत के पास कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान लोगो की भीड़ भी जमा हो गई। लोग फायर ब्रिगेड टीम की सराहना भी करते देखे गए।

मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के लौह गांव निवासी अंशु श्रीवास्तव पुत्र माता सहाय श्रीवास्तव के खेत के पास बने कुंए में दोपहर करीब एक बजे पास से गुजर रहा एक नीलगाय का बच्चा कुंए में जा गिरा। गिरने के बाद वह कुंए के अंदर से तेज आवाज में चिल्लाने लगा। जिसकी आवाज सुनकर लोग वहा बड़ी संख्या में जमा हो गए। पहले तो ग्रामीणों ने स्वयं उसे निकालने की भरपूर कोशिश किए। जब कोई हिकमत काम नहीं आई तो थक हार कर कुंआ मालिक अंशू श्रीवास्तव ने सतहरिया स्थित फायर ब्रिगेड स्टेशन को फोन से सूचित किया। जिस पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम के फायर स्टेशन के सेकेंड आफिसर अनिल यादव, अशोक यादव, सुनील खरे, बृजेश यादव, सुनील सिंह ने रिस्क लेकर कुंए के अंदर एक फायर ब्रिगेड के लोग जाकर नीलगाय के बच्चे को मुश्किल से रस्सी से बाधे और किसी किसी तरीके से करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत से उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। नीलगाय के सुरक्षित बाहर निकालने पर मौजूद लोगो ने फायर ब्रिगेड टीम की सराहना भी करते देखे गए। इस संबंध में फायर स्टेशन के सेकेंड आफिसर अनिल यादव ने बताया कि यह कार्य इतना मुश्किल था कि किसी हिकमत और कड़ी मेहनत से नीलगाय को कुंए से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उसे निकालने के बाद पानी आदि पिलाकर तब उसे निर्जन स्थान पर छोड़ा गया।

### बीमारी से बचाव के लिए बच्चों को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुईथाकला। विकास खंड सुईथाकला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय समोधपुर मे रैपिड इंडिया एवं जागरण पहल द्वारा छात्र छात्राओं को हाथों से फैलने वाली बिमारियों के बारे विस्तार से बताते हुए संस्था के जिला समन्वयक अतुल कुमार यादव ब्लाक समन्वयक कमलेश बर्मा विद्यालय में मौजूद।

## पुलिस अभिरक्षा में राजगीर मिस्त्री की मौत मचा हड़कंप

- कोतवाली के शौचालय में लटकता मिला शव
- जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पहुंच मामले की जानकारी ली

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के कोतवाली शाहगंज में पुलिस अभिरक्षा में राजगीर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। पुलिस उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए आनन-फानन में शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया सूचना पर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक एसपी सिटी एसडीएम सीओ समेत एओजी प्रभारी, फोरेंसिक टीम, सर्विलांस टीम सहित कोतवाली परिसर में आ धमके और मामले की पूरी जानकारी ले कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया पुलिस के मुताबिक 52 वर्षीय मटरु बिंद पुत्र सहदेव बिंद निवासी बड़ौना कों टप्पेबाजी के आरोप में पीड़ित ने शुक्रवार सायं कोतवाली पुलिस को सौंपा था। बताया जाता है कि सरपतहा थाना क्षेत्र के गंजरिया गांव निवासी जमीर अहमद बुधवार को दिल्ली से कमाकर कैफियत एक्सप्रेस ट्रेन से लौटे थे। रेलवे क्रासिंग के समीप से दो व्यक्तियों ने बाइक पर जमीर को बैठा लिया। बाइक पर बैठे लोगों ने रास्ते में अपना गमछा गिरा पीछे बैठे जमीर कों लाने भेजा। जिसके बाद बाइक सवार साथी जमीर का 35 हजार रुपए नगद समेत बैग लेकर फरार हो गया। शुक्रवार सायं जमीर ने तहसील मुख्यालय के समीप मटरु कों पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस को सौंप दिया गया। शाम करीब 7.44 बजे मटरु शौचालय में गया। साढ़े आठ बजे तक जब बाहर नहीं निकला तो पहरे पर तैनात आरक्षी देखने गया। तब पता चला कि गत्ता बांधने वाले प्लास्टिक की रस्सी लगा शौचालय की खिड़की से लटक आत्महत्या कर लिया। ऐसी कहानी पुलिस बता रही है।

### घर से सामान लेने निकला सामान की जगह लाश पहुंची

शाहगंज। पड़ोसियों के मुताबिक बगल के गांव बड़ागांव में भरत मिलाप का रात्रि में आयोजन था। वहीं मटरु के कुछ रिश्तेदार घर आये थे। इस हेतु वह सामान लेने बाजार आया था। जो लौट कर घर नहीं पहुंचा।

पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा ने बताया कि मृतक ने शौचालय में सुसाइड कर लिया। मृतक मटरु 35 हजार रुपए की उचक्कागिरी का आरोपी था। फिलहाल मामला दर्ज कर जांच कि जा रही है।

क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने कहा कि मटरु की इकलौती बेटी 18 वर्षीय पूजा का विवाह होने वाला था। हो सकता है बेटी की शादी का दबाव में मटरु ने डिप्रेशन में ऐसा कदम उठा लिया हो फिलहाल जहां पुलिस आत्महत्या करने की बात बता रही है वह बात गले नहीं उतर रही। साढ़े पांच फिट की खिड़की से झूल कर आत्महत्या करना लोगों के गले नहीं उतर रहा। वहीं रात साढ़े आठ बजे से सुबह दस बजे तक घटना की सूचना परिजनों को नहीं दिया। शव को पुलिस ने रात्रि में ही जौनपुर भेज दिया था। परिजनों से बात नहीं हो पा रही है क्योंकि पुलिस उन्हें अपने साथ रखीं हैं। फिलहाल ग्रामीण बेहद गुस्से में है।मिलनसार मटरु की मौत से गांव में शोक व्याप्त है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खेत से बरामद हुआ युवक का शव, परिवार में मचा हड़कंप





जन एक्सप्रेस। बीसलपुर

चार दिन से लापता युवक का शव गांव के बाहर खेत में बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। मौके से कुछ कीटनाशक दवाई के पैकेट भी बरामद हुए हैं। शव दो तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। शव के हाथ और पैर को सियार द्वारा अपना आहार बनाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव जमुनिया महुआ निवासी ज्वाला प्रसाद का पुत्र राजवीर 25 वर्ष 16 अक्टूबर को अपने घर से लापता हो गया था। परिजनों ने काफी जगह पर तलाश किया किन्तु कोई पता नहीं चला। जिस पर पिता ज्वाला प्रसाद ने 17 अक्टूबर को दियोरिया कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई और राजवीर को तलाश करने में जुट गए। आज सुबह जब ग्रामीण टहलने निकले तो गांव के बाहर कनपरा माइनर के पश्चिम की तरफ देवेन्द्र के खेत में शव पड़ा देखा। जिसकी सूचना ज्वाला प्रसाद को दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव की शिनाख्त की। घटना की सूचना ज्वाला प्रसाद ने दियोरिया कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उधर जिला मुख्यालय से फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई। शव के पास मौके से कीटनाशक दवाई के पैकेट बरामद किए गए हैं। जिससे लगता है कि युवक ने आत्म हत्या की है। शव के कुछ हिस्से को सियार द्वारा अपना आहार बनाया गया है। परिवार के अनुसार मृतक का अपनी पत्नी रेशमा से विवाद चल रहा था। मृतक राजवीर की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। जिसकी एक बेटी है जो अपनी मां के साथ मायके में रह रही है। मृतक मानसिक तनाव में बताया गया है। मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई धर्मवीर बीसलपुर रहकर बच्चों की पढ़ाई करवाते हैं। घटना को लेकर मृतक की माता पार्वती देवी सहित सभी परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृत्यु का कारण पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

### तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। आज पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। इसके साथ ही विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान एवं जिलाधिकारी ने ग्राम चंदिया हजारा के 05 लाभार्थियों को आवंटित पट्टे की खतौनियां की प्रदान की गई। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीसी मनरेगा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी व तहसीलदार पूरनपुर, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला ने थाने के सामने युवक में जड़े थप्पड़, पीड़ित ने स्स्क्स से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । मेरठ। घर में घुसकर मारपीट करने और अभद्रता करने के आरोप में पुलिस से शिकायत करने वाले युवक को पड़ोस में रहने वाले आरोपी और उसकी मां ने थाने में पुलिस के सामने ही थप्पड़ जड़ दिए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मेरठ के कंकरखेड़ा थाने के सामने शुक्रवार शाम एक महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर पड़ोसी युवक पर चांटों की बरसात कर दी। मामले को बढ़ता देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं महिला व उसके बेटे ने पीड़ित के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। सरधना रोड स्थित नगलाताशी गांव निवासी अंकित पुत्र हरिओम ने एसपी डॉ. विपिन टाडा को शनिवार को बताया कि बीती छह अक्टूबर को पड़ोस में रहने वाले एक युवक व उसके परिवार ने घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार किया था। जिसकी शिकायत पीड़ित में थाना पुलिस से की थी। पुलिस मामले की जांच में लग गई थी। पीड़ित का आरोप है कि शुक्रवार को पुलिस ने फोन कर थाने बुलाया था। जहां पुलिस ने पीड़ित को बताया कि दूसरे पक्ष को भी थाने पर बुलाया गया है। दोनों पक्ष बात कर थाने से बाहर आ रहे थे। इसके बाद आरोपी पक्ष की महिला व उसके बेटे ने युवक का रास्ता रोक लिया। वहीं थाने के बाहर युवक के मुंह पर कई चांटे रसीद दिए।

# बाइकों की भिड़ंत में सफाई कर्मी की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



पाटन के पास गुरुवार देर शाम हुई बाइकों की भिड़ंत में घायल सफाई कर्मी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर ब्लॉक परिसर पहुंचे और एडीओ पंचायत पर वसूली का आरोप लगाकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया।

मामला बढ़ता देख बीडीओ ने अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये देने के साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया, तब सभी शांत हुए। रायबरेली जिले के जगन्नाथगंज सेमरी निवासी अनोखेलाल (46) मूलत- लखनऊ के अलीनगर सुनहरा के रहने वाले थे।

वह बीघापुर ब्लॉक में सफाई कर्मी थे और उनकी तैनाती कुकरी गांव में थी। गुरुवार शाम आठ बजे वह बाइक से घर जा रहे थे। पाटन कस्बे के पास बाइकों की भिड़ंत में अनोखेलाल सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे, जबकि दूसरी बाइक का चालक भाग निकला था। पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

परिजनों के पहुंचने के कुछ देर बाद ही अनोखेलाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद दोपहर तीन बजे परिजन शव लेकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे और एडीओ पंचायत के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस भी पहुंच गई। सफाईकर्मी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास, जिलाध्यक्ष संदीप भारतीय ने आरोप लगाया कि एडीओ पंचायत ने अनोखेलाल की पहले संचारी रोग अभियान में ड्यूटी लगाई। इसके बाद गोशाला में ड्यूटी लगा दी।

एडीओ पंचायत पर आरोप लगाया कि वह ड्यूटी लगाने के नाम पर वसूली करते हैं। कर्मचारियों को मनमाने तरीके से नोटिस जारी करते हैं। जिलाध्यक्ष संदीप भारतीय के मुताबिक, मृतक के परिजनों ने बताया है कि अनोखेलाल को अनुपस्थित दिखाकर पहले नोटिस जारी की गई और बाद में नोटिस कैंसिल करने के नाम पर छह हजार रुपये लिए गए।

ब्लॉक में रुपये देकर घर जाते समय घटना हो गई। मामला बढ़ता देख बीडीओ विनोदमणि त्रिपाठी ने उच्चाधिकारियों से बात कर हर संभव सहायता का आश्वासन देने के साथ अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये दिए। साथ ही आरोपों की जांच कराने का आश्वासन दिया।

तब सभी शांत हुए। लक्षीपुर गांव निवासी अनोखेलाल की सास रामश्री ने भी अधिकारियों पर रात-दिन काम लेने का आरोप लगाया है। पति की मौत से पत्नी संजू, बच्चों में मुस्कान, शिवानी, काजल, आरती, पायल, शामली और दो साल का बेटा शिवा है।

बिहार थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि दूसरी बाइक का चालक भाग गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलती है तो उसी आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## सीईटीपी का काम रुका, अभी गंगा में गिरता रहेगा गंदा पानी

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

छह साल पहले एनजीटी के मानकों पर फेल हुए बंथर सीईटीपी को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर जीरो डिस्चार्ज के अनुरूप अपग्रेड करने का काम रुक गया है। वजह है कि उद्यमी अपने हिस्से के 27 करोड़ रुपये देने से पीछे हट गए हैं।

उन्होंने उत्प्रवाह घटाने की बात कहते हुए सीईटीपी की क्षमता कम करने की मांग की है। दो ने टेनरियों की तीन यूनिटें बंद भी कर दी हैं। सीईटीपी का काम रुक जाने से गंगा में अभी गंदा नाला गिरता रहेगा।

वर्ष 2017 में औद्योगिक क्षेत्र बंथर और दही चौकी में बने कॉमन इंफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट सीईटीपी एनजीटी के मानकों पर फेल हो गए थे। जिन्हें अपग्रेड करने की योजना तैयार की गई थी। औद्योगिक क्षेत्र बंथर के सीईटीपी को उच्चीकृत करने और जेडएलडी जीरो लिक्विड डिस्चार्ज के अनुसार अपग्रेड करने का काम चल रहा है। एनएमसीजी नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा परियोजना के तहत केंद्र सरकार ने 111 करोड़ से अपग्रेडेशन कार्य को मंजूरी दी थी। सितंबर 2022 में शुरू हुआ काम और इसे फरवरी 2025 तक पूरा करना था, लेकिन अब इसमें पेच फंस गया है।

उद्यमियों ने अपने हिस्से के 27 करोड़ रुपये दे पाने में असमर्थता जताई है। उन्होंने कारोबार कम होने का हवाला दिया है। इस प्लांट से जुड़ीं दो टेनरियों ने अपनी तीन यूनिटें बंद कर दी हैं। वहीं, छह ने अपना उत्प्रवाह बहाया जाने वाला पानी आधा करने की बात लिखित में दी है।

उद्यमियों की है कि इस सीईटीपी की क्षमता 2.6 एमएलडी से घटाकर 1.5 एमएलडी कर दी जाए, इससे लागत भी कम हो जाएगी। हालांकि टेंडर होने और करीब एक साल काम चलने के बाद प्लांट की निर्माण लागत कम करने को लेकर पेंच फंस गया है।

हालांकि एनएमसीजी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उम्मीद है कि फंसा पेच जल्द ही सुलझ जाएगा।

## अब 39 क्रय केंद्रों पर होगी धान खरीद

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

जिले में एक नवंबर से धान खरीद शुरू की जाएगी। जिला प्रशासन से खरीद की अनुमति के बाद खाद्य विपणन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। साथ ही क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ा दी है। पूर्व में 33 केंद्र खोलने की अनुमति मिली थी। अब छह क्रय केंद्र और खोले जाएंगे।

इस बार जिला प्रशासन ने धान खरीद के लिए पहले से ही 39 केंद्र खोलने की मंजूरी दे दी है। किसानों का पंजीकरण एक अगस्त से शुरू हो चुका है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी श्याम मिश्रा ने बताया कि जनपद में खरीद के लिए 39 क्रय केंद्रों की मंजूरी मिल गई है। जिसमें विपणन शाखा के 16, पीसीएफ के 21 और भारतीय खाद्य निगम के दो केंद्र शामिल हैं। पिछले साल 42 केंद्र खोले गए थे। इस बार एक नवंबर से केंद्र खुल जाएंगे। खरीद का 32 हजार एमटी लक्ष्य मिला है।

किसानों को कॉमन धान का 2300 रुपये और ग्रेड-ए के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल के अनुसार भुगतान किया जाएगा। बताया कि किसान उपज बेचने के लिए विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण जरूर करा लें। इसके अलावा ज्वार व बाजरे की खरीद के लिए केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। पहले बाजरा के लिए छह केंद्र मंजूर हुए थे, अब सात खुलेंगे। वहीं, ज्वार के पांच के जगह छह केंद्र खोले जाएंगे। किसानों को मक्का का 2225, बाजरे का 2625 और ज्वार हाईब्रिड का 3371 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। धान खरीद 28 फरवरी 2025 और मक्का सहित ज्वार, बाजरा की खरीद 31 दिसंबर 2024 तक रहेगी। क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खुलेंगे।

## आखिर बनने लगी कानपुर-लखनऊ हाईवे की सड़क




### रोजाना करीब 30 हजार वाहनों का होता आवागमन

एनएच 25 पर रोजाना औसतन 30 हजार छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। उन्नाव-लालगंज (रायबरेली) के अलावा उन्नाव-हरदोई मार्ग पर भी शहर में इसी हाईवे से जुड़ता है। इसके चलते यातायात अधिक हो जाता है। वाहनों की संख्या अधिक होने से कम समय में ही हाईवे क्षतिग्रस्त हो जाता है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

निर्माण एजेंसी ने हाईवे की सड़क बनानी शुरू कर दी है। एजेंसी सड़क, डिवाइडर बनाने के साथ पार्किंग व अन्य यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करेगी। यातायात सुरक्षा से संबंधित काम करने के साथ ही लगातार पांच साल तक एजेंसी रखरखाव भी करेगी।

*सौरभ चौरसिया, पीडी एनएचएआई*

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

लखनऊ-कानपुर हाईवे (एनएच 25) के नवीनीकरण और ब्लैक स्पॉट खत्म करने का काम शुरू हो गया। पुरानी सड़क को उखाड़ कर डामर की नई परत बिछाई जा रही है। इससे राहगीर बिना हिचकोले खाए हाईवे पर सफर कर सकेंगे।

जाजमऊ से बनी बार्डर तक लखनऊ-कानपुर हाईवे की लंबाई करीब 82 किलोमीटर है। अत्यधिक यातायात वाला यह हाईवे कई साल से खस्ताहाल है। पिछले दिनों एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) ने सड़क बनवाने के साथ ही मार्ग को यात्री सुविधाओं से लैस करने के लिए जीएस एक्सप्रेस निर्माण एजेंसी को 92 करोड़ का ठेका दिया था। एजेंसी ने दिवाली के बाद काम शुरू कराने के लिए कहा था। लेकिन वर्तमान में हाईवे की स्थिति ज्यादा खराब होने से दिवाली से पहले ही काम शुरू करा दिया गया है। एजेंसी ने हाईवे की पुरानी सड़क को उखाड़कर उस पर डामर की नई परत बिछानी शुरू कर दी है। एजेंसी सड़क को नए सिरे से बनाने के साथ ही डिवाइडरों की मरम्मत भी कराएगी। गांव और कस्बों के आसपास शार्टकट के लिए तोड़े गए डिवाइडर पर लोहे के ग्रिल लगाए जाएंगे। हाईवे पर पड़ने वाले पुल, चौराहों और तिराहों पर मार्ग प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था होगी। निर्माण एजेंसी ने चमरौली के पास प्लांट लगाया है।

## रेलवे ने बंद की मेथीटीकुर क्रॉसिंग, पांच हजार की आबादी परेशानी

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

**चकलवंशी।** कानपुर-बालामऊ रेलमार्ग पर मेथीटीकुर गांव की क्रॉसिंग को रेलवे ने बंद कर दिया है। इससे पांच हजार आबादी की परेशानी बढ़ गई है। अब लोगों को पंचायत भवन व बाजार जाने के लिए एक किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना होगा। सफीपुर ब्लॉक क्षेत्र में कानपुर-बालामऊ रेलमार्ग पर सौ मीटर के दायरे में दो रेलवे क्रॉसिंग हैं। एक क्रॉसिंग उन्नाव-संडीला मार्ग और दूसरी इसी के सौ मीटर दूर मेथीटीकुर गांव के सामने हाल्ट के पास है। रेलवे के अनुसार, सिग्नल दूर होने से ट्रेन हाल्ट पर न रुककर क्रॉसिंग पर ही खडी होती थी। इससे यात्रियों को समस्या होती थी। इस पर रेलवे ने मेथीटीकुर गांव की क्रॉसिंग बंद कर दिया और एक लिंक रोड बनाकर उन्नाव-संडीला मार्ग से जोड़ दिया। इससे अब मेथीटीकुर और दारूगढ़ी गांव की पांच हजार आबादी को एक किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर बाजार, विद्यालय व पंचायत भवन जाना पड़ेगा।

## कुसुंभी हॉल्ट को स्टेशन का दर्जा बहाल करने की मांग

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने कुसुंभी रेलवे स्टेशन को हाल्ट घोषित किए जाने से नाराज हैं। स्टेशन का दर्जा बहाल करने के लिए वह नौ महीने से मांग कर रहे हैं। स्टेशन का नाम लवकुश धाम करने की भी मांग की।

रेलवे ने लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग पर स्थित कुसुंभी रेलवे स्टेशन को नौ महीने पहले हाल्ट घोषित कर दिया। इससे यहां यात्री सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। टिकट वितरण भी बंद है। शुक्रवार को भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी कुसुंभी हाल्ट पहुंचे और प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्नाव जंक्शन पहुंचे और रेलमंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर सुधांशु मोहन को दिया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चंदेल ने बताया कि कुसुंभी स्टेशन से ही दूर-दूर के श्रद्धालु कुशहरी देवी मंदिर पहुंचते हैं। रेलवे प्रशासन द्वार टिकट बिक्री बंद करने से परेशानी हो रही है। उन्होंने स्टेशन का नाम बदलकर लवकुश धाम करने और चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव की भी मांग की है।

## हरदोई के सीएमओ कार्यालय में तैनात लिपिक के घर चोरी

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर

जनपद हरदोई के सीएमओ कार्यालय में तैनात लिपिक के घर ताला काटकर करीब ढाई लाख रुपये की चोरी कर ली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सदर कोतवाली के कजियाना मोहल्ला निवासी राजेंद्र सोनकर हरदोई जिले में सीएमओ कार्यालय में लिपिक के पद पर तैनात हैं। उनके कजियाना में दो मकान हैं। एक मकान में उनकी मां करुणा देवी अकेले रहती हैं, जबकि बगल के दूसरे मकान में उनके पारिवारिक रिश्तेदार रहते हैं। करुणा देवी ने बताया कि वह गुरुवार को अपनी दवाएं लेने कानपुर गईं थी। इसके बाद वहीं रुक गईं। बगल वाले दूसरे मकान में रहने वाले रिश्तेदार परिवार के लोग सो रहे थे। तभी रात में चोर आए और उनके घर और कमरों का ताले काट दिए। इसके बाद घर के अंदर रखी अलमारी का दरवाजा तोड़कर सोने-चांदी के गहने व 80 हजार नकदी ले गए। शुक्रवार को सुबह जब रिश्तेदारों ने मुख्यद्वार और कमरों का ताला टूटा देखा, तो उन्हें फोन पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## मुरादाबाद होकर दिल्ली-बिहार के बीच जल्द चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

जन एक्सप्रेस | मुरादाबाद



दिल्ली व पंजाब से बिहार के बीच मुरादाबाद होते हुए जल्द ही अमृत भारत एक्सप्रेस चलाई जा सकती हैं। दिल्ली-दरभंगा, अमृतसर-सहरसा व आनंदविहार-सहरसा के बीच अमृत भारत ट्रेन चलाने की प्लानिंग हो रही है। जोनल मुख्यालयों से रूट प्लान व समय सारिणी मांगी गई है। इसके बाद बोर्ड इस पर मुहर लगाएगा।

हाल ही में हुई रेलवे की एक उच्च स्तरीय बैठक में 26 अमृत भारत ट्रेनों पर चर्चा हुई है। इसमें तीन पूर्वोत्तर रेलवे व दो उत्तर रेलवे के हिस्से में आ सकती हैं। अमृत भारत ट्रेनों में सामान्य स्लीपर व जनरल कोच होते हैं। इन ट्रेनों में आरक्षण की जरूरत नहीं होती। यात्री अनारक्षित टिकट लेकर इनमें सफर कर सकते हैं।

दिल्ली-बिहार व दिल्ली-पंजाब के बीच ट्रैफिक को देखते हुए रेलवे मुरादाबाद होकर लंबी दूरी की इन ट्रेनों की योजना बना रहा है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने कहा कि अभी मंडल स्तर पर कोई जानकारी नहीं मांगी गई है। बोर्ड का नोटिस आने पर रूट आदि के बारे में बताया जा सकेगा।

## सल्फास की गोली खाकर महिला ने दी जान

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर

पौथिया। सास व ननद से झगड़कर एक महिला ने घर में रखी सल्फास की गोली खा ली। परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। जलालपुर थानाक्षेत्र के धौहल गांव निवासी महिला आशना के पिता रामकरन ने पुलिस को दी तहरीर दी है। इसमें बताया कि करीब सात वर्ष पूर्व उसने बेटी आशना (25) की शादी ललपुरा थानाक्षेत्र के कलौलीजार निवासी मुलायम यादव से की थी। उसके एक बेटी (05) व डेढ़ वर्ष का बेटा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीती शाम करीब चार बजे उसकी बेटी ने फोन कर बताया कि पति, ससुर सुरेश, सास सुनीता, कैलाश व नीरज निवासी कुम्हऊपुर व ननद श्याम सुंदरी ने उसे मारा पीटा और सल्फास की गोली खिला दी है।

बताया कि वह व उसका भाई हरीशंकर गांव आए तो पता चला कि बेटी को जिला अस्पताल लेकर गए हैं। वहां इलाज के दौरान शाम करीब सात बजे बेटी की मौत हो गई है। पति ने बताया कि वह छह माह से दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। बृहस्पतिवार को ही वह वापस गांव आया था।

उसने बताया कि सास-बहू में थोड़ी कहासुनी हो गई थी, इससे नाराज होकर पत्नी ने सल्फास खा लिया था। आशना के बुआ के बेटे पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि बीती शाम बहन चचिया सास के घर से गोबर उठा रही थी। इस बात पर विवाद हुआ था। पूर्व में भी कई बार उसके साथ मारपीट हुई थी।

उपनिरीक्षक रणजीत बहादुर ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज, जनपद-अमेठी

पत्रांक: जर्जर विद्यालय नीलामी/2301-14 /2024-25 दिनांक: 17/10/2024

### नीलामी विज्ञप्ति

अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-15/68-5-2020 दिनांक 22 जनवरी, 2020 एवं पत्र संख्या-855/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक-03 सितम्बर, 2020 तथा शासनादेश संख्या-1497/68-5-2022 दिनांक 04.12.2022 एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी के कार्यालय पत्रांक-एस0एस0ए0/निर्माण/925/2024-25 दिनांक 16.08.2024 के अनुपालन में एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषदीय प्रा0वि0/उ0प्रा0वि0 विकास खण्ड गौरीगंज के जर्जर भवन/कक्षों की नीलामी/ध्वस्तीकरण की जानी है। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु अधोलिखित विवरण के अनुसार सम्बन्धित विद्यालय की नीलामी की निर्धारित तिथि व उनके सम्मुख अंकित धरोहर राशि को 02 दिन पूर्व ही विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा0वि0/उ0प्रा0वि0 के (नाम से) नाम 10 प्रतिशत धरोहर राशि की डी0डी0, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति को आवेदन पत्र के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौरीगंज में अनिवार्य रूप से जमा करें। धरोहर धनराशि जमा नहीं करने पर नीलामी की कार्यवाही में सम्बन्धित को शामिल नहीं किया जायेगा। नीलामी की समस्त कार्यवाही बी0आर0सी0 गौरीगंज पर सम्पन्न होगी जिसमें सम्बन्धित प्रतिभाग कर सकते है, किन्तु इसके पूर्व सम्बन्धित विद्यालयों/भवनों का एक बार स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाय। जर्जर भवन वाले विद्यालयों का विवरण निम्नवत है-

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | भवन का विवरण | न्यूनतम मूल्यांकन धनराशि (रू0) | निर्धारित धरोहर धनराशि (रू0) | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 पठानपुर-1 | मूल भवन | 55355.00 | 5536.00 | 04-11-2024 | 20-11-2024 | 02:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| 2 | प्रा0वि0 महिमापुर-1 | मूल भवन | 66393.00 | 6639.00 | | | |
| 3 | प्रा0वि0 धनापुर | मूल भवन | 65065.00 | 6507.00 | | | |
| 4 | प्रा0वि0 छिटेपुर-1 | मूल भवन | 63231.00 | 6323.00 | | | |
| 5 | प्रा0वि0 पूरे पल्टी | मूल भवन | 71380.00 | 7138.00 | | | |
| 6 | प्रा0वि0 विसूरा | मूल भवन | 75840.00 | 7584.00 | | | |

जर्जर भवन नीलामी/ध्वस्तीकरण वाले विद्यालयों की सरकारी बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी नीलामी के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को नीलामी की अवशेष 90 प्रतिशत धनराशि की डी0डी0 विद्यालय प्रबन्ध समिति सम्बन्धित विद्यालय के बैंक खाता में 03 दिवस में जमा करना होगा। नीलामी प्रक्रियापूर्ण होने के पश्चात उचित आदेश निर्गत होने के उपरान्त नीलामी प्राप्तकर्ता को एक सप्ताह के अन्दर मलवा हटाकर समतल करवाना होगा। अन्यथा कि स्थिति में सम्बन्धित की धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी और नीलामी प्रक्रिया स्वतः निरस्त हो जायेगी।

नोट- नीलामी आवेदन पत्र का प्रारूप, शपथ पत्र का प्रारूप एवं भवन नीलामी हेतु नियम व शर्तों की प्रति बी0आर0सी0 कार्यालय गौरीगंज से प्राप्त कर लें।

(अर्जुन सिंह)
खण्ड शिक्षा अधिकारी,
वि0ख0गौरीगंज जनपद-अमेठी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील राठ मे सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

जनएक्सप्रेस। हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन राठ तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान/स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं।

## वृद्ध की जेब से 10 हजार रुपये और लॉकेट पार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। जिला अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए लाइन में लगे वृद्ध के कुर्ते के जेब में पड़ी पर्स पार कर दी। उसमें 10 हजार रुपये और लॉकेट था। पुलिस ने जांच की।

## सचिव एम एस एम ई ने दिए मसालों की खेती बढ़ाने के निर्देश

**कन्नौज।** दो दिवसीय दौरे पर आये सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार एस0सी0एल0 दास ने इत्र उद्यमियों से मिलकर इत्र उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को कन्नौज के औद्योगिक परिदृश्य के विषय में अवगत कराया।

इस अवसर पर एफ0एफ0डी0सी0 सभागार में श्री दास ने प्रमुख उद्यमियों एवं औद्योगिक संगठनों के साथ आयोजित बैठक के दौरान कन्नौज के इत्र उद्योग को बढ़ावा देने एवं निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थित उद्यमियों द्वारा बेस आयल के रूप में सन्दल का विकल्प खोजे जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, साथ ही फूलों एवं विभिन्न प्रकार के मसालों की खेती को स्थानीय स्तर पर ही कराये जाने की बात कही गई।

## फर्जी वसीयत बना स्वामी बनने की चाहत को न्यायालय ने किया चकनाचूर

■ न्याय की आस...पीड़ित पक्ष ने उप जिलाधिकारी छिबरामऊ को प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय के आदेश का पालन कराने की लगाई गुहार

जनएक्सप्रेस | कन्नौज



**सिकंदरपुर।** दबंगों द्वारा फर्जी वसीयत बना स्वामित्व बनने की चाहत को एसडीएम और जिला न्यायालय कन्नौज ने खारिज करते हुए पीड़ित राजेंद्र देव दुबे और उनके भाईयों के परिवार के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन न्यायालय का फैसला न मानते हुए पीड़ित को विरासतन ननिहाल में मिली खेतिहर जमीन व मकान पर उनका कब्जा हटाकर दबंगो द्वारा जबरन कब्जा कर लेने पर अब पीड़ित और उनके भाईयों के परिवार ने उप जिलाधिकारी छिबरामऊ का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अभी तक पीड़ित को न्याय नहीं मिला हैं। वह लगातार गांव अकबरपुर से फर्रुखाबाद चक्कर लगा रहे हैं। वहीं राजेन्द्र देव दुबे पुत्र विश्वनाथ दुबे रेलवे रोड फर्रुखाबाद के निवासी हैं। प्रार्थी के मामा रामगोपाल पाण्डेय अकबरपुर के रहने वाले थे उनके पुत्र आदित्य कुमार पाण्डेय के मत्यु के बाद ग्राम अकबरपुर में कृषि योग्य जमीन व मकान बतौर वारिस राजेंद्र देव दुबे और उनके भाईयों के परिवार को प्राप्त हुई है। खेतिहर जमीन व मकान पर स्वामित्व को लेकर दीवानी न्यायालय छिबरामऊ वाद संख्या 236/10 चला व जिसमें न्यायालय द्वारा राजेंद्र देव दुबे और उनके भाईयों के परिवार के पक्ष में निर्णय किया गया था। इस निर्णय के विरुद्ध अवधेश कुमार पाण्डेय ने जिला न्यायालय कन्नौज में 92/2015 में अपील की थी परन्तु जिला न्यायालय ने भी उनकी वसीयत को संदेहयुक्त मानते हुए उनकी अपील को खारिज कर दिया। अब उनके अनुसार उक्त कृषि योग्य भूमि व मकान के स्वामी सिर्फ वह और उनके भाईयों का परिवार परिवार है। अवधेश कुमार पाण्डेय व उनके चाचा सुरेश पाण्डेय जबरदस्ती गुण्डई के दम पर राजेंद्र देव दुबे के उक्त मकान व जमीन पर कब्जा करना चाहते है। अतः उन्होंने अब उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए अवैध कब्जोदारों के विरुद्ध विधि कार्रवाई कर कब्जा दिलाने की मांग की है।

## भाई, चाचा व चचेरे भाई को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नौ साल पहले प्रेम प्रसंग में बेटी को जला कर शव गंगा नदी में फेंकने के दोषी पिता, मृतका के भाई, चाचा और चचेरे भाई को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 25-25 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। बारासगवर थानाक्षेत्र के पचासा गांव निवासी शिवशंकर ने 28 अगस्त 2015 को रिश्ते में साढ़ू लगने वाले चचेरे भाई रामप्रताप यादव उर्फ छेद्दू, उसके भाई रणवीर, पुत्र सिंधराज व भतीजे बिंदेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि रामप्रताप यादव की नाबालिग बेटी बीना को आरोपियों ने गायब कर दिया है। शिवशंकर ने बताया था कि उसके पड़ोस में रामप्रताप यादव रहते हैं। रामप्रताप की नाबालिग बेटी बीना, बारासगवर थानाक्षेत्र के तनगापुर स्थित स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी।

# देश में लगातार बढ़ रही विमानों में बम की धमकियां

## शनिवार को 30 फ्लाइट्स को मिली बम की सूचना, 6 दिन में 50 विमानों में बम की धमकियां, सरकार ने एयरलाइंस सीईओएस के साथ बैठक की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी शनिवार के दिन देखी गई है, जानकारी के मुताबिक सिर्फ शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों में बम की धमकी मिली है। फिलहाल नागरिक उड्डयन मंत्रालय एयरलाइनों को बम की झूठी धमकी देने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें ऐसा करने वालों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है।

### विस्तारा की पांच और इंडिगो की चार विमानों में धमकी

सूत्रों ने बताया कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत घरेलू एयरलाइनों की तरफ से संचालित 30 से अधिक उड़ानों को शनिवार सुबह से सोशल मीडिया के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें से कम से कम एक विमान के शौचालय में एक नोट मिला जिसमें लिखा था कि इस विमान में बम है। शनिवार को विस्तारा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उसकी पांच विमानों को सोशल मीडिया के माध्यम से सुरक्षा संबंधी धमकियां मिलीं, जबकि इंडिगो ने कहा कि उसकी कम से कम चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले हैं। बता दें कि विस्तारा की पांच विमानें यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके027 (मुंबई से फ्रैंकफर्ट), यूके107 (मुंबई से सिंगापुर), यूके121 (दिल्ली से बैंकॉक) और यूके131 (मुंबई से कोलंबो) हैं।

### स्टार एयरलाइंस की उड़ान संख्या 12 पर बम की धमकी

वहीं गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से आदमपुर के लिए उड़ान संख्या 12 पर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई से मेल के जरिए ये धमकी मिली है। इसकी सूचना शाम करीब चार बजे हिंडन सुरक्षा प्रभारी ने एसीपी शालीमार गार्डन को दी गई। इस धमकी की सूचना मिलते ही बीडीएस टीम, हिंडन एयरफोर्स सिक्योटी टीम एवं एसएसएफ ने फ्लाइट को सैनिटाइज कर जांच की है। हालांकि जांच में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है।

### कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

इधर कांग्रेस ने इस मामले पर ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है, कांग्रेस की तरफ से ट्वीट में लिखा गया- देश में विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां लगातार मिल रही हैं। पिछले 5 दिन में 70 विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। त्यौहारों का वक्त है। लोग अपने घरों तक पहुंचने के लिए फ्लाइट ले रहे हैं, लेकिन ऐसी धमकियों ने देश में डर का माहौल बना दिया है। पिछले कुछ महीनों से ऐसी धमकियों का सिलसिला जारी है। इससे पहले अस्पतालों और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। लोग अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं, लेकिन मोदी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही, जिससे धमकियों का सिलसिला रुक सके।



### किन-किन एयरलाइन को मिली हैं धमकियां?

सूत्रों के अनुसार, शनिवार को विस्तारा, एयर इंडिया और इंडिगो समेत कई भारतीय एयरलाइनों की 30 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और एलायंस एयर के विमानों को धमकियां मिली हैं। वहीं इस हफ्ते अब तक भारतीय एयरलाइनों की कम से कम 70 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है और उनमें से अधिकांश फर्जी साबित हुईं।

### एयरलाइन कंपनियों ने किया प्रोटोकॉल का पालन

विस्तारा एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया और अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के मार्गदर्शन के अनुसार सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। इसके अलावा, उदयपुर से मुंबई जाने वाली विस्तारा की फ्लाइट यूके 624 के बारे में सूचना थी और उतरने के बाद विमान को अनिवार्य जांच के लिए एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि विमान के शौचालय में एक नोट मिला था जिसमें कहा गया था कि विमान में बम है। इंडिगो ने खतरों के संबंध में कम से कम चार फ्लाइट्स के लिए बयान जारी किए। जिसमें 6ई17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई184 (जोधपुर से दिल्ली) और 6श्व108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) हैं। इस मामले में एयरलाइन ने कहा कि वह मुंबई और दिल्ली से इस्तांबुल की उड़ानों से जुड़ी स्थिति से अवगत है।

### धमकियों के बाद सभी विमानों की जांच की गई

जोधपुर से दिल्ली की उड़ान के बारे में, कंपनी ने कहा कि विमान राष्ट्रीय राजधानी में उतरा और सभी यात्री विमान से उतर गए हैं। हैदराबाद से चंडीगढ़ की उड़ान के बारे में, इंडिगो ने कहा कि उतरने पर, विमान को अलग कर दिया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार दिया गया। सूत्रों ने कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर हवाई अड्डे के अधिकारियों की तरफ से आइसोलेशन बे में विमान की पूरी तरह से जांच की जा रही थी।

# जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड के प्रस्ताव को एलजी की मंजूरी

## उमर दो दिन में पीएम मोदी से मिलेंगे, डिप्टी सीएम सुरिंदर कुमार चौधरी बोले, केंद्र वादा पूरा करे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव को उपराज्यपाल ने शनिवार को मंजूरी दे दी। गुरुवार को राज्य के दर्जे की बहाली के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने प्रस्ताव पास किया था। डिप्टी सीएम सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा, केंद्र को अपना वादा पूरा करना चाहिए और राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए, यह हमारा अधिकार है। हम वही मांग रहे हैं जो उन्होंने पहले ही वादा किया था। इस मांग को लेकर उमर अब्दुल्ला 2 दिन में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। दरअसल, केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के



साथ ही प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था। उमर ने विधानसभा चुनाव के दौरान भी कहा था कि कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूर किया जाएगा। 16 अक्टूबर को सीएम पद की शपथ लेने के बाद अगले दिन ही उन्होंने प्रस्ताव पास किया। कैबिनेट की मीटिंग में डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी, मंत्री सकीना मसूद इटू, जावेद अहमद राणा, जाविद अहमद डार और सतीश शर्मा भी मौजूद थे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने उमर कैबिनेट के फैसले को लेकर कहा कि यह हमारे लिए बड़ा झटका है। उमर सरकार ने स्टेटहुड बहाली का प्रस्ताव क्यों पारित किया। 370 की बहाली पर भी फैसला करना चाहिए था। पीडीपी के विधायक वहीद पर्रा ने शुक्रवार को कहा- उमर अब्दुल्ला का राज्य के दर्जे पर प्रस्ताव पारित करना 5 अगस्त, 2019 के केंद्र के फैसले का समर्थन करने से कम नहीं है। उमर ने 370 को बहाल करने के वादे पर ही वोट मांगे थे। प्रस्ताव को उपराज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। आगे का निर्णय केंद्र सरकार को करना है। पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए केंद्र सरकार ही जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव की प्रक्रिया कर सकती है।

# झारखंड चुनाव: बीजेपी ने 66 उम्मीदवार तय किए



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को चंदनकियारी सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं झारखंड के पूर्व सीएम और पूर्व जेएमएम नेता अब भाजपा में चंपई सोरेन को सरायकेला से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला सुरक्षित सीट से मौका दिया गया है। भाजपा ने पूर्व जेएमएम नेता अब भाजपा में लोबिन हेम्ब्रम को बोरियो विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। बोकारो विधानसभा सीट से बिरंची नारायण को उम्मीदवार बनाया गया है।

### लोकसभा चुनाव में हारे प्रत्याशियों को मौका

भाजपा की तरफ से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी और हार का सामना करने वाले कुछ चेहरों को भी विधानसभा में मौका दिया गया। इसमें सबसे पहला नाम गीता कोड़ा हैं जिन्हें लोकसभा चुनाव में सिंहभूम सीट से प्रत्याशी, अब उन्हें जगन्नाथपुर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार को घोषित किया है। वहीं इसमें दूसरा नाम सीता सोरेन का है, जिन्हें लोकसभा में दुमका सीट से मौका मिला था, अब वह जामताड़ा से विधानसभा उम्मीदवार हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में लोहरदगा सीट से और पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव को बिशुनपुर सुरक्षित सीट से विधानसभा में प्रत्याशी बनाया गया है।

### इन नेताओं के परिवार के सदस्यों को भी टिकट

भाजपा की तरफ से जारी सूची के अनुसार, झारखंड के पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन की बड़ी बहू और भाजपा नेता सीता सोरेन को पार्टी ने जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है। इस कड़ी में अगला नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा का है, जिन्हें पोटका सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सीएम और ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को जमशेदपुर पूर्व से टिकट मिला है। वहीं पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला सुरक्षित सीट से मौका दिया गया है।




# स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटा सकती है केंद्र सरकार



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जीवन बीमा प्रीमियम और सीनियर सिटीजन के स्वास्थ्य बीमा को लेकर बड़ा अपडेट आया है। केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी छूट दे सकती है। राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की शनिवार को बैठक हुई। जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया।

### बीमा पर जीएसटी हटाने पर सहमति

हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। फिलहाल पांच लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। इस समय टर्म पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लग रही है। बैठक में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि, जीओएम के सदस्य बीमा प्रीमियम पर दरों में कटौती के लिए व्यापक रूप से सहमत हैं। अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। बैठक में शामिल हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि, मंत्रिसमूह का हर सदस्य लोगों को राहत देना चाहता है। वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हम परिषद को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए भुगतान किए गए बीमा प्रीमियम पर कोई जीएसटी नहीं लग सकता है, भले ही कवरेज राशि कितनी भी हो।

### इस महीने के अंत तक रिपोर्ट सौंपेगी कमेटी

जीएसटी परिषद ने पिछले महीने अपनी बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित करने का निर्णय लिया था। सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं। मंत्री समूह को अक्टूबर के अंत तक परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था।

### 'आजादी के बाद रचा नया इतिहास'

**न्याय की देवी को मिली भारतीय पहचान**

अब आंखें बंद करके नहीं, आंखें खोलकर मिलेगा न्याय।
साड़ी के परिधान में, भारतीय स्वरूप में, न्याय की देवी का सादर वंदन-अभिनंदन है।
तलवार से नहीं,अब कलम से मिलेगा न्याय।
आंखें बंद करके नहीं, आंखें खोलकर मिलेगा न्याय।
मां भारती के स्वरूप में न्याय की देवी जिनके एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में संविधान की पुस्तक सुशोभित है। देश के न्याय को मिलेगी नई पहचान।
उम्मीद ही नहीं, मुझे पूरा विश्वास है कि,अब निर्दोष लोगों की पहचान खुली नजरों से होगी, और उन्हें सच्चा न्याय मिलेगा, वहीं दोषियों को सजा देना होगा आसान।
मुख्य न्यायाधीश आदरणीय, डीवाई चंद्रचूड़ जी के आदेश का स्वागत है।
हमारा सौभाग्य है कि हमारे ब्रज वासी भाई, आदरणीय, प्रोफेसर विनोद गोस्वामी जी और उनकी टीम को इस अनमोल कार्य को करने का अवसर एवं श्रेय मिला।
उनको प्रत्येक भारतीय की ओर से हार्दिक बधाई!
प्रकृति के साथ साथ मनुष्य के विचार भी परिवर्तनशील होते हैं।
हमें गर्व है अपने भारतीय होने पर।
**भारत प्रगति की ओर...**

**वरिष्ठ साहित्यकार**
**डॉ. अनीता चौधरी (मथुरा से)**



### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, ओडिशा में त्वमेव सर्वम फिल्म के लिए बिक्रम सिंह को मिला बेस्ट एक्टर का अवार्ड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भुबनेश्वर के जयदेव भवन 17 अक्टुबर को इंडियन फिल्म मेकर्स ऐसोसिएशन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ओड़िशा में आयोजित किया गया था। त्वमेव सर्वम फिल्म के लिए बिक्रम सिंह को असोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप कुमार एच.आर के हाथो सर्टिफिकेट, सम्मान पत्र और गुलदस्ता देकर बेस्ट एक्टर के अवार्ड से नवाज़ा गया। फिल्म में बिक्रम सिंह ने मध्य प्रदेश के कैलेक्टर जीवन एस रजक का किरदार निभाया है। यह फिल्म स्वर्गीय मूलचंद रजक के जीवन पर आधारित फिल्म है।

### गश्त से लौट रहे जवानों पर नक्सलियों ने किया हमला आईईडी ब्लास्ट में दो जवान बलिदान, दो घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छत्तीसगढ़। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के मोहंदी में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। इस ब्लास्ट में आईटीबीपी यानी इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवान बलिदान हो गए। अन्य दो की हालत सामान्य है। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए रायपुर एयर लिफ्ट किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के ओरछा, मोंडी एवं एरटभट्टी से तिब्बत सीमा सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल एवं जिला रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सली अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुए थे। बल के दो जवान अमर पनवार (36) महाराष्ट्र और के राजेश (36) आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं।

# विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस-झामुमो के बीच सीट बंटवारे पर भड़की आरजेडी, कहा, यह एकतरफा फैसला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस के बीच हुए सीट बंटवारे को लेकर आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) ने ऐतराज जताया है। पार्टी ने इंडिया गठबंधन की दो पार्टियों के बीच हुए सीट बंटवारे को एकतरफा फैसला बताया है। पार्टी ने यह भी कहा कि हमारे लिए सारे विकल्प खुले हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता और सांसद मनोज झा ने कहा कि सीट बंटवारे पर एकतरफा फैसला लिया गया। हमसे इस बारे में कोई सलाह नहीं ली गई। अलग-अलग जिलों में हमारी मौजूदगी बहुत मजबूत है, हम अपने गठबंधन के साथियों से आग्रह करेंगे कि वे उसी हिसाब से फैसला लें, हमारे प्रभारी यहां हैं, हमारे प्रदेश अध्यक्ष यहां हैं और कल से हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव खुद यहां हैं। सबके होने के बावजूद अगर आपने गठबंधन की प्रक्रिया में हमें शामिल नहीं किया, तो यह दुख की बात है।

### पिछली बार हम 7 सीटों पर लड़े थे चुनाव

आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा- हम आपके सामने एक खास वजह से आए हैं, हमारा पूरा नेतृत्व हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आग्रह पर यहां आया है। आज सुबह हमारी एक बैठक हुई थी और उस बैठक में यह तय हुआ कि वोटों की ताकत और जनाधार आरजेडी के पक्ष में है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# गौशाला में तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे बेजुबान गोवंश, अधिकारी मौन

- रुखा सुखा भूसा खिलाकर बेजुबान गोवंशो को मौत के मुंह में धकेल रहे जिम्मेदार
- पशुधन प्रसार अधिकारी ने खोल दी पोल स्थाई गौशाला में अव्यवस्थाओं का लगा अम्बर

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**





यमुनानगर के अन्तर्गत बारा तहसील क्षेत्र के जसरा विकास खण्ड के ग्राम सभा गीजे मे बनाया गया स्थाई गौशाला जहां पर बेजुबान गोवंशो को रूखा सूखा भूसा खिलाकर मौत के मुंह मे धकेला जा रहा है।योगी सरकार गौमाता की परवरिश के लिए लाखो-करोड़ों रुपए का बजट खर्च कर रही है।

वहीं जिम्मेदार इससे इतर हैं। किसानों को आवारा मवेशियों से छुटकारा दिलाने के लिए स्थाई गौवंश आश्रम स्थल का निर्माण कराया गया।लेकिन इन दिनो ग्राम पंचायत गीजे गांव मे बनी स्थाई गौशाला में बेजुबान गौवंशो का जीवन जेल से भी बत्तर हो गया है।

भ्रष्ट सिस्टम से गौशालाओं की स्थिति बदतर होती जा रही है। गौवंशो को रूखा सूखा भूखा खिलाकर तड़प-तड़प कर दम तोड़ने पर मजबूर कर रहे जिम्मेदार। बेजुबान मरणासन्न गोवशो को गौशाला में नोच-नोच कर कौवे खा रहे है लेकिन जिम्मेदारो की आंखें नहीं खुल रही है। जिसमे एक गोवंश मृत पड़ा दो मरणासन्न अवस्था में पड़े हुए थे। गोवंशो की जिंदगी और मौत से जूझ रही गोवंशो के जख्म पर मरहम लगाने की बजाय उन्हें मौत के मुंह में ढकेला जा रहा है। पशुधन प्रसार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की यहा केवल बेजुबान गोवंशो को सूखा भूसा भर खिलाया जाता है टीन सेट भी जीर्ण अवस्था में कभी भी बेजुबान गोवंशो के उपर भरभरा कर गिर सकता है जिससे इनकी मौत भी हो सकती है। पशुधन प्रसार अधिकारी द्वारा जिम्मेदारो को समय रहते ही सूचना भी दी गई लेकिन जिम्मेदार सुनने को तैयार नहीं है।

# गृहकर का भुगतान हुआ आसान, यू0 पी0 आई0 से करें गृहकर का भुगतान

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा नगर निगम प्रयागराज तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की एक नई और अत्याधुनिक सेवा का उद्घाटन किया गया। हम सभी जानते है कि आज का युग डिजिटल है।और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का व्यापक उपयोग हो रहा है। इस तेजी से बदलते युग मे बैंक ऑफ बड़ौदा ने प्रयागराज के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अत्याधुनिक सेवा की शुरुआत की है व्हाट्सएप आधारित कर संग्रहण सेवा।

महापौर द्वारा बताया गया कि यह अवसर हमारे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है क्योंकि नागरिकों को अपने गृह कर एवं जल कर इत्यादि की जानकारी और देय बिलों की याद दिलाने के लिए व्हाट्सएप और एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी एवं नागरिकों को समय पर घर बैठे अपने करों का भुगतान करने में मदद करेगी और उन्हें लंबी कतारों और अन्य परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। सिर्फ इतना ही नही बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन भी तैयार किया है जो घर-घर जाकर संपत्ति कर पानी कर और अन्य गैर-करो के संग्रहड़ मे मदद करेगा। यह सेवा नागरिकों को उनके दरवाजे पर ही सुविधा जनक रूप से कर जमा करने की सुविधा प्रदान करेगी।

इसके साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक और नवोन्मेषी कदम उठाया है एआई कैमरा टेक्नोलॉजी का उपयोग।यह कैमरा अवैध और अनधिकृत होर्डिंग्स की पहचान करेगा। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा होने की स्थिति का निरीक्षण करेगा और टूटी हुई स्ट्रीट लाइट्स की जानकारी देगा। यह तकनीक नगर को स्वच्छ सुन्दर और व्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसका इस्तेमाल आने वाले महाकुमभ मे भी किया जाएगा हम आशा करते हैं कि यह सेवाएं प्रयागराज के नागरिकों के लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध होगी। इस डिजिटल युग में यह कदम हमें प्रगति और सुगमता की दिशा में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। इस दौरान महापौर की अध्यक्षता में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी मुख्य वित एवं लेखाधिकारी बैंक ऑफ बडौदा के डिजीटल जनरल मैनेजर रचना मिश्रा ए0जी0एम0 बैंक ऑफ बड़ौदा चन्द्रकान्त चक्रवर्ती ई0वाई0 कन्सलटेन्ट प्रभात यादव तथा अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रेम के बिना रामराज्य सम्भव नही: डॉ. राम गोपाल तिवारी

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



यमुनानगर के अन्तर्गत में मेजा विधान सभा क्षेत्र के मेजा विकास खण्ड के ग्राम सभा पाती में चल रहे विराट मानस सत्संग के पांचवें दिन मानस रत्न रामगोपाल तिवारी ने कहा कि प्रेम के बिना राम राज्य सम्भव नहीं।और बताया अयोध्या में दशरथ पुरुषार्थ के रूप में तथा गुरु वशिष्ठ अनहोनी को भी अनुकूल कर सकने वाले राम जी तो स्वयं ही सर्व समर्थ पूर्ण परमात्मा और लक्ष्मण तो राम चन्द्र के ऐसे अनन्य निष्ठावान की प्रभु श्री राम की प्रतिष्ठा एवं अनिष्ट की आशंका को प्रतिक्रिया में भगवान परशुराम ज्ञानी बिदेहराज महाराज जनक पिता दशरथ एवं रामचन्द्र के प्राण प्यारे भाई भरत इन सब को ललकारने में रंच मात्र का संकोच नहीं किया।परन्तु इन सब के रहते हुए भी रामराज की दशरथ की परिकल्पना साकार क्यों नहीं हुई।जब तक प्रेम मूर्ति भरत और त्याग रूप शत्रुघ्न नहीं होगे तब तक राम राज्य नहीं होगा।अतः निह स्वार्थ प्रेम और त्याग रामराज का आधार है।कथा सुनने के लिए लोगो की लगी भीड।

# रामलीला के मंच पर हुआ सीता स्वयंवर, ग्रामवासी बने श्रीराम के बाराती

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**





यमुनानगर के अन्तर्गत विकास खण्ड कोरांव के ग्राम सभा गाढा में रामलीला के पांचवें दिन सीता स्वयंवर व राम विवाह उत्सव के दृश्य का मंचन किया गया।इस मंचन में शरीक हुए बालकृष्ण सोनी सीता राम सिंह मास्टर भाष्कर प्रताप सिंह मनोज कुमार रजभट्ट ने श्रीराम की बारात का अहम हिस्सा बने।खचाखच भरे इस पंडाल में जय श्री राम के जयकारे लगाए गए।देर रात्रि आयोजित दृश्य में दिखाया गया कि भगवान राम स्वयंवर में जैसे ही प्रवेश करते हैं सब उनके मनमोहक रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं।स्वयंवर में महाराजा जनक घोषणा करते हुए कहते हैं कि जो भी राजा धनुष का खंडन करेगा उस राजा से अपनी पुत्री सीता का विवाह करेगे।राजा जनक की घोषणा को सुनकर संसार के विभिन्न राज्यों से आए राजाओं ने एक एक करके धनुष को खंडन करने का प्रयास किया लेकिन सभी राजा विफल रहे।धनुष का खंडन तो दूर कोई भी राजा धनुष को हिला तक नहीं पाए।यह सब देखकर महाराजा जनक भरी सभा में बिलाप करते हैं कि विश्व में कोई भी वीर नहीं बचा जो इस धनुष का खंडन करेगा।उनकी बात को सुनकर भगवान राम के साथ उनके भाई लक्ष्मण क्रोधित होते है।लक्ष्मण को क्रोधित होता देख भगवान राम ने उनको शांत किया।यह सब देखकर मुनि विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को आदेश दिया कि वह धनुष का खंडन करे।भगवान श्री राम गुरु का आदेश का पालन करते हुए धनुष को तिनके के समान उठा कर उसका खंडन कर देते है।

भगवान श्री राम के द्वारा धनुष का खंडन करते ही देवताओं के द्वारा पुष्प वर्षा के साथ अभिनन्दन किया जाता है।धनुष तोड़ने के बाद सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। सभी देवी देवताओं ने पुष्प वर्षा कर दोनों को आशीर्वाद दिया। रामलीला मंचन में राम विवाह का उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर रामलीला कमेटी गाढ़ा के अध्यक्ष इन्द्र भान सिंह व उपाध्यक्ष नित्यानन्द सिहं ने कहा कि समय बदला लेकिन कथा का आयोजन आज भी वैसे ही होता है।इस मौके पर रामलीला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सुर्य लाल विश्वकर्मा व प्रेमशंकर सिंह ने बताया कि भगवान राम और माता सीता का सम्पूर्ण जीवन मानव को जीवन को सही ढंग से जीने की कला से अवगत करवाता है।इस दौरान रामलीला कमेटी के महन्थ सीता राम सिंह ब्यास पवन कुमार पाण्डेय के मधूर वचनों से उल्लेख किया गया वहीं उपस्थित कलाकार कमलाशंकर सिंह उर्फ (बबोल)लाल जी सिहं राधिका प्रसाद सिंह सुशील कुमार सिंह गुलाब सिंह आदि रामलीला कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ अनिल सिंह उर्फ मुन्ना फूलचन्द्र विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# फौजी बेटे ने पिता को गोली मार कर उतारा मौत के घाट

- नजदीक किसी को भी आने पर गोली मारने की धमकी देकर भागा फौजी

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



लोधाक्षेत्र के गांव ल्होसरा में शनिवार दोपहर में रिटायर्ड फौजी किशन पाल का अपनी पत्नी प्रीती से किसी बात पर झगड़ा हो गया ज्यादा झगड़ा होने पर पत्नी अपने देवर नरसिंह के घर पहुंच गई वहां भी फौजी उसके पीछे-पीछे पहुंच गया विवाद बढते देखकर किसी ने फौजी के सर में चोट मार दी तब फौजी गेट के बाहर आ गया तभी अचानक फौजी के पिता बनी सिंह (70) गेट में से झांक कर यह देख रहे थे कि बेटा गया या नहीं गया तभी बेटे ने पिता के ऊपर लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और आरोपी बेटा सभी को धमकी देते हुए कह रहा था कि कोई पास में आया तो गोली मार दूंगा यह कहते हुए बंदूक लेकर वहां से भाग गया और परिवरीजन घायल वृद्ध को लेकर जिला अस्पताल ले गए जहां वृद्ध की मृत्यु हो गई इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की और आरोपी फौजी की तलाश में जुटी। मृतक के परिवार में दो बेटे एवं एक बेटी विवाहित थे जिसमें छोटे बेटे की मृत्यु पहले ही हो चुकी है वृद्ध की मौत से परिवार में हाहाकार मच गया।

## चंबल नदी के किनारे दो दिन से दलदल में फंसी तड़प रही थी गाय

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

पिनाहट में स्थित चंबल नदी कुछ दिन पहले अपने उफान पर थी इसके बाद इसका जल स्तर कम हो गया जल स्तर कम होने के बाद इसके किनारे दलदल हो गया। जिसमें कोई आवारा गाय बुरी तरह से दलदल में फस गई वह बिल्कुल भी हिल डुल नहीं पा रही थी ।दो दिन बाद इसकी सूचना गौरक्षकों के पास पहुंची। गौरक्षकों ने मौके पर जाकर इसका रेस्क्यू किया और गाय को सुरक्षित बाहर निकाला व गाय के लिए चारा और पानी की व्यवस्था की। गौरक्षकों की टीम में भूरा चौहान, इंद्रेश तोमर, कौशल तोमर, विवेक सिकरवार, कान्हा यादव, कान्हा सिकरवार, अमन परिहार, राहुल तिवारी, विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# लेखपालों ने विजलेंस टीम के विरुद्ध सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

लेखपालों ने तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रमुख सचिव गृह के नाम उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह को सौंपा गया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी हैं। जिसका सीधा संबंध जनता से होता है। भूमि संबंधित अतिक्रमण मामलो में दो पक्षों के विवाद होते हैं। जिसमें एक पक्ष असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। लेखपाल को राजनीति में घसीटने का भी प्रयास किया जाता है। इस प्रकार विधि विरुद्ध कार्य कराने में असफल एवं विविध कारणों से असंतुष्ट व्यक्ति लेखपालों के विरुद्ध साजिश करके एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। एंटी करप्शन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किये बगैर शिकायत कर्ता को उकसाकर स्वयं बोल बोल कर शिकायती प्रार्थना पत्र लिखवाया जाता है। और प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फंसाने का विधिक प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है। अधिकांश प्रकरणों में शिकायत पत्र में उल्लेखित कार्य लेखपाल से संबंधित होते ही नहीं। और न ही लेखपाल द्वारा रिश्वत की कोई मांग नहीं की होती है। लेखपाल को सामने मिलने पर शिकायत कर्ता द्वारा जबरन उसकी जेब, हाथ, वाहन एवं कक्ष में पैसा रख दिया जाता है टीम द्वारा जबरजस्ती पकड़कर लेखपाल के हाथ पकड़कर पानी के गिलास में धुलवाया जाता है। फिर भी एक दलाल एवं साजिशकर्ता को पैसा पकड़ाकर उसका सम्बन्ध लेखपाल से बताते हुए जबरन लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पैर फिसलने से उटंगन नदी में डूबा युवक, खेत से चारा लेकर लौट रहा था

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत पिढौरा निवासी सुमित परिहार पुत्र बबले परिहार उम्र करीब 17 वर्ष शनिवार सुबह करीब 8 बजे अपने चाचा प्रेम सुख के साथ उटंगन नदी के उस पार खेतों से चारा लेकर अपने घर बापस लौट रहा था। तभी चाचा भतीजे हर रोज की तरह उटांगन नदी को पैदल ही पार करने लगे, तभी अचानक सुमित का पैर नदी के बीचो बीच आकर फिसल गया। जिससे सिर पर बोझा रखे सुमित नदी मे गिर गया। प्रेम सुख के अनुसार सुमित को पकड़ने के लिए उसने हाथ बढ़ाया लेकिन सुमित की उंगलियों का आगे का हिस्सा उसके हाथ को छूता हुआ निकल गया। जिसके बाद पानी मे सिर्फ सुमित के सिर पर रखा हुआ चारे का का गट्ठर ही पानी मे तैरता दिखाई दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष पिढोंरा हरीश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

# नेहा सिंह ने यूजीसी नेट परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



यमुनानगर के अन्तर्गत मेजा तहसील क्षेत्र के बगहा गांव निवासी छात्रा नेहा सिंह पुत्री स्व. सुधाकर सिंह ने भी यूजीसी नेट परीक्षा पास कर प्रयागराज जनपद का नाम रोशन किया।छात्रा नेहा सिंह के चाचा पत्रकार दिवाकर सिंह ने बताया कि छात्रा बचपन से ही पढ़ने में कुशाग्र बुद्धि की थी।वह बचपन से ही प्राथमिक शिक्षा से ही मेहनत एवं लगन से पढ़ाई में रूचि रखती रही है। मेहनत एवं पढ़ाई में रूचि रखते हुए नेहा सिंह ने यह सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि बिटिया मन लगाकर पढ़ाई करती थी। उसकी सफलता से परिवार में खुशी है। खास बात यह है कि छात्रा नेहा सिंह ने कभी भी किसी प्रकार की न तो कोचिंग और न तो किसी महंगे विद्यालय में ही शिक्षा ग्रहण की बल्कि व्यक्तिगत से लगन लगाकर स्वयं में तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया है।बता दे नेहा सिंह ने अन्य बच्चों की तरह बहुत ही हाई प्रोफाइल विद्यालय को नहीं बल्कि उस विद्यालय का चयन करती रही जहाँ पर शिक्षा का गुणवत्ता ठीक है। जिसका नतीजा यह हुआ कि अपने साथ पढ़ने वाले तमाम बच्चों को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल कर जहाँ अपने परिजनों समेत गाँव ही नहीं अपितु सम्पूर्ण मेजा क्षेत्र का नाम रोशन किया।वहीं परिजनों समेत गाँव, क्षेत्र के शुभ चिन्तकों समेत क्षेत्रीय संभ्रांतों ने भी नेहा सिंह को बधाई एवं आशिर्वाद दे रहे है।घर परिवार एवं रिश्तेदारों के यहाँ खुशनुमा माहौल बना है और मिठाइयाँ बाँट कर लोगो ने खुशियाँ मना रहे हैं।

# दूसरे दिन लगातार जारी रही रोजगार भारती द्वारा मेंहदी स्पेशल स्टॉल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



हरिगढ़ महानगर में करवा चौथ मेहंदी स्टॉल का आयोजन आज दूसरे दिन भी लगातार चला। रोजगार भारती हरिगढ़ महानगर (हरिगढ़ विभाग) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दूसरे दिन भी महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने पति के लिए प्रेम और समर्पण का प्रतीक बनाया।

स्वर्ण जयंती नगर एडीए मंदिर पर लगाए गए मेहंदी कैंप में। सावरकर नगर कार्यवाह शैलेश, प्रियंका हरकुट, नीलम वार्ष्णेय, दीप प्रज्वलन डॉक्टर आरती वार्ष्णेय के के हॉस्पिटल द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित ललित, रणधीर, शोभा उपाध्याय, आदि ने मेहंदी लगाने में सहयोग किया। जिला संयोजक गौरव हरकुट ने करवा चौथ का महत्व समझाया और बताया कि यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण का प्रतीक है।

निशा शर्मा ने कहा, करवा चौथ महिलाओं के लिए खास होता है, यह हमारे पति के लिए हमारे प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस आयोजन में जिला संयोजक गौरव हरकुट, सहसंयोजक अखंड प्रताप सिंह और रविंद्र चौधरी, सह संयोजक असीम स्वदेशी और अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। यह आयोजन महिलाओं के लिए एक खास अवसर था, जहां उन्होंने करवा चौथ के अवसर पर मेहंदी लगवाई।

रोजगार भारती हरिगढ़ महानगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## पति ने पत्नी की गला दबाकर कर दी हत्या

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना रोरावर क्षेत्र के आसिफबाग, नीबरी निवासी इरफान ने शुक्रवार रात्रि में अपनी पत्नी राबिया (28) की दुपट्टा से गला दबाकर हत्या कर दी और फिर पुलिस को खुद ही फोन करके बताया कि साहव मैंने पत्नी की हत्या कर दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारे पति को हिरासत में लिया है। हत्या की सूचना पुलिस ने महिला के मायके वालों को दी मायके वाले मौके पर पहुंचे बताया गया कि मृतिका राबिया के नाम दो प्लाट थे जिन्हें उसका पति इरफान बेचने का दवाब बनाता था जिस कारण घर में आये दिन कलह होती थी इसी कलह में पत्नी की हत्या कर दी मायके वालों का आरोप है कि तीन लोगों ने महिला की हत्या की है मगर पुलिस ने मनमर्जी तहरीर लिखवाई है।

# करवा चौथ की पूर्व संध्या पर सुहागिनों ने लगवाई मेंहदी

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



करवाचौथ की पूर्व संध्या पर सुहागिनों ने अपनी हिंदू बहनों से अपने घरों में मेंहदी लगवाई।

इस अवसर पर गोपीमिल कंपाउंड निवासी दीपिका वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया कि करवाचौथ पर प्रत्येक हिन्दू महिला 16 श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना लिए व्रत रखती है। 16 श्रृंगार बिना मेंहदी के पूर्ण नहीं माना जाता अतः करवाचौथ की पूर्व संध्या पर सुहागिनें सुंदर सुंदर मेंहदी लगवाती हैं। सनातनी हिंदू महिलाएं अपना हिंदू त्यौहार अपनी सनातनी हिंदू बहन बेटियों के साथ मनाएं इसलिए एक अभियान चल रहा है। इसके लिए जगह जगह पर कैंप भी लगाए गए हमने भी इस अभियान को देखते हुए हिंदू बच्चियों से ही घर घर मेंहदी लगवाई हैं।

इस वर्ष मुस्लिम गुलामी की प्रतीक अरेबियन और मुगलई मेंहदी की जगह राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी और अपनी बृज क्षेत्र की मेंहदी लगवाई है।

इस अभियान में घर घर हिंदू बच्चियों से मेंहदी लगवाने में उमा वार्ष्णेय, सरिता वार्ष्णेय, ममता गुप्ता, वंदना वार्ष्णेय, दीपिका वार्ष्णेय, अंजना वार्ष्णेय, टीना गुप्ता, जूली गुप्ता, प्रशंसा वार्ष्णेय, शुभांगी वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय आदि ने सहयोग किया।

मेंहदी लगाने में ज्योति शर्मा, कशिश शर्मा, सिमरन आदि का सहयोग रहा।

## दूल्हा बने श्री राम, स्वागत करने को उमड़े श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

स्वयंवर मे सीता के नाथ बनने की पात्रता पाने वाले अयोध्यानाथ भगवान राम की बरात शनिवार देर शाम यहां नगर में नयनाभिराम और लकदल झांकियों के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम राम की बारात जब निकाली गई तो बाराती बने नगर वासियों के चेहरे गर्व से प्रफुल्लित थे। क्योंकि दूल्हा बने श्री राम को दर्शन पाकर हर कोई स्वयं को धन्य मान रहा था। बरात में कस्वा के ही नहीं आसपास के लोग शामिल हुए। बराती बैंडों की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की शाही बारात भारी सजधज एवं बैंड बाजों के साथ निकाली गई। शाही बरात का उद्घाटन कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ संजय नागर ने भगवान श्री राम की प्रथम आरती उतारकर किया।